CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH17 User: cci Time: 12-31-2025 21:21 Color:

नई दिल्ली > गुरुवार, 1 जनवरी 2026 > पौष 11 शक संवत 1947 पौष शुक्ल त्रयोदशी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 1 > पेज 22 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

www.nbt.in

हैपी न्यू ईयर

# NBT नवभारत टाइम्स

2026

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।




# राइड शेयरिंग फिर होगी शुरू

## पर्यावरण मंत्री सिरसा ने सभी टैक्सी एग्रीगेटर्स के साथ की मीटिंग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



एक महीने के अंदर राइड शेयरिंग सुविधा पूरी तरह लागू करने के निर्देश दिए

ओला, उबर, रैपिडो सहित प्रमुख टैक्सी और मोबिलिटी एग्रीगेटर्स फिर से राजधानी में राइड शेयरिंग शुरू करेंगे। साथ ही कार पूलिंग की रूपरेखा भी तैयार होगी। इसे लेकर बुधवार को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सभी मोबिलिटी एग्रीगेटर्स और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की।

कारपूलिंग की रूपरेखा तैयार होगी, परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

सिरसा ने कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए चार प्रमुख क्षेत्रों गाड़ियों, उद्योगों, धूल और कचरा मैनेजमेंट पर एक साथ काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में बैठक में राइड शेयरिंग पर चर्चा हुई। उन्होंने सभी एग्रीगेटर्स से कहा कि दिल्ली में राइड शेयरिंग सेवाएं जल्द फिर शुरू की जाएं। इससे सड़कों पर गाड़ियों की संख्या कम होगी। एग्रीगेटर्स ने बताया कि कुछ तकनीकी और संचालन से जुड़ी तैयारियां बाकी हैं। मंत्री ने परिवहन विभाग को एक महीने के अंदर राइड शेयरिंग सुविधा पूरी तरह लागू करने के निर्देश दिए हैं।

इसके बाद मीटिंग में कार पूलिंग के मुद्दे पर चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि खासतौर पर ऑफिस टाइम में कार पूलिंग से ट्रैफिक और प्रदूषण दोनों में बड़ी कमी आ सकती है। बैठक में इस पर भी चर्चा हुई कि कारपूलिंग एक नॉन-कमर्शियल, सस्ता सफर का विकल्प होगा। एग्रीगेटर्स को सुझाव दिए गए कि वे अपने ऐप में कार पूलिंग का फीचर विकसित करें या अलग कार पूलिंग प्लैटफॉर्म पर काम शुरू करें। परिवहन विभाग को कार पूलिंग से जुड़े नियमों की जांच कर इसे बढ़ावा देने के लिए जरूरी सुझाव जल्द देने को कहा गया।

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के बारे में जानकारी देते हुए पर्यावरण मंत्री ने बताया कि निजी रजिस्ट्रेशन वाली इलेक्ट्रिक गाड़ियां बिना कमर्शियल फीस, परमिट या अतिरिक्त लाइसेंस शर्तों के एग्रीगेटर प्लैटफॉर्म से जोड़ी जा सकें। परिवहन विभाग को निर्देश दिए गए कि वह कानूनी, सुरक्षा और बीमा से जुड़े पहलुओं की जांच कर ऐसा ढांचा तैयार करे जिससे कि निजी EV मालिक भी सुरक्षित तरीके से इसमें शामिल हो सकें। साथ ही मंत्री ने एग्रीगेटर्स से बस और शटल सेवाओं का विस्तार करने की भी अपील की।

**NBT Lens** — समझिए खबरों के अंदर की बात

**राइड शेयरिंग को कैसे मिले बढ़ावा?**

कार पूलिंग और राइड शेयरिंग को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार सभी प्रमुख एग्रीगेटर्स से बातचीत कर रही है। फोकस इस बात पर है कि ऑफिस आने-जाने वाले लोग निजी गाड़ियों के बजाय कार पूलिंग और राइड शेयरिंग को अपनाएं। हालांकि, इसमें सबसे बड़ी दिक्कत भरोसेमंद प्लैटफॉर्म के अभाव और यात्रियों की सुरक्षा की चिंताओं से जुड़ी है। इसके अलावा टाइमिंग का भी एक इश्यू है। यही वजह है कि अब सरकार खुद इसको लेकर पहल कर रही।

# जितनी छंटाई हुई, उसका 56.5% नया कचरा फिर जमा

Sudama.Yadav@timesofindia.com




■ नई दिल्ली: तीन साल में एमसीडी ने भलस्वा, गाजीपुर और ओखला लैंडफिल साइटों पर जितने कूड़े की छंटाई की है, उसका 56.5 प्रतिशत फ्रेश कूड़ा इकट्ठा हो गया है। फ्रेश कूड़ा ही इन तीनों पहाड़ को खत्म करने में सिरदर्द बना हुआ है। तीन महीनों में तीनों लैंडफिल साइटों पर कितना कूड़ा कम हुआ और कार्यों की समीक्षा के लिए केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने एमसीडी और दिल्ली सरकार अर्बन डिवेलपमेंट विभाग अफसरों की एक जनवरी को मीटिंग बुलाई है।

एक जनवरी को मंत्री ने कूड़े की स्थिति को लेकर बुलाई मीटिंग

एमसीडी ने जुलाई, 2022 से लेकर 30 दिसंबर तक 163.47 लाख मीट्रिक टन कूड़े की छंटाई की रिपोर्ट तैयार की है। जबकि इस दौरान 95.52 लाख मीट्रिक टन फ्रेश कूड़ा भी आया है।

एक महीने में 4.28 लाख टन फ्रेश कूड़े में बढ़ोतरी: रिपोर्ट में कहा गया है कि तीनों लैंडफिल साइटों पर एक महीने के दौरान 4.28 लाख टन फ्रेश कूड़ा इकट्ठा हुआ है। नवंबर तक तीनों लैंडफिल साइटों पर फ्रेश कूड़े की मात्रा 88.24 लाख टन थी, जो बढ़कर 92.52 लाख टन हो गई है। तीनों लैंडफिल साइटों पर एक महीने के दौरान 15.32 लाख टन कूड़े की छंटाई हुई है। नवंबर तक तीनों साइटों पर कुल 148.15 लाख टन कूड़े की छंटाई हुई थी, जो अब 163.47 लाख टन हो चुकी है। दिल्ली सरकार के अर्बन डिपार्टमेंट अफसरों का कहना है कि फ्रेश कूड़ा और बैकलॉग कूड़ा दिल्ली से कूड़े के पहाड़ को तय डेडलाइन पर खत्म करने में अड़चन है। दिल्ली में रोजाना करीब 11,500 टन कूड़ा जनरेट होने की रिपोर्ट एमसीडी ने दी है, जिसमें से 65.6 प्रतिशत कूड़ा ही प्रोसेस हो पाता है। 34.4 प्रतिशत कूड़ा बैकलॉग में रखना पड़ता है। जुलाई, 2022 से 30 दिसंबर एमसीडी ने तीनों साइटों पर कुल 163.47 लाख मीट्रिक टन कूड़े की छंटाई की है।

# बढ़ती बिजली मांग को लेकर सरकार ने तैयार किया बड़ा रोडमैप




■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली की बढ़ती बिजली जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने का व्यापक रोडमैप तैयार किया है। अगले तीन वर्षों में बिजली क्षेत्र में करीब 17,000 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई गई है, ताकि भविष्य की जरूरत और मांग के अनुसार बिजली की आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि राजधानी को विकसित, आत्मनिर्भर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सुदृढ़, विश्वसनीय और भविष्य के अनुरूप बिजली मैनेजमेंट बहुत जरूरी है। उन्होंने साफ किया कि सरकार ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन को मजबूत करने के लिए ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है, ताकि जनता को निर्बाध बिजली मिलती रहे।

दरअसल हाल ही में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बिजली व्यवस्था को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गई थी। बैठक में बिजली मंत्री आशीष सूद, बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (DTL) और राजधानी की सभी डिस्कॉम के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इसमें मौजूदा कामों और वर्ष 2029 तक की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि अगले तीन वर्षों में बिजली क्षेत्र में करीब 17,000 करोड़ रुपये व्यय किया जाएगा। योजना के तहत DTL और डिस्कॉम ट्रांसमिशन लाइनों, ग्रिड सब-स्टेशनों और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को सशक्त करेंगी।

समीक्षा बैठक में यह भी बताया गया कि दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग लगातार बढ़ रही है। 2025 में राजधानी की पीक बिजली मांग लगभग 8,400 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। औसतन हर साल बिजली मांग में 4 से 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिसका कारण बढ़ती आबादी, एयर कंडिशनर और अन्य विद्युत उपकरणों का बढ़ता उपयोग और इलेक्ट्रिक गाड़ियों को अपनाया जाना है।

बैठक में मुफ्त बिजली योजना पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा को दिल्ली के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य का अहम आधार बताया और इस योजना को अधिक आकर्षक और नागरिकों के अनुकूल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही सौर ऊर्जा के लाभों को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने DTL और डिस्कॉम को निर्देश दिए कि अंतिम छोर तक बिजली आपूर्ति को और बेहतर बनाया जाए।

> सरकार ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन को मजबूत करने के लिए ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है, ताकि जनता को निर्बाध बिजली मिलती रहे।
> –रेखा गुप्ता

**12,000 मेगावाट तक पहुंच सकती है मांग**

यदि मौजूदा रुझान जारी रहे तो वर्ष 2030 तक दिल्ली की पीक बिजली मांग 11,500 से 12,000 मेगावाट तक पहुंच सकती है, जबकि 2040 तक इसके 19,000 से 20,000 मेगावाट तक जाने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस बढ़ती मांग को चुनौती नहीं बल्कि अवसर मानते हुए बिजली तंत्र को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप ढाल रही है, ताकि वर्ष 2029 तक भी बिजली आपूर्ति पर कोई दबाव न पड़े।

# पिछला साल तैयारी का, 2026 में समस्याओं का समाधान: CM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



साल 2025 के विदा होने और 2026 के आगमन पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 2025 उनके लिए नई जिम्मेदारियों, नए चैलेंज और काम करने के बड़े अवसरों का वर्ष रहा। रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में कई पुरानी और जिनेरी समस्याएं हैं, जिनका समाधान 2026 में किया जाएगा। उनके मुताबिक 2025 तैयारी का साल था और 2026 में इन सभी कामों को उनके मुकाम तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान कुछ लोगों ने AQI जैसे मुद्दे में उलझाने की कोशिश की, लेकिन सरकार ने ऐसे कई काम किए जिनका दिल्ली लंबे समय से इंतजार कर रही थी।

नए साल पर CM ने दिल्ली की जनता को शुभकामनाओं के साथ दिया संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में नया एजुकेशन बिल लाया गया, जिससे पैरेंट्स को मोटी फीस देने की जरूरत न पड़े। आयुष्मान योजना के तहत दिल्लीवासियों के लिए 10 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त किया गया। अटल कैंटीन के जरिए 5 रुपये में भरपेट भोजन की व्यवस्था की गई। दिल्ली की जनता के नाम अपने संदेश में उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए कई योजनाओं को मंजूरी दी गई और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के लिए काम किए गए। पर्यावरण के मोर्चे पर एंड टू एंड कारपेटिंग सड़कों का काम शुरू हुआ, बेहतर सफाई के लिए नई मशीनरी लाई गई, अलाव और खुले में आग जलाने पर रोक लगाई गई और पर्यावरण के हित में कई पहल की गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी काम केवल शुरुआत हैं, आगे अभी बहुत कुछ किया जाना है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में पहला बायोगैस प्लांट शुरू किया गया है और अब कई और बायोगैस प्लांट बनाने हैं। ई-वेस्ट के लिए प्लांट की जरूरत को देखते हुए उसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

# बढ़ते कोहरे के बीच पशु विभाग हुआ अलर्ट

## सड़कों से आवारा जानवरों को हटाने के लिए करेगा पेट्रोलिंग, बनाई गई टीमें

3 मिनट में पढ़ें — NBT

Rajesh.Saroha @timesofindia.com




सड़कों से आवारा जानवरों को हटाने के लिए नोटिस बोर्ड भी लगाए गए हैं

NBT एक्सक्लूसिव

■ नई दिल्ली: दिल्ली में बढ़ते कोहरे को ध्यान में रखते हुए MCD का पशु विभाग दिल्ली की सड़कों से आवारा जानवरों को हटाने के लिए पहली बार पेट्रोलिंग शुरू करने जा रहा है। नए साल से दिल्ली की अलग अलग सड़कों पर पेट्रोलिंग शुरू करने के लिए दो टीमों का गठन भी कर दिया गया है। इतना ही नहीं आवारा जानवरों के सड़क पर आने की वजह से होने वाले सड़क हादसों को टालने के लिए जगह-जगह इससे संबंधित बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। बोर्डों पर MCD का हेल्पलाइन नंबर भी लिखा गया है। किसी भी मुख्य सड़क या हाइवे पर आवारा जानवर दिखाई देता है तो MCD के हेल्पलाइन नंबर-155305 पर कॉल करके इसकी सूचना दी जा सकती है।

दिल्ली में आवारा जानवरों की समस्या दिनोंदिन गंभीर होती जा रही है। अक्सर देखा गया है कि आवारा जानवर मुख्य सड़कों पर जमघट लगाए रहते हैं। इस वजह से ट्रैफिक तो बाधित होता ही है साथ ही कोहरे के कारण हादसा होने का खतरा भी बना रहता है। कोहरा बढ़ने की वजह से यह खतरा और बढ़ गया है। इसी को देखते हुए MCD ने दिल्ली की मुख्य सड़कों पर पेट्रोलिंग करने की योजना बनाई है। इस योजना के तहत दो टीमें बनाई गई हैं। पहली टीम दोपहर दो बजे से रात 10 बजे तक पेट्रोलिंग करेगी। पेट्रोलिंग टीम में आवारा जानवरों को पकड़ने वाले पांच लोगों के अलावा एक ड्राइवर और एक सुपरवाइजर भी साथ रहेगा।

जैसे ही पहली टीम की ड्यूटी खत्म होगी उसी गाड़ी पर ड्राइवर सहित दूसरी टीम पेट्रोलिंग की कमान संभाल लेगी। MCD के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि मुख्य तौर पर इसमें PWD और नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) के हाइवे को शामिल किया गया है। नए साल पर जिन मुख्य सड़कों पर पेट्रोलिंग शुरू की जाएगी उसमें आउटर रिंग रोड, रोहतक रोड, मेरठ एक्सप्रेस हाइवे, धौला कुआं से गुड़गांव जाने वाला हाइवे, द्वारका एक्सप्रेस-वे, दिल्ली जयपुर हाइवे और जीटी रोड को शामिल किया गया है। इन सभी मुख्य सड़कों पर जगह-जगह सड़कों से आवारा जानवरों को हटाने के लिए नोटिस बोर्ड भी लगाए गए हैं। नोटिस बोर्ड पर MCD का हेल्पलाइन नंबर भी लिखा हुआ है। सड़कों से जिन जानवरों को पकड़ा जाएगा उन्हें रखने की व्यवस्था कहां की गई है? अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए जानवरों को तिमारपुर स्थित कैटल पॉन्ड में रखा जाएगा। सुबह में इन्हें वहां से गौशाला शिफ्ट कर दिया जाएगा।

■ अलग-अलग सड़कों पर पेट्रोलिंग के लिए MCD ने बनाई दो टीम

**155305** हेल्पलाइन नंबर किया जारी सड़क पर आवारा जानवर की जानकारी के लिए

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

जय हनुमान ज्ञान गुण सागर
जय कपीस तिहुँ लोक उजागर



Late Sh. Subhash Chander Lohia
( 12. 04. 1950 - 01. 01. 2007 )

It is his love, care and guidance that still illuminates our path. A path that has led us to prosperity, growth and success. Following his principles and values, we are striving towards greater achievements and contributing our best towards community betterment.


LOHIA PARIVAR
Staff and Employees of Lohia Alloys Pvt. Ltd.

LOHIA KIA
• PEERAGARHI • ROHINI
• WAZIRPUR • NOIDA

LOHIA — The "Stain"less People


शोक सन्देश

स्मृति सन्देश



प्रथम पुण्यतिथि पर पूज्य कार्टूनिष्ट
"काक जी"
को भावभीनी श्रद्धांजलि
हरिश्चन्द्र शुक्ल 'काक'
आपकी बोलती रेखाएं समाज का आईना बनकर रोज़ एक नई सुबह की शुरुआत करती थीं और बदलाव लाने की प्रेरणा देती थीं, हमेशा देती रहेंगी
श्रद्धावनत
समस्त शुक्ला परिवार

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



Sh. Lakhi Ram Sharma
(Founder Chairman)
B.V.M. MODEL SR. SEC. SCHOOL
(RAJIV NAGAR, BEGUMPUR, DELHI-110086)
(15.10.1929 01.01.2008)
We miss you and fondly remember your presence
Rakesh Sharma (Son)
Kanta Sharma (D in law),
Aditya (Adv), & Dr. Anna. Mobile: 9873045137



श्री गिरीश जैन (कोठी वाले)
पावन स्मृति
10-11-1953 - 01-01-1994
32 वीं पुण्यतिथि पर हमारे परम आदरणीय, प्रेरणा स्रोत को भावपूर्ण मौन श्रद्धांजलि !
अनुभा जैन (बहन), गौरव जैन (पुत्र), आस्था जैन (पुत्रवधू)
अर्नव जैन, तनिश जैन (पौत्र) | मै. मुंशी लाल अजित प्रसाद जैन, 695, चांदनी चौक, दिल्ली - 110006



In Loving Memory Of
SH. MADAN LAL JAIN

A man of dignity, a man of wisdom, a man of kindness, a man of humanity indeed. It's been 37 years since you left for heavenly abode, but I still endeavour to live by your teaching. "By elevating the lives of others, your life reaches its highest dimensions."
Dinesh Jain, Samta Times, 6A, Industrial Area, Tilak Nagar, New Delhi-18. Founder, "Parshvsthali" Digambar Jain Mandir, Dinesh Jain Complex, 34/3, Delhi Jaipur Road, Gurugram Ph: 9810061124.



श्रावकरत्न श्री सुखपाल सिंह जैन
पावन स्मृति
30.07.1943 - 01.01.2005
लोग कहते हैं किसी एक के जाने से हमारी जिन्दगी रुक नहीं जाती लेकिन यह कोई नहीं जानता कि लाखों के मिल जाने से भी उस एक की कमी पूरी नहीं होती! करुणा की भावना से ओत प्रोत, मानवता के सजग प्रहरी, देव शास्त्र गुरु के प्रति समर्पित हमारे कुशल मार्ग दर्शक परम श्रद्धेय श्री सुखपाल सिंह जैन को 21 वीं पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन !
-पारस फैब्रिक्स प्राइवेट लिमि., दिल्ली
-एस. पी फैब्रिक्स सूरत
-प्रभावना डाइंग एंड प्रिंटिंग मिल्स, सूरत
-समस्त परिवार, मित्रगण, स्टाफ एवं मैनेजमेंट
-श्रावकरत्न श्री सुखपाल सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट, कैलाश नगर, दिल्ली-110031.

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
| --- | --- |
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+ NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ ET (Delhi/NCR) | 8,600 |

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
| --- | --- |
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

# सुनियो योजना से MCD के खाते में आए 726 करोड़

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रॉपर्टी टैक्स विभाग के लिए सुनियो योजना फायदेमंद साबित हुई। 31 दिसंबर 2025 को खत्म हुई इस योजना के माध्यम से MCD के खाते में 726 करोड़ (29 दिसंबर तक) रुपये जमा हो चुके हैं। आखिरी दो दिन में सैकड़ों लोगों ने अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराया होगा। विभाग का कहना है कि बचे हुए दो दिन में भी करोड़ों रुपये की धनराशि MCD के खाते में जमा हुई होगी। अभी उसका डेटा अपडेट होना बाकी है। सूत्रों का कहना है कि सुनियो योजना के माध्यम से जमा हुई कुल धनराशि का आंकड़ा 750 तक पहुंच सकता है। इतना ही नहीं, सुनियो योजना के माध्यम से 85 हजार ऐसी नई प्रॉपर्टीज भी टैक्स के दायरे में आईं जिन्होंने पहली बार प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराया है। MCD ने इस बीच योजना को 31 जनवरी 2026 तक बढ़ा दिया है। हालांकि एक महीना जो एक्स्ट्रा टाइम दिया गया है उसमें 5 पर्सेंट लेट फीस देनी होगी।

85 हजार नई प्रॉपर्टी भी टैक्स के दायरे में आईं

MCD के प्रॉपर्टी टैक्स विभाग ने सुनियो योजना को लॉन्च करके ऐसे प्रॉपर्टी मालिकों को टारगेट किया जिन्होंने या तो सालों से अपनी प्रॉपर्टी का टैक्स जमा नहीं किया या फिर अभी तक उन्होंने प्रॉपर्टी टैक्स भरा ही नहीं। इस योजना के माध्यम से प्रॉपर्टी मालिक को वर्तमान फाइनैंशियल ईयर के साथ बगैर ब्याज और जुर्माने के पिछले पांच साल का टैक्स जमा कराना था। इससे उनका पिछला सारा प्रॉपर्टी टैक्स माफ हो जाएगा। दिल्ली के प्रॉपर्टी मालिकों ने हाथोंहाथ इस योजना को लिया। अब तक प्रॉपर्टी टैक्स विभाग 2535 करोड़ की रिकवरी करके पिछले सारे रेकॉर्ड तोड़ चुका है। इस रिकवरी में सुनियो योजना की भी बड़ी भूमिका मानी जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि पहली बार प्रॉपर्टी टैक्स देने वाली प्रॉपर्टीज से MCD के खाते में 278 करोड़ रुपये अतिरिक्त मिले। अब हर साल MCD को यह धनराशि मिलेगी। सूत्रों ने यह भी बताया कि साल 2024-25 के फाइनैंशियल ईयर में इसी दौरान जितना प्रॉपर्टी टैक्स मिला था इस बार उससे 676 करोड़ अधिक टैक्स मिला है।

# बाहरी दिल्ली के कई इलाकों में हो सकती है पानी की किल्लत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नांगलोई वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में क्लेरीफायर की सफाई 3 से 12 जनवरी तक की जाएगी, जिसके चलते नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली के करीब दो दर्जन इलाकों में 10 दिनों तक पानी की किल्लत हो सकती है। जल बोर्ड अफसरों के अनुसार, नांगलोई वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की कैपेसिटी 40 एमजीडी है। इस वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से बाहरी दिल्ली की करीब 15 लाख आबादी को पानी सप्लाई किया जाता है। 3 जनवरी से 12 जनवरी तक प्लांट में लगे क्लेरीफायर का मेंटिनेंस और सफाई की जाएगी। अफसरों का कहना है कि नांगलोई, पश्चिम विहार ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों, मुंडका और आसपास की रिहायशी कॉलोनियां, हिरण कुदना, कमरुद्दीन नगर, निहाल विहार, रणहौला गांव, बक्करवाला, नांगलोई जेजे कैंप, ज्वालापुरी आर-ब्लॉक, राजधानी पार्क, प्रेमनगर एंक्लेव, कविता कॉलोनी, मोहन गार्डन, मित्रा मार्केट, विकास नगर, उत्तम नगर की अनधिकृत कॉलोनियां, मटियाला एरिया, हस्तसाल, डिचांऊ कलां, झड़ौदा गांव, मित्राऊ गांव, गोपाल नगर, सैनिक एनक्लेव, छावला गांव, दौलतपुर, हसनपुर, खरखड़ी, झुलझुली, उजवा, रावता, समसपुर, जाफरपुर कलां, खेड़ा डाबर, मलिकपुर, मुंडेला खुर्द, बकरगढ़, घुम्मनहेड़ा, झटीकरा, राघोपुर आदि इलाकों में दिक्कत हो सकती है।

# 'रागगीरी' का कैलेंडर 'कथक' के नाम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली में शास्त्रीय नृत्य कथक पर एक कैलेंडर जारी किया गया। कथक केंद्र में हुए कार्यक्रम में कई कथक कलाकार शामिल हुए। रागगीरी संस्था ने इस कैलेंडर को प्रभा खेतान फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किया है। साल 2026 के कैलेंडर में बनारस की महान कथक नृत्यांगना सितारा देवी से लेकर पंडित बिरजू महाराज, पंडित दुर्गा लाल, पंडित राजेंद्र गंगानी, श्रीमती कुमुदिनी लखिया से लेकर शोवना नारायण और प्रेरणा श्रीमाली जैसे कलाकारों को शामिल किया गया है। कथक नृत्यांगना नलिनी अस्थाना, गौरी दिवाकर, कथक केंद्र की निदेशक डाई येषा देवी और रागगीरी संस्था से पल्लवी सिंह ने कथक सीख रहे छात्रों के साथ कैलेंडर का विमोचन किया।

# नव वर्ष के उपलक्ष्य में श्री भक्तामर दीप महार्चना

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली

धर्म कर्म

श्री दिगंबर जैन मंदिर निर्माण विहार में नव वर्ष के उपलक्ष्य में उपाध्याय श्री गुप्तिसागरजी महाराज के सान्निध्य में आयोजित नव प्रभात मंगल गान और श्री भक्तामर दीप महार्चना में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ब्रह्मचारिणी रंजना शास्त्री ने निर्देशन दिया। अमर जैन के अनुसार उपाध्याय श्री ने कहा कि जो व्यक्ति धर्म के रंग में रंगता चला जाता है वह निश्चित ही एक दिन जन्म और मरण के बंधन से छूट जाता है।

श्री दिगंबर जैन मंदिर आत्मवल्लभ विहार सोसायटी सेक्टर-13 रोहिणी में मूलनायक भगवान चंद्रप्रभु जी का मस्तकाभिषेक स्वर्ण कलशों से बुधवार को पहली बार अनेक श्रावकों ने किया। प्रियंका जैन के अनुसार यहां मंदिर के रजत जयंती वर्ष पर 4 जनवरी को भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। वहीं श्री दिगंबर जैन मंदिर बाहुबली एन्क्लेव में भक्तामर दीप अर्चना और एक शाम गुरुवर के नाम भजनों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उधर, दि. जैन मंदिर सेक्टर-16 रोहिणी में भगवान शांतिनाथ के ज्ञानकल्याणक पर अभिषेक, पूजन किया गया। सुकौशल जैन के सौजन्य से अनेक श्रावकों को अतिशय क्षेत्र तिजारा की यात्रा कराई गई।

भागवत कथा: समुदाय भवन एजीसीआर में भागवत कथा के अवसर पर महंत रामगोविंददास महात्यागी महाराज ने सभी को नव वर्ष भारतीय संस्कृति और सभ्यता के अनुसार मनाने की प्रेरणा दी। आचार्य प्रद्युम्न कृष्ण ने कहा कि भागवत कथा ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का दिव्य संगम है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMM7 User: sachin.saini Time: 12-31-2025 21:00 Color:




श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

सत्यमेव जयते
कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग
दिल्ली सरकार



श्रीमती रेखा गुप्ता
माननीया मुख्यमंत्री

# देश का सबसे बड़ा LitFest


## दिल्ली शब्दोत्सव

वादे वादे जायते तत्वबोध:

भारतीय संस्कृति एवं साहित्य का समागम

## 2 से 4 जनवरी 2026

मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, इंडिया गेट, नई दिल्ली



| 40+ | 100+ | 2 | 3 |
|---|---|---|---|
| BOOKS RELEASE | वक्ता | कवि सम्मेलन | CULTURAL NIGHTS |

### कलाकार

हंसराज रघुवंशी, हर्षदीप कौर, प्रहलाद सिंह टिपाणियां, माधवास बैंड, साधो बैंड, पंडवास बैंड

### वक्ता

श्री अजीत डोभाल, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार । श्री विजय शर्मा, गृहमंत्री, छत्तीसगढ । विष्णु शंकर जैन । माधवी लता । सुधांशु त्रिवेदी । विक्रमजीत बनर्जी । अमन लेखी । मिथिलेश नंदिनी शरण । डॉ. सच्चिदानंद जोशी । चंद्र प्रकाश द्विवेदी । कंचन गुप्ता । अमी गणात्रा । डॉ. मनमोहन वैद्य जी । सिद्धार्थ लूथरा । प्रो. राजीव नयन, (रक्षा विशेषज्ञ) । लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) दुष्यंत सिंह । वाइस एडमिरल (रि.) शेखर सिन्हा । एस पी वैद्य, पूर्व डीजीपी, जम्मू-कश्मीर । जैकब थामस, पूर्व डीजीपी, केरल

TO KNOW MORE

@shabdotsav_delhi
@DelhiShabdotsav
@Shabdotsav_
@Shabdotsav_delhi

FREE ENTRY
REGISTER NOW
shabdotsav.com

DIP/Shabdarth/Display/0110/25-26

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTG6 User: cci Time: 12-31-2025 23:06 Color:



# नहीं दिखा गिग वर्कर्स की हड़ताल का ज़्यादा असर

## नहीं हुई परेशानी, इंसेंटिव बढ़ाने के बाद सामान्य रहे हालात

NBT 2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



सोशल मीडिया पर भी कई लोग इस हड़ताल को सपोर्ट करते दिखाई दिए

**इंसेंटिव बढ़ाने**, सुरक्षा सुनिश्चित करने, इंश्योरेंस और इलाज की सुविधा मुहैया कराने, पीएफ की सुविधा देने जैसी कई मांगों को लेकर 31 दिसंबर को प्रस्तावित गिग वर्कर्स की हड़ताल का दिल्ली में ज्यादा असर नहीं दिखाई दिया।

राजधानी के सभी प्रमुख इलाकों में जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट, जैप्टो के लिए काम करने वाले ज्यादातर गिग वर्कर्स काम करते नजर आए। कस्टमर्स की तरफ से भी ऑर्डर प्लेस न होने, डिलीवरी में देरी होने, ऑर्डर कैंसिल किए जाने जैसी शिकायतें नहीं आईं। अमूमन स्थिति सामान्य रही और दिल्ली में हड़ताल बेअसर नजर आई। हालांकि, कुछ इलाकों में गिग वर्कर्स इकट्ठा जरूर हुए और उन्होंने हड़ताल में शामिल होने या न होने को लेकर आपस में चर्चा भी की, लेकिन कहीं से भी बड़े स्तर पर या संगठित रूप से गिग वर्कर्स द्वारा हड़ताल करने की खबर नहीं आई।

इस बीच राजेंद्र नगर में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने भी गिग वर्कर्स के एक ग्रुप से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और उनकी मांगों का समर्थन किया। वहीं, सोशल मीडिया पर भी कई लोग गिग वर्कर्स की हड़ताल को सपोर्ट करते दिखाई दिए। इस बीच मयूर विहार में एक रेस्टोरेंट पर ऑर्डर कलेक्ट करने पहुंचे स्विगी के डिलीवरी बॉय अंकित और जोमैटो के डिलीवरी बॉय अजय ने बताया कि हम लोग सुबह से काम कर रहे हैं और रात को भी देर तक काम करेंगे। हालांकि, अभी ऑर्डर कम मिल रहे हैं, लेकिन शाम के बाद ज्यादा ऑर्डर्स मिलने की उम्मीद है। दोनों ने बताया कि हमने हड़ताल के बारे में सुना तो है, लेकिन हम उसमें शामिल नहीं हैं और न हमारा कोई परिचित साथी हड़ताल पर है।



एक अन्य डिलिवरी बॉय मोहम्मद समीर ने बताया कि कुछ लोग हड़ताल कर रहे हैं, लेकिन मैं या मेरा कोई साथी हड़ताल पर नहीं है। उन्होंने बताया कि वजीराबाद की तरफ काम करने वाले उनके कुछ जानकारी लड़के हड़ताल पर हैं, क्योंकि उनकी कमाई काफी कम हो गई है। समीर ने कहा कि मैं रेंट पर रहता हूं। हड़ताल करूंगा, तो फिर रेंट कैसे दूंगा।

# शुक्रिया 2025, वेलकम 2026: हैपी न्यू ईयर

## कनॉट प्लेस में न्यू ईयर सेलिब्रेशन: पुलिस की सख्ती से बढ़ी लोगों की मुश्किलें

Photos : Tarun Rawat

■ **नई दिल्ली** : नए साल के स्वागत के लिए दिल्ली का दिल कहा जाने वाला कनॉट प्लेस (CP) पूरी तरह तैयार था, लेकिन दिल्ली पुलिस के कड़े इंतजाम जश्न मनाने पहुंचे लोगों पर भारी पड़ गए। सुरक्षा व्यवस्था इतनी सख्त थी कि परिवार के साथ पहुंचे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विशेषकर पार्किंग और एंट्री गेटों को लेकर मचे घमासान ने लोगों का मन किरकिरा कर दिया।

**बुकिंग थी, लेकिन पार्किंग स्लिप ने फंसाया पेंच** : दिल्ली पुलिस ने पहले ही साफ किया था कि केवल वैध बुकिंग वाले लोगों को ही अंदर जाने दिया जाएगा। हालांकि, जमीन पर स्थिति अलग नजर आई। सरिता विहार से आए अजीत कुमार ने बताया कि उनके पास रेस्टोरेंट की बुकिंग तो थी, लेकिन पुलिसकर्मी उनसे 'पार्किंग स्लिप' की मांग कर रहे थे। पार्किंग स्लिप न होने के कारण कई परिवारों को आउटर सर्किल से ही वापस लौटा दिया गया।

**पिकेट पर चेकिंग और गेटों का चक्कर** : मिंटो रोड की तरफ से आने वाले लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी। यहां लोगों को एक नहीं बल्कि चार अलग-अलग पिकेट पर जांच से गुजरना पड़ रहा था।

**एंट्री की उलझन**: लोग एक गेट से दूसरे गेट का चक्कर लगा रहे थे। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहे थे, जिससे भ्रम की स्थिति बनी रही।

**कमला मार्केट थाना पिकेट**: यहां सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई क्योंकि अन्य रास्तों से लौटाए गए लोग यहीं से अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान पुलिस और आम जनता के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली।


**फूड डिलीवरी और आम सेवाएं भी प्रभावित** : सख्ती का आलम यह था कि रेस्टोरेंट्स के ऑर्डर लेकर पहुंचे फूड डिलीवरी बॉयज को भी अंदर जाने से रोक दिया गया। इसकी वजह से न केवल डिलीवरी में देरी हुई, बल्कि व्यवसाय पर भी असर पड़ा।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम, कम रही भीड़** : पिछले वर्षों की तुलना में इस बार इनर सर्किल में वह पारंपरिक भीड़ नजर नहीं आई। चप्पे-चप्पे पर दिल्ली पुलिस के साथ-साथ CRPF के जवान भी तैनात थे। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस मुस्तैद दिखी, लेकिन तालमेल की कमी और पार्किंग के नियमों ने जश्न मनाने आए लोगों को निराश किया।






**सेल्फी है जरूरी**: साल के आखिरी दिन फुल फेस्टिव मोड में दिखे लोग। सेल्फी के साथ हैपी मोमेन्ट्स को किया कैप्चर



**न्यू ईयर ईव**: बैरिकेडिंग और सुरक्षा के बीच न्यू ईयर ईव पर सीपी में रही भारी भीड़। दोस्तों के साथ सीपी पहुंचकर लोगों ने नए साल का किया स्वागत



**गिफ्ट्स से ही शुरुआत**: बीते साल को सेलिब्रेट करते हुए लोगों ने गिफ्ट्स देकर एक दूसरे को कहा थैंक्यू

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA

**चबाने वाले तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू और गुटखा के निर्माता ध्यान दें !**



CBC 15502/13/0048/2526

**1 फरवरी, 2026 से क्षमता-आधारित उत्पाद शुल्क लागू**

चबाने वाला तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू एवं गुटखा, जो पैकिंग मशीन की सहायता से निर्मित होकर पाउच में पैक किए जाते हैं, उन पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क उत्पादन क्षमता के आधार पर 1 फरवरी, 2026 से लागू किया जाएगा।

पहले से पंजीकृत करदाताओं को नए केंद्रीय उत्पाद शुल्क पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है।

ऐसे निर्माताओं द्वारा अपने परिसर में मशीनों के विवरण के संबंध में निर्धारित नियम के अनुसार निर्धारित प्रारूप में डिक्लेरेशन, 1 फ़रवरी, 2026 से 7 फ़रवरी, 2026 के बीच संबंधित क्षेत्राधिकार के केंद्रीय उत्पाद शुल्क के उप/सहायक आयुक्त के पास प्रस्तुत करनी होगी

| क्र.सं | अनुपालन | देय तिथि |
|---|---|---|
| 1. | केंद्रीय उत्पाद शुल्क का भुगतान एक माह हेतु | उसी माह की 6 तारीख |
| 2. | केंद्रीय उत्पाद शुल्क रिटर्न एक माह हेतु | उसी माह की 10 तारीख |


अन्य पैकिंग (जैसे टिन आदि) के मामलों में शुल्क, खुदरा बिक्री मूल्य (आर एस पी) के आधार पर (निर्धारित छूट के अधीन) अदा किया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए कृपया नोटिफिकेशन संख्या. 04/2025-केंद्रीय उत्पाद शुल्क, दिनांक 31 दिसंबर, 2025 देखें।

@cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @cbicindia @CBICIndia www.cbic.gov.in

# कथक की लय, मीरा के प्रेम संग 'मिहिरा' ने मोह लिया सबका मन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



हैबिटेट सेंटर में हुए इस प्रोग्राम में प्रभावशाली अभिनय ने सबका दिल जीता

**'मीरा' की** भक्तिमय लय से सजी प्रस्तुति में दिल्ली के कलाप्रेमी डूब गए। डांस ड्रामा 'मिहिरा' ने भक्ति, धर्म, समर्पण और दिव्य प्रेम के शाश्वत मूल्यों को सशक्त कलात्मक अभिव्यक्ति दी। यह नृत्य प्रस्तुति श्रीकृष्ण के प्रति मीराबाई की अलौकिक भक्ति से प्रेरित थी, जिसमें कथक शब्दावली, प्रभावशाली अभिनय, सटीक तालबद्धता और भारतीय सौंदर्यबोध का खूबसूरत तालमेल देखने को मिला।

अंजना वेलफेयर सोसायटी की ओर से इंडिया हैबिटेट सेंटर के स्टाइन ऑडिटोरियम के मंच पर मंगलवार शाम को संत कवि मीरा की आध्यात्मिक यात्रा को जीवंत करता शो 'मिहिरा' उतरा। इस शो की परिकल्पना और निर्देशन कथक नृत्यांगना माया कुलश्रेष्ठ की है। इस सांस्कृतिक शाम में संस्कृति, डिप्लोमेसी, मीडिया और कला जगत की कई हस्तियां - विजय चौथाईवाले, अमरेंद्र खटुआ, के. जी. सुरेश, राहुल महाजन, मोहम्मद निसार, नीरज गुप्ता पहुंचे। 'मिहिरा' के साथ डांसर्स, संगीतकारों, डिजाइनर्स और क्रिएटिव फील्ड से जुड़े लोगों के लिए भक्ति, कल्पना और सौंदर्य की अविस्मरणीय शाम बनी।

# नामी कंपनी की एक्सपायर हो चुकी चॉकलेट नए पैक में बेचने का आरोप

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

### हाई कोर्ट ने क्राइम ब्रांच को मामला सौंपा



मामला नामी ब्रैंडेड कंपनी से जुड़ा है जिसके चॉकलेट के रैपर को बदलकर उसके एक्सपायर्ड उत्पाद को नई पैकेजिंग के साथ बेचे जाने का आरोप है और उक्त कंपनी ने खुद ही कोर्ट में अर्जी दाखिल कर ऐसे एक्सपायर्ड चॉकलेट बेचे जाने पर रोक की मांग की थी। कोर्ट ने क्राइम ब्रांच को जांच करने करने को कहा था।

■ **नई दिल्ली** : रोहिणी अदालत ने मंगलवार को एक रेप्युटेड ब्रैंड के एक्सपायर्ड चॉकलेट को गलत तरीके से नई पैकेजिंग व कारोबार करने के मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज करते हुए दिल्ली पुलिस द्वारा की गई जांच के तरीके पर गंभीर टिप्पणियां कीं। एडिशनल सेशन जज विनोद यादव की अदालत ने कहा कि जांच बेहद लापरवाही भरे ढंग से की जा रही है। एफआईआर दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज हुई है। एक रेप्युटेड चॉकलेट कंपनी के एक्सपायर्ड प्रोडक्ट (चॉकलेट आदि) को नए पैक में बेचने का आरोप है। जांच दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देश पर क्राइम ब्रांच को सौंपा गया था। उक्त ब्रैंडेड कंपनी ने खुद ही अर्जी दाखिल कर ऐसे उत्पाद बेचे जाने पर रोक की मांग की थी।

जज विनोद यादव ने कहा कि दाखिल की गई रिपोर्ट तथा जांच फाइल के अवलोकन से यह साफ होता है कि आवेदक केवल उन व्यक्तियों में से एक है, जो प्रतिष्ठित ब्रैंडों के एक्सपायर्ड सामान के व्यापार में संलग्न है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरा है। जबकि इस गतिविधि में शामिल बड़े खिलाड़ी अब भी कानून की पकड़ से बाहर हैं। आरोपी की जमानत अर्जी खारिज करते हुए अदालत ने 30 दिसंबर को निर्देश दिया है कि आदेश की कॉपी हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को भेजी जाए ताकि इस संबंधित पीआईएल की सुनवाई करने वाली डबल बेंच के सामने उसे पेश किया जा सके। जज विनोद यादव ने जमानत अर्जी खारिज करते हुए कहा कि हाई कोर्ट ने जो आदेश पारित किया था उसके हिसाब से जांच आगे नहीं बढ़ी है। जो रिपोर्ट दाखिल की गई है और जो दस्तावेज सामने आए हैं उससे साफ होता है कि आवेदक आरोपी उन लोगों में से एक है जो एक्सपायर्ड सामान के व्यापार में शामिल है।

# आशीष सूद ने जनकपुरी में सफाई का लिया जायज़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**शहरी विकास** मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को जनकपुरी विधानसभा के C2C ब्लॉक, पॉकेट 12 में एमसीडी, दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी और हॉर्टिकल्चर विभाग की ओर से किए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

> लोगों ने मंत्री को बताया कि सीवर लाइन कई दिनों से खराब पड़ी है

स्थानीय निवासियों ने मंत्री को बताया कि इस ब्लॉक की सीवर लाइन कई दिनों से खराब पड़ी है, जिस कारण पानी का फ्लो रुक गया है और गंदा पानी गलियों में भर जाता है। ब्लॉक के पार्क में लगे कई पेड़ जर्जर हो चुके हैं, जो कभी भी एक्सिडेंट का कारण बन सकते हैं। इन पेड़ों को काटा जाना जरूरी है। लोगों ने यह भी शिकायत की कि एमसीडी के कर्मचारी यहां नियमित रूप से साफ सफाई करने नहीं आते, जिस वजह से कूड़े का ढेर लगा रहता है। ब्लॉक के पार्क में लाइट और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था न होने की समस्या भी मंत्री के सामने रखी गई।

इन समस्याओं के समाधान के लिए मंत्री ने एमसीडी, दिल्ली जल बोर्ड और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां की सभी समस्याओं के समाधान के लिए एस्टीमेट तैयार किया जाए और उन पर शीघ्र कार्यवाही की जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय के साथ काम करने को कहा।

सूद ने बताया कि जनकपुरी के कुछ इलाकों की सीवर लाइन 40 से 50 साल पुरानी है, इसलिए समय के साथ उनकी क्षमता कम हो गई है। इसे ध्यान में रखते हुए जनकपुरी के सभी ब्लॉकों की सीवर लाइनों को बदलने की योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। जहां सीवर पाइप छोटे हैं, वहां बड़े पाइप डाले जाएंगे और उन्हें मुख्य सीवर लाइन से भी जोड़ा जाएगा।

# केजरीवाल ने उर्स पर भेजी चादर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत वरिष्ठ नेताओं की ओर से भेजी गई चादर शरीफ दरबार ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स मुबारक के अवसर पर पेश की गई। 814वें सालाना उर्स-ए-मुबारक के मौके पर दिल्ली उर्स कमिटी के पूर्व चेयरमैन एफआई इस्माइली ने चादर को पेश किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दरगाह ख्वाजा गरीब नवाज प्रेम, सहिष्णुता और मानवता के संदेश का वैश्विक केंद्र है।

> उर्स कमिटी के पूर्व चेयरमैन एफआई इस्माइली ने चादर पेश की

दिल्ली की खबरों के लिए एक्स पर फॉलो करें
@NBTDilli

# वोट कर चुनें प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर

NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर 2025

इस साल देश ने ऐसे चेहरे देखे, जिन्होंने अपनी सफलता से पूरे भारत का हौसला बढ़ाया। अलग-अलग क्षेत्रों में किए गए उनके काम ने नई दिशा दिखाई और भविष्य की राह आसान की। गहन मंथन और संपादकीय मूल्यांकन के बाद NBT टीम ने ऐसी 5 शख्सियतों को चुना है। अब फैसला जनता के हाथ में है, वोट कर तय करें कि प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर का सम्मान किसे मिले।

A



हरमनप्रीत कौर

## मैदान में दिखाई जिद, दिलाया नायाब खिताब

मोगा के खुले मैदानों से लेकर मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम तक का शानदार सफर तय करने वाली हरमनप्रीत कौर ने पिछले साल आईसीसी वुमंस वर्ल्ड कप की ट्रॉफी पर कब्जा जमा कर भारतीय विमिंस क्रिकेट के इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया। मानसिक रूप से बेहद मजबूत हरमन की टीम ने सेमीफाइनल में सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर भारतीय क्रिकेट इतिहास के पन्नों पर अपना नाम सुनहरे अक्षरों में लिखवा दिया। हरमन में कप्तानी के गुण पहली बार साल 2012 में दिखे थे जब उन्हें फाइनल से पहले मिताली राज के चोटिल होने के बाद कार्यवाहक की भूमिका मिली थी। मात्र 23 साल 237 दिन की उम्र में कप्तानी कर रहीं हरमन ने उस समय की सबसे युवा भारतीय महिला कप्तान बनते हुए टीम को खिताबी जीत दिलाई। करीब 13 साल बाद हरमन ने अपने करियर का पांचवां विश्व कप खेलते हुए कप्तान के तौर पर वो खिताबी करिश्मा कर डाला जिसका इंतजार भारतीय क्रिकेट फैंस पिछले 52 साल से कर रहे थे।

C



दिव्या देशमुख

## खामोशी से जीते खिताब, ग्रैंड मास्टर बनकर दिखाया...

चेस में भारत के बढ़ते रुतबे और उस वक्त नई ऊंचाइयां मिलीं जब साल 2025 में साल 19 साल की दिव्या देशमुख ने जॉर्जिया में आयोजित FIDE विमिंस वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। दिव्या ने साल 2025 में इस बड़ी उपलब्धि के अलावा भी सूची में कई अहम कामयाबियां जोड़ी थीं। पिछले साल उन्होंने वर्ल्ड नंबर-1 हो यिफान को हराते हुए वर्ल्ड रैपिड एंड ब्लिट्ज टीम चेस चैंपियनशिप में व्यक्तिगत ब्रॉन्ज मेडल जीता, जबकि टीम इवेंट में रैपिड में सिल्वर और ब्लिट्ज में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसके बावजूद जब जुलाई में वर्ल्ड कप में दिव्या को 15वीं वरीयता दी गई। आधिकारिक वेबसाइट पर महिला शतरंज के बड़े नामों को दिखाने वाली 'हीरो इमेज' में दिव्या के लिए जगह तक नहीं थी। यानी उन्हें वर्ल्ड कप में किसी ने भी खिताब का प्रबल दावेदार नहीं माना। लेकिन इस टूर्नामेंट में कई हैरान करने वाले परिणाम देते हुए देशमुख ने वर्ल्ड चैंपियन का खिताब अपने नाम कर खुद को वर्ल्ड चेस में एक बड़ी ताकत के रूप में स्थापित कर लिया।

इतना ही नहीं, दिव्या ने तीन ग्रैंडमास्टर नॉर्म जीतने की औपचारिक प्रक्रिया को एक ही झटके में पार कर लिया। वर्ल्ड चैंपियन बनने पर उन्हें ग्रैंडमास्टर का खिताब भी मिला। वह भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर बनीं और इन 88 में से केवल चौथी महिला हैं। ग्रैंडमास्टर बनने की इस ऐतिहासिक राह में उन्होंने उन तीन भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर्स में से दो कोनेरू हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली को भी हराया जिससे उनकी उपलब्धि और भी खास हो गई।

## कॉकपिट से अंतरिक्ष तक लहराया तिरंगा


ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भारतीय वायु सेना के अनुभवी टेस्ट पायलट, एयरोस्पेस इंजीनियर और इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के अंतरिक्ष यात्री हैं। उन्होंने हाल ही में एक्सिओम मिशन-4 के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की सफल यात्रा पूरी कर पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी की। इसके साथ ही वे आईएसएस का दौरा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री और 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष की कक्षा में जाने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं।

भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित चार अंतरिक्ष यात्रियों में शुभांशु शुक्ला पहले ऐसे अंतरिक्ष यात्री हैं, जिन्हें वास्तविक अंतरिक्ष मिशन का अनुभव प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि भारत के गगनयान कार्यक्रम और मानव अंतरिक्ष उड़ान की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर मानी जा रही है।

लखनऊ के रहने वाले भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का करियर अत्यंत गौरवशाली रहा है।

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज उन चेहरों में शामिल हैं जो भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम को वैश्विक पहचान दिला रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए विज्ञान, तकनीक और साहस की प्रेरणा बन चुके हैं।

E



शुभांशु शुक्ला

## हौसले से तोड़ीं सीमाएं, दुनिया को दिखाया दम

B

शीतल देवी और सुमित अंतिल







पैरा जैवलिन थ्रोअर **सुमित अंतिल** ऐसे एथलीट हैं जिनकी प्रतिद्वंद्विता खुद से है। दस से ज्यादा बार वर्ल्ड रेकॉर्ड तोड़ चुके अंतिल पिछले साल आयोजित वर्ल्ड पैरा ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप में जब एफ64 कैटिगरी में जैवलिन फेंकने पहुंचे तो उनका निशाना गोल्ड नहीं था। अंतिल गोल्डन हैटट्रिक को लेकर सुनिश्चित थे, उनका लक्ष्य तो अपने 73.29 मीटर के वर्ल्ड रेकॉर्ड को बेहतर करने का था। वर्ल्ड रेकॉर्ड तो बेहतर नहीं हुआ लेकिन 71.37 के नए चैंपियनशिप रेकॉर्ड के साथ उन्होंने अपना दबदबा बरकरार रखा। इस प्रदर्शन ने अंतिल को पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे सफल भारतीय ऐथलीट के तौर पर स्थापित कर दिया।

'बिना हाथों वाली तीरंदाज' के नाम से पहचानी जाने वाली **शीतल देवी** विश्व तीरंदाजी की सबसे प्रतिष्ठित शख्सियतों में शुमार हैं। पैरों की मदद से तीर चलाने वाली जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ से निकली यह 18 वर्षीय तीरंदाज साल 2025 में पैरा वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली पहली बिना हाथों वाली महिला तीरंदाज बनीं। फोकोमेलिया (जिसमें जन्मजात अंगों का विकास अधूरा रहता है) के साथ जन्मीं शीतल ने साल 2025 में एक दुर्लभ उपलब्धि भी हासिल की। वह भारत की पहली पैरा ऐथलीट बनीं जिसे सक्षम (एबल बॉडी) की टीम में चुना गया। उनका चयन एशिया कप के लिए भारत की कंपाउंड आर्चरी टीम में किया गया। राष्ट्रीय चयन ट्रायल में उन्होंने उन 60 तीरंदाजों के बीच तीसरा स्थान हासिल किया, जो धनुष चलाने के लिए हाथों का इस्तेमाल करते हैं।

## मोर्चे पर वार, मंच से सच... आतंक के खिलाफ भारत के सख्त रुख को दुनिया के सामने लेकर आईं...

D



व्योमिका सिंह और सोफिया कुरैशी

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने दुनिया को जानकारी दी कि किस तरह भारतीय सेना और वायुसेना ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंक के ठिकाने ध्वस्त किए हैं।

**कर्नल सोफिया कुरैशी** गुजरात के वडोदरा की रहने वाली हैं और इंडियन आर्मी की सिग्नल्स कोर में ऑफिसर हैं। ऑपरेशन पराक्रम के दौरान जब वे कैप्टन थीं तब उन्हें पहली बार सम्मानित किया गया। पूर्वोत्तर में बाढ़ राहत कामों में उनके योगदान के लिए भी सम्मान मिला। मार्च 2016 में उन्होंने इतिहास रचा जब वे पहली और एकमात्र महिला बनीं जिन्होंने भारत द्वारा आयोजित बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'फोर्स 18' में एक सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व किया। इसके लिए उन्हें आर्मी चीफ ने 'फ्लैग ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया।

**विंग कमांडर व्योमिका सिंह** इंडियन एयरफोर्स में एक हेलिकॉप्टर पायलट हैं। वह लखनऊ की रहने वाली हैं। उन्हें हर तरह के क्षेत्रों में उड़ान भरने का अनुभव है। व्योमिका सिंह ने चेतक और चीता हेलिकॉप्टरों में 2500 से अधिक घंटे की उड़ानें भरी हैं। व्योमिका सिंह स्थायी कमीशन रैंक प्राप्त करने वाली इंडियन एयरफोर्स की पहली महिला हेलिकॉप्टर पायलट हैं।

**कैसे करें वोट** VOTE

पांचों शख्सियतों में से आपको जो भी NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर लगता है, उसका ऑप्शन हमें फोन नंबर **9220747220** पर व्हाट्सऐप करें। A, B, C, D, E में से जो भी आपकी चॉइस हो उसे लिखकर अपना जवाब हमें भेज दें।

*आज वोटिंग का आखिरी दिन है*

---

www.delhi.nbt.in

www.timesascent.com

TIMES ascent
Catapult your career

To book your Ad logon to: ads.timesofindia.com

ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE
For advertising queries: Call 18001205474

# इंटरव्यू में बचें इन गलतियों से



नौकरी पाने के प्रोसेस में लिखित टेस्ट और ग्रुप डिस्कशन के बाद सबसे अहम पड़ाव इंटरव्यू होता है। खासकर फ्रेशर्स के लिए यह पहला प्रोफेशनल अनुभव होता है। ऐसे में किन गलतियों से बचना चाहिए जो पड़ सकती हैं भारी, जानते हैं

### अपना लुक ठीक रखें

इंटरव्यू में आपका लुक सबसे पहले नजर आता है। बिखरे बाल, गंदे कपड़े या बदन से बदबू जैसी बातें क्लासरूम में चल सकती हैं, लेकिन इंटरव्यू में नहीं। इंटरव्यू से पहले बाल ठीक से सेट करें, नाखून काटें और जरूरत हो तो दाढ़ी बनाएं। साफ और सादे फॉर्मल कपड़े पहनें। जूते साफ और पॉलिश किए हुए हों। अपने सभी जरूरी कागज एक फोल्डर में रखें, ताकि आखिरी समय में घबराहट न हो।

### पहले पहुंचने की आदत डालें

इंटरव्यू के लिए हमेशा तय समय से कम से कम 15 मिनट पहले पहुंचें। इससे आपको खुद को संभालने और शांत होने का समय मिल जाता है। घर से निकलते वक्त ट्रैफिक, बारिश या गाड़ी में देरी जैसी बातों को ध्यान में रखें। अगर ऑफिस की लोकेशन साफ नहीं है, तो एक दिन पहले जाकर देख लें। अगर किसी वजह से देर हो रही हो, तो HR को पहले ही फोन करके जानकारी दें और माफी मांगें।

### बॉडी लैंग्वेज पर ध्यान दें

इंटरव्यू में आप क्या कहते हैं, इसके साथ-साथ आप कैसे बैठते और चलते हैं, यह भी बहुत मायने रखता है। इंटरव्यू रूम में कॉन्फिडेंस के साथ जाएं। हल्की मुस्कान रखें और हाथ मिलाते समय ढीलापन न दिखाएं। कुर्सी पर सीधे बैठें, दोनों पैर जमीन पर रखें और बार-बार हिलने-डुलने से बचें। आपकी बॉडी लैंग्वेज यह दिखानी चाहिए कि आप खुद पर भरोसा रखते हैं।

### ध्यान से सुनना जरूरी

कई बार उम्मीदवार बोलने की जल्दी में सवाल ठीक से सुन ही नहीं पाते। इंटरव्यू में सामने वाले की बात ध्यान से सुनें। थोड़ा आगे होकर बैठें और आंखों में देखकर बात करें। बीच में टोकने से बचें। अगर कोई सवाल समझ में न आए, तो बिना झिझक दोबारा पूछ लें। जवाब देने से पहले सोच लेना कोई गलत बात नहीं है।

### शब्दों का सही चुनाव करें

इंटरव्यू में साफ और शांत आवाज में बोलें, ताकि आपकी बात आसानी से समझी जा सके। जरूरत से ज्यादा तेज या बहुत धीमी आवाज से बचें। उम्र, धर्म, राजनीति या जेंडर से जुड़ी किसी भी तरह की गलत या अपमानजनक बात न करें। सवाल का सीधा जवाब दें, घुमा-फिराकर बात न करें। अगर किसी सवाल का जवाब नहीं पता है, तो साफ कह दें कि आपको इसकी जानकारी नहीं है, गलत जवाब देने से बचें। खुद को बेहतर दिखाने की कोशिश करें, लेकिन दिखावा नहीं इंटरव्यू में अपनी स्किल्स और सीखने की इच्छा के बारे में जरूर बताएं। यह दिखाएं कि आप सीखने के लिए तैयार हैं और टीम के साथ काम कर सकते हैं। जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर बोलना या झूठ बोलना आगे चलकर परेशानी में डाल सकता है।

## जॉब्स अलर्ट



**UPPSC**
**संस्थान:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
**पद का नाम:** पॉलिटेक्निक लेक्चरर
**पदों की संख्या:** 513
**आखिरी तारीख:** कल
**वेबसाइट:** uppsc.up.nic.in

**संस्थान:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
**पद का नाम:** मेडिकल ऑफिसर, कम्युनिटी हेल्थ, वेटरनरी ऑफिसर, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, होम्योपैथिक मेडिकल ऑफिसर, चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद), डेंटल सर्जन, ड्रग इंस्पेक्टर, चिकित्सा अधिकारी (यूनानी), चिकित्सा अधिकारी (होम्योपैथिक), वेटिंग ऑफिसर
**पदों की संख्या:** 2158
**आखिरी तारीख:** 29 जनवरी
**वेबसाइट:** uppsc.up.nic.in

**IIMC**
**संस्थान:** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन
**पद का नाम:** स्टेनोग्राफर, अपर डिवीजन क्लर्क, प्रोफेशनल असिस्टेंट, सेक्शन ऑफिसर
**पदों की संख्या:** 51
**आखिरी तारीख:** 12 जनवरी
**वेबसाइट:** iimc.gov.in

**JKSSB**
**संस्थान:** जम्मू और कश्मीर सेवा चयन बोर्ड
**पद का नाम:** पुलिस सब इंस्पेक्टर (टेलीकम्युनिकेशन)
**पदों की संख्या:** 83
**आखिरी तारीख:** 13 जनवरी
**वेबसाइट:** jkssb.nic.in

**पुलिस**
**संस्थान:** उत्तर प्रदेश पुलिस
**पद का नाम:** कंप्यूटर ऑपरेटर
**पदों की संख्या:** 1352
**आखिरी तारीख:** 15 जनवरी
**वेबसाइट:** uppbpb.in

**AAI**
**संस्थान:** एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया
**पद का नाम:** असिस्टेंट **पदों की संख्या:** 14
**आखिरी तारीख:** 11 जनवरी
**वेबसाइट:** aai.aero

**BSSC**
**संस्थान:** बिहार कर्मचारी चयन आयोग
**पद का नाम:** पथ निर्माण विभाग, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, गृह विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पर्यावरण नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रमयुक्त श्रम संसाधन, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग आदि में
**पदों की संख्या:** 24492
**आखिरी तारीख:** 15 जनवरी
**वेबसाइट:** onlinebssc.com

**भारतीय प्रबन्ध संस्थान लखनऊ**
प्रबंध नगर, आई.आई.एम. रोड, लखनऊ-226013 (उ.प्र.)

**रिक्ति**

आईआईएम लखनऊ अनुबंध के आधार पर 42 गैर-शैक्षणिक पदों हेतु आवेदन आमंत्रित करता है-

वरिष्ठ प्रबन्धक - 1 पद, प्रबन्धक - 1 पद, सहायक उद्यान अधिकारी - 1 पद, उप-प्रबन्धक - 3 पद, सहायक प्रबन्धक - 3 पद, कनिष्ठ प्रबन्धक - 14 पद, कार्यक्रम सहायक - 19 पद

विस्तृत विवरण हेतु कृपया संस्थान की वेबसाइट www.iiml.ac.in देखें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

**ADVIKA INTERNATIONAL SCHOOL**
Chetiya, Bansi, Siddharth Nagar

Invites dynamic, competent, computer savvy, result-oriented, well experienced & meritorious candidates for the following positions:

1. PGT- All subject (Post Graduate in specific subject with B.Ed/TET/CTET Min. 3 Years Experience)
2. TGT- All subject (Post Graduate with B.Ed/TET/CTET, Min 3 Years Experience)
3. PRT-All subject (Graduate with B.Ed, D.El.Ed/TET/CTET Min.3 Years Experience)
4. PPRT- NTT/ Montessori trained Teachers
for music, Dance, Art & crafts, /Sports/PE teachers/Coaches.
5. Non-Academic - Office/ Front Desk Staff, Accounts Assistant, Computer operator, Junior Librarian

Free accommodation with food for Teachers inside school campus.
Salary will not be a constraint for the eligible candidate.
Interested Candidates can send resume to internationalschooladvika@gmail.com. before 28.01.2026.
Only shortlisted candidates will be contacted for the interview.

Apply online through the school website-
https://forms.gle/WKGGpWfjPCF1H3ZR9 Whatsapp no. - 9670047400

**रेल विकास निगम लिमिटेड**
Rail Vikas Nigam Limited
(A Government of India Enterprise)

विज्ञापन सं. 30/2025 | दिनांक: 29.12.2025

**रेल विकास निगम लिमिटेड (RVNL)**

नियमित आधार पर निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| पद | ग्रेड/वेतनमान (IDA) | पदों की संख्या | पदस्थापन | आवश्यक योग्यता एवं ग्रेड | आयु |
|---|---|---|---|---|---|
| महा प्रबंधक (आईटी) | E-8 (₹1,20,000 - ₹2,80,000) + भत्ते | 01 (अना-रक्षित) | कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली | बी.ई. / बी.टेक (CS / IT / ECE या समकक्ष) / MCA / M.Sc.(CS / IT) के साथ में Govt. / PSU में 15 वर्ष का अनुभव। ग्रेड CDA लेवल-14 / लेवल-13 (17 वर्ष ग्रुप 'A') अथवा IDA E-8 या E-7 (4 वर्ष) | अधिकतम 57 वर्ष |

आवेदन प्रारंभ तिथि: 29.12.2025
आवेदन की अंतिम तिथि: 27.01.2026 (रात्रि 23:59 बजे तक)
आवेदन का माध्यम: केवल ई-मेल द्वारा - career@rvnl.org

विस्तृत विवरण (योग्यता एवं अनुभव) हेतु वेबसाइट देखें: http://www.rvnl.org-Career-Jobs

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बिजनेस प्रोसेस रि-इंजीनियरिंग विभाग में संविदा आधार पर पेशेवरों की भर्ती के लिए सूचना**

भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा अपने बिजनेस प्रोसेस री-इंजीनियरिंग विभाग में संविदा आधार पर पेशेवर की भर्ती कर रहा है।

| कंपनी | पद | रिक्ति |
|---|---|---|
| बिजनेस प्रोसेस री-इंजीनियरिंग विभाग | वाइस प्रेसिडेंट: ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट | 1 |

पात्रता मानदंड (आयु, योग्यता और अनुभव) अपेक्षित शुल्क और अन्य विवरण बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट https://bankofbaroda.bank.in पर → कैरियर पृष्ठ → वर्तमान अवसर → बिजनेस प्रोसेस रि-इंजीनियरिंग विभाग में संविदा आधार पर वाइस-प्रेसिडेंट की भर्ती विज्ञापन संख्या BOB/HRM/REC/ADVT/2025/19 को देखें।

उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन को अच्छी तरह पढ़ लें और आवेदन करने तथा शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता और अन्य विवरणों की जांच करना सुनिश्चित कर लें।

किसी भी अतिरिक्त सूचना/शुद्धिपत्र/संशोधन को केवल बैंक की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन और शुल्क के भुगतान की दिनांक: 26.12.2025 (अर्द्धरात्रि 00.00 बजे) से 15.01.2026 (23:59 बजे) तक।

स्थान: मुंबई
दिनांक: 26.12.2025
मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन)

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लिमिटेड (बीजीएसएस) में संविदा आधार पर एमडी और सीईओ की भर्ती के लिए सूचना**

भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा अपनी अनुषंगी - बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लिमिटेड (बीजीएसएल) में संविदा आधार पर एमडी और सीईओ की भर्ती कर रहा है।

| कंपनी | पद | रिक्ति |
|---|---|---|
| बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लिमिटेड (पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी) | एमडी एवं सीईओ | 1 |

पात्रता मानदंड (आयु, योग्यता और अनुभव) अपेक्षित शुल्क और अन्य विवरण बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट https://bankofbaroda.bank.in पर → कैरियर पृष्ठ → वर्तमान अवसर → बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लिमिटेड (बीजीएसएल) में संविदा आधार पर एमडी एवं सीईओ की भर्ती विज्ञापन संख्या BOB/HRM/REC/ADVT/2025/18 को देखें।

उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन को अच्छी तरह पढ़ लें और आवेदन करने तथा शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता और अन्य विवरणों की जांच करना सुनिश्चित कर लें।

किसी भी अतिरिक्त सूचना/शुद्धिपत्र/संशोधन को केवल बैंक की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन और शुल्क के भुगतान की तारीख: 26.12.2025 (अर्द्धरात्रि 00.00 बजे) से 15.01.2026 (23:59 बजे) तक।

स्थान: मुंबई
दिनांक: 26.12.2025
मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन)

**DELHI PUBLIC SCHOOL**
(Under The Aegis of DPS Society, East of Kailash New Delhi)
www.dpsfirozabad.com, enquiry@dpsfirozabad.com

**INVITES APPLICATION FOR VACANCIES**

Applications are invited from qualified candidates with public school experience, excellent communication skills and proficiency in skills relevant to the posts.

- Mother Teachers : Grade Nur. to Grade 2
- PRT/TGT : Mathematics, English, Hindi, EVS, Science, Social Studies
- PGT : English, Physics, Chemistry, Maths, Computer Science, Fine Arts, Home Science, Psychology, Business Studies, Accountancy, Economics, Political Science & History.
- Activity Teachers : Dance, Music
- Technology Trainers : AI-Robotics & Coding
- Coaches : Swimming, Football, Cricket, Basketball, Badminton, Athletics
- Co-ordinators : Primary, Secondary and Senior Secondary Sections; Post Graduate/Graduate and B.ED With 5 To 7 Years of Experience
- Admin Staff : Admin Manager, HR Manager, IT Incharge Accountant, Admin Counsler

Qualifications: As per CBSE/DPS SOCIETY Norms. Preference will be given to candidates with 3+years of experience. You must have Excellent English Communication skills. Competitive Salary with HRA/ Accommodation will be offered to the selected candidates.
Only apply if you are willing to relocate to Firozabad.

Send your latest updated CV with all relevant documents and Latest PP Size photograph to careers@dpsfirozabad.com

CAMPUS : VILL. DAULATPUR, BAMBA BYPASS, FIROZABAD.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH10 User: cci Time: 12-31-2025 22:12 Color:



# 2025 का सबसे बड़ा ट्रेंड सोशल मीडिया का असर

देखा, समझा, महसूस किया फिर ट्रेंड को फॉलो कर लाइफस्टाइल बदली।

## 1 ट्रैवल ट्रेंड का बदला मिजाज़

### कुछ नया करने की कोशिश से हुई नए ट्रेंड और सोच की शुरुआत

■ **ट्रैवल प्लान में महिलाएं आगे रहीं :** 2025 में ट्रैवल के मामले में महिलाएं आगे दिखाई दीं। उन्होंने ना सिर्फ प्लान बनाए बल्कि फैमिली-फ्रेंड्स के साथ ट्रैवल का नेतृत्व भी किया। ट्रैवल प्लैटफॉर्म बुकिंग डॉटकॉम की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, 73 प्रतिशत ने माना कि इस साल ट्रैवल प्लानिंग में महिलाएं आगे रहीं। ट्रैवल प्लानिंग, बजट जैसे कामों की कमान उन्होंने थामी। स्वान टूर के फाउंडर गौरव चावला बताते हैं, 'इस साल विमन ओनली ग्रुप काफी पॉपुलर रहे। माना जाता था कि हाउसवाइफ घूमने के लिए बाहर नहीं निकल पाती हैं। मगर अब उनका ग्रुप भी शॉर्ट ट्रिप पर जा रहा है।' क्लिलिमिलिया की रिपोर्ट के अनुसार, आज महिलाएं ट्रैवल एक्सपीरियंस से संबंधित प्लानिंग कर रही। दो लाख से ज्यादा ट्रैवल प्लान्स की स्टडी में सामने आया कि महिलाएं देश की 72% छुट्टियों को प्लान करने में अहम रोल अदा कर रही हैं।'



■ **ग्रॉसरी टूरिज़म पॉपुलर हुआ, खास चीजें आईं घर**

ट्रैवल के दौरान पहले लोग स्थानीय कपड़े, मैग्नेट्स जैसी चीजें खरीदते थे, 2025 में यह ट्रेंड बदला है। 2025 में ग्रॉसरी टूरिज्म के ट्रेंड ने एंट्री की। अब लोग जहां घूमने जा रहे हैं, वहां से खाने-पीने की फेमस चीजें और मसाले लेकर आ रहे हैं। एक्सपीडिया की 'अनपैक 25 ट्रेंड्स रिपोर्ट' में बताया गया कि 39 प्रतिशत ट्रैवलर्स स्थानीय ग्रॉसरी स्टोर जाते हैं और 44 प्रतिशत टूरिस्ट दुकानों से वह स्थानीय चीजें खरीदते हैं, जो उन्हें अपने यहां नहीं मिलती हैं।

■ **सोशल मीडिया बना डिफाइनर**

2025 में कई देश युद्ध में उलझे रहे या कुछ में वॉर जैसी स्थिति थी। ऐसे में कहीं घूमने का प्लान बनाना आसान नहीं था। लेकिन सोशल मीडिया का ट्रैवल इंडस्ट्री पर असर दिखा। ट्रैवल कंपनी अमिगो अलायंस के अनुज बंसल कहते हैं, 'रील्स को देखकर लोगों ने घूमने के प्लान बनाए। वहीं तमाम ट्रैवलर्स ने अपनी रील्स के लिए नई-नई जगह एक्सप्लोर की।' भारतीय यूजर्स के व्यूज पाने के लिए भी विदेशी क्रिएटर्स भारत की जगहें एक्सप्लोर करने आए।

■ **गोवा, बाली जैसी जगह बुजुर्गों के टूर**

2025 में सीनियर सिटीजंस भी गोवा और बाली जैसी जगह एंजॉय करने पहुंचे। स्वान टूर के फाउंडर गौरव चावला ने बताया, 'बड़े-बुजुर्ग धार्मिक यात्रा के अलावा अब गोवा भी जा रहे हैं। इसके अलावा बुजुर्गों के बीच बाली भी लोकप्रिय हो रहा है।'




## 2 ऑनलाइन/ऑफलाइन शॉपिंग ट्रेंड

### इस साल बदलावों से भरी रही शॉपिंग की दुनिया

■ **10 मिनट शॉपिंग-** 2025 में क्विक कॉमर्स (यानी 10 मिनट की डिलिवरी) का ट्रेंड बढ़ा। RedSeer की रिपोर्ट के मुताबिक, हर महीने 150 से अधिक शहरों के 3.3 करोड़ यूजर्स इसे यूज कर रहे हैं, अनुमान है कि 2030 तक हर ब्रैंड की कमाई का 10% हिस्सा क्विक कॉमर्स से आएगा। यही वजह रही कि Amazon Now और Flipkart Minutes लॉन्च किए।

■ **पहले ऑनलाइन में चेकिंग**

Deloitte-FICCI की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में कुछ खरीदने से पहले 100 में से 73 भारतीय पहले उसकी ऑनलाइन मार्केट में देखते हैं। भले वह उसे दुकान से लें। लेकिन फैसला ऑनलाइन देखकर लेते हैं।

■ **युवा सबसे आगे -** फ्लिपकार्ट की कंपनी शॉप्सी की ओर से जारी फेस्टिव इनसाइट्स रिपोर्ट के मुताबिक 18 से 34 उम्र के लोगों ने कुल ऑर्डरों में लगभग 80 फीसदी योगदान दिया। इनमें भी 25-34 वर्ष के खरीदार सबसे आगे रहे, जिन्होंने 46% ऑर्डर दिए जबकि 18-24 वर्ष के युवाओं का हिस्सा 34% रहा। इस साल 50-55 साल तक की उम्र के लोगों ने भी काफी ऑनलाइन शॉपिंग की।



**फिजिटल शॉपिंग**

लोगों ने बीते साल 'फिजिटल' (Phygital - Physical+Digital) शॉपिंग का भी एक्सपीरियंस लिया। शॉपिंग सिर्फ एक जरूरत नहीं, बल्कि एक अनुभव-आधारित एक्टिविटी है। सर्विस कंपनी PwC के मुताबिक, करीब 79% युवा सेल टाइम का इंतजार करते हैं। डील और डिस्काउंट कोड्स को सर्च करने का ट्रेंड भी इस साल 14% तक बढ़ गया है।

**2025 में लौटकर आया Y2K फैशन ट्रेंड, 21 लाख से ज्यादा ने किया इसे सर्च**

पहले लोग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर ब्राउजिंग करते रहते थे, और जो प्रोडक्ट भा गया, उसे ऑर्डर कर देते थे। लेकिन इस साल भारतीय कस्टमर्स ने किसी भी ऑर्डर करने से पहले उसके बारे में अच्छे से जांच-पड़ताल की। फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार इस बारे में कहते हैं, 'अब ग्राहक अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर जाकर जानकारी लेते हैं, तुलना करते हैं और तभी प्रोडक्ट को घर मंगाते हैं। सिर्फ 2025 में ही, एक Y2K फैशन ट्रेंड से जुड़े 21 लाख से ज्यादा सर्च फ्लिपकार्ट पर हुए।

## 3 फिटनेस के ट्रेंड पर रही सबकी नज़र

### जिम लग्ज़री लाइफस्टाइल का हिस्सा बना

■ **जिम में रील का जलवा -** जिम अब दोस्त बनाने, सामाजिक दायरा बढ़ाने और लाइफस्टाइल शो-ऑफ की जगह भी बन गए हैं। फिटनेस ट्रेनर और पूर्व मिस्टर वर्ल्ड पारस गुप्ता कहते हैं, 'पहले भी जिम में लोगों के दोस्त बनते थे, लेकिन मकसद वह नहीं होता था। वहीं सोशल मीडिया ने युवाओं में परफेक्ट बॉडी की नई सोच गढ़ी है और उन्हें लगता है कि फिट दिखना ही फिट होना होता है। इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब वर्कआउट्स और फिटनेस सिलेब्रिटी कल्चर ने जिम को एक लग्जरी लाइफस्टाइल में बदला है। यही वजह है कि यहां जिम में रील बनाने वाले युवा बढ़ रहे हैं।

■ **मेंटल हेल्थ पर फोकस** - मेंटल हेल्थ पर योग और मेडिटेशन का सहारा लिया जा रहा है। माइंडफुल मूवमेंट्स का ट्रेंड बढ़ा है। योग, ताई ची और धीमी स्ट्रेचिंग मूवमेंट्स इसके उदाहरण हैं।



■ **एआई का सहारा** - न्यूट्रिशनल प्लान बनाने के लिए, कैलोरी ट्रैकिंग, मसल्स एनालिसिस और फिटनेस से जुड़ी सलाह के लिए लोग AI पर भरोसा कर रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भी युवा AI चैट से सलाह ले रहे हैं। स्मार्ट वॉच, फिटनेस ऐप्स और ऑनलाइन ट्रैकिंग ने लोगों को अपनी रोजमर्रा की एक्टिविटी समझने में मदद की है।

**उम्र का बंधन नहीं**

फिटनेस एक्सपर्ट और एशिया चैंपियन रह चुके कपिल कहते हैं कि टीनेजर्स में फिटनेस का क्रेज पहले भी था लेकिन वह आमतौर पर 15-18 साल के बाद नजर आता था। मगर अब 14-15 साल के युवा भी जिम पहुंच रहे हैं और इसकी वजह है छोटे घर व आसपास पार्कों का न होना। प्रदूषण में खुद को फिट रखने की चुनौती है। 50 साल के लोग भी जिम में पहुंच रहे हैं। 50 साल से ज्यादा उम्र के अरुण कुमार कहते हैं कि पॉल्यूशन बढ़ रहा है और फिट नहीं रहे, तो उससे लड़ नहीं पाएंगे। अच्छा दिखना सबको पसंद है, लेकिन स्वस्थ रहना भी जरूरी है।

## 4 खाने का नया ट्रेंड

### स्वाद के साथ फूड हेल्दी हो, इस पर रहा फोकस

■ **इंस्टाग्राम से थाली तक -** सेलिब्रिटी शेफ संजीव कपूर के अनुसार, 2025 में फूड ट्रेंड्स में बदलाव साफ नजर आए। उन्होंने कहा, 'कुछ ट्रेंड्स सोशल मीडिया से शुरू हुए और कुछ सीधे हमारे किचन तक पहुंचे।' इस साल लोगों ने कोरियन फूड से लेकर मिडिल ईस्ट की लोकप्रिय स्वीट डिश कुनाफा तक नए और ग्लोबल फ्लेवर्स को खुले दिल से अपनाया। मिलेट्स की मजबूत वापसी हुई।

■ **गट का खयाल -** गट-फ्रेंडली फूड, फर्मेंटेड फूड्स और एंटी-इन्फ्लेमेटरी डाइट्स का ट्रेंड तेजी से बढ़ा। अब लोग स्वाद के साथ पाचन, इम्यूनिटी और ओवरऑल वेलनेस को ध्यान में रखकर खाने का चुनाव करने लगे। मिठाइयों में भी बड़ा बदलाव दिखा।



**कोरियन और मेक्सिकन फ्लेवर्स वाली डिशेज का भी रहा क्रेज**

डाइटीशियन अनुष्का श्रीवास्तव के मुताबिक, 2025 में कोरियन, वियतनामी और मैक्सिकन फ्लेवर्स वाली डिशेज का क्रेज सबसे ज्यादा रहा। उन्होंने कहा, 'थीम-बेस्ड डाइनिंग, स्वीची यानी मीठा-तीखा स्वाद और क्रिएटिव बेकिंग ने खाने के अनुभव को और मजेदार बना दिया।' एक फूड सर्वे में बताया है कि 2025 में हल्का, हेल्दी और ग्लोबल ट्विस्ट वाला खाना सबसे ज्यादा पसंद किया गया।



# 'असली' फैक्ट्रियों में बन रहा था नकली घी, 1131 Kg घी बरामद

## उत्तम नगर और कंझावला इंडस्ट्रियल एरिया में नकली सामान के रैकेट का भंडाफोड़

NBT 2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**ब्रैंडेड कंपनियों** के नकली सामान बनाने, स्टोर करने और बेचने वाले एक रैकेट का क्राइम ब्रांच ने भंडाफोड़ किया है। उत्तम नगर और कंझावला इंडस्ट्रियल एरिया में नकली घी बनाने की फैक्ट्री चल रही थी। 1131 किग्रा नकली घी, 8,640 ईनो पैक, 1,200 पैक ऑल आउट, 1,152 वीट क्रीम के पैक और 3,000 किग्रा नमक के अलावा माल ढुलाई के लिए इस्तेमाल टैंपो भी बरामद किया गया है।

आरोपी उत्तम नगर के नितिन कुमार (38), रजत सिंघल उर्फ चिंटू (38), सुरेंद्र गुर्जर (45) और मंगोलपुरी के मुजाहिद उर्फ कार्तिक (38) को अरेस्ट किया गया है। डीसीपी (क्राइम) विक्रम सिंह के मुताबिक, उत्तम नगर के जी-ब्लॉक में नकली घी समेत अन्य सामान की डिलिवरी सोमवार दोपहर को होने की सूचना मिली थी। एसीपी सुनील श्रीवास्तव और इंस्पेक्टर लिछमन की देखरेख में बनी एसआई शैलेंद्र तिवारी की टीम ने करीब 2:15 बजे नकली माल लदे टैंपो समेत आरोपियों को दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपी नितिन ने कंझावला इंडस्ट्रियल एरिया में नकली घी बनाने की यूनिट की जानकारी दी, जहां रेड में नकली घी, पैकिंग मशीनें, नकली रैपर और अन्य सामान रिकवर हुआ। केस दर्ज कर चार आरोपियों को अरेस्ट किया गया। जांच में निहाल विहार स्थित निलोठी एक्सटेंशन में नकली टाटा नमक के अवैध स्टोरेज, रीपैकिंग और बनाने की यूनिट का पता चला। वहां से 2,000 किग्रा नकली नमक बरामद किया। कई मशीनों के अलावा काफी मात्रा में टाटा नमक के खाली पाउच और प्लास्टिक की बोरियां मिलीं। आरोपी अमूल, पतंजलि, मधुसूदन घी के अलावा टाटा सॉल्ट, ईनो, ऑल आउट और वीट जैसे नामी ब्रैंड्स के खाली टिन, नकली रैपर और पैकेजिंग सामान खरीदते थे। घी मिलावटी कच्चे माल से बनाया जाता था, जाली लेबल लगाकर रीपैक किया जाता था।



नकली नमक, ईनो, ऑल आउट और वीट क्रीम भी बरामद

**सस्ते में बेचते थे नकली माल:** नकली सामान गोदामों में रखा जाता था। टेंपो और डिलिवरी एजेंट्स के जरिए से सप्लाई किया जाता था। लोकल मार्केट और थोक चैनलों में इन्हें असली सामान के रूप में सस्ते रेट पर बेचा जाता था। इससे आरोपी भारी मुनाफा कमा रहे थे। इससे आम जनता की हेल्थ को खतरे में डालने और भरोसा तोड़ने और कॉपीराइट का उल्लंघन कर रहे थे।

**ऐसे काम कर रहा था रैकेट**

■ **नितिन कुमार:** लंबे समय से घरेलू प्रोडक्ट्स की ट्रेडिंग से जुड़ा, नकली घी फैक्ट्री का संचालन करता था।

■ **रजत सिंघल, सुरेंद्र गुर्जर:** लोकल बाजारों में नकली सामान की सप्लाई और बिक्री में शामिल।

■ **मुजाहिद उर्फ कार्तिक:** नकली ऑल आउट और वीट की सप्लाई से जुड़ा, डिलिवरी नेटवर्क संभालता था।

लाखों एक्टिव म्यूल अकाउंट्स पर पुलिस करेगी कार्रवाई

# 2026 में साइबर क्राइम के सबसे बड़े 'हथियार' पर चलेगा 'हंटर'


Vishal.Sharma3@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** साल 2025 में भारत में म्यूल अकाउंट्स के जरिए हजारों करोड़ों रुपये की साइबर ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग एक बड़े संकट के रूप में उभरी है। इसी के मद्देनजर ऑपरेशन CyHawk में दिल्ली पुलिस और सेंट्रल एजेंसियों ने साइबर क्राइम से जुड़े हजारों म्यूल बैंक अकाउंट्स का पता लगा लिया है। पुलिस का कहना है कि चिह्नित म्यूल अकाउंट्स पर 2026 में हंटर चलेगा। साल 2025 में दिल्ली के लोगों से करीब 1,272 करोड़ रुपये की साइबर ठगी हुई थी। साइबर ठगी के करीब 1,600 मामले दर्ज हुए। इन सभी रकम का म्यूल अकाउंट के जरिए ट्रांजैक्शन हुआ था।

सूत्रों के मुताबिक, सेंट्रल एजेंसियों की मदद से दिल्ली पुलिस ने कई बैंकों में संदिग्ध अकाउंट्स की मैपिंग और उनका वेरिफिकेशन किया है। इनमें अधिकतर म्यूल अकाउंट गांव देहात/जरूरतमंद/जॉब ऑफर/मंथली इनकम के लालच में फंसाए हुए लोगों के हैं। इन्हें मालूम ही नहीं कि उनके बैंक अकाउंट्स में लाखों करोड़ों की ट्रांजैक्शन हो रही है। एक बार बैंकिंग सिस्टम में आ जाने के बाद ये अकाउंट सामान्य बैंक अकाउंट की तरह ही काम करते हैं, जिससे बैंकों को इनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है।

RBI ने MuleHunter.AI से पुलिस और जांच एजेंसियों को ईजी टूल दे दिया है। AI बेस्ड सॉफ्टवेयर, जिसे रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) ने म्यूल बैंक अकाउंट की पहचान के लिए डिवेलप किया है। यह रियल-टाइम निगरानी, संदिग्ध खातों की पहचान, संदेहास्पद एक्टिविटी को स्पीड से फ्लैग करता है।

AI image



**कैसे फैला है म्यूल अकाउंट्स का जाल?**

■ **खुद पुलिस** बता रही है कि विदेशों में बैठे साइबर क्रिमिनल भारत में कमिशन एजेंट बनाते हैं। यही कमिशन एजेंट अपने आसपास के गरीब, बेरोजगार व जरूरतमंद लोगों से सरकारी योजना का लाभ दिलाने, नौकरी का लालच देकर उनके कागजात लेकर उनके नाम से बैंकों में खाते खुलवाते हैं। इसके बाद बैंक की पासबुक, डेबिट कार्ड, चेक बुक समेत पूरी किट ले लेते हैं। उन्हीं दस्तावेजों पर सिम कार्ड खरीद लिए जाते हैं। मोबाइल में डालकर ऑनलाइन पेमेंट ऐप इस्तेमाल करते हैं। ऑनलाइन बैंकिंग भी करते हैं। कमीशन एजेंट का नेटवर्क दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, पंजाब, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में फैला है। खासकर गरीब को राशन, जरूरत के सामान और मंथली इनकम का लालच दिया जाता है।

# रिटायर हुए 137 पुलिसकर्मियों को दिया सम्मान, मिला ऑनरेरी रैंक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली पुलिस** के इतिहास में पहली बार रिटायरमेंट के दिन रिटायर्ड होने वाले पुलिसकर्मियों को मौजूदा पद से एक रैंक ज्यादा देकर विदा किया गया। पुलिस हेडक्वॉर्टर में बुधवार को 137 पुलिसकर्मियों को इस ऑनरेरी रैंक से नवाजा गया। सीपी सतीश गोलचा ने समारोह के दौरान 2 कॉन्स्टेबल्स को हेड कॉन्स्टेबल, छह हवलदारों को असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (ASI), 33 एएसआई को सब-इंस्पेक्टर (SI) और 96 एसआई को इंस्पेक्टर रैंक का बैज पहनाया।

**दिल्ली पुलिस के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा**

पुलिस अफसरों के मुताबिक, एलजी वीके सक्सेना के कॉन्स्टेबल से एसआई रैंक तक के स्टाफ के लिए ऑनरेरी प्रमोशन स्कीम को मंजूरी देने के बाद यह पहला समारोह था। सीपी ने दिल्ली पुलिस की तरफ से रिटायरमेंट के वक्त ऑनरेरी प्रमोशन देने के इस प्रस्ताव को मंजूरी देने पर गृह मंत्रालय और एलजी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने सर्विस के दौरान विभाग और समाज के लिए किए गए रिटायर हो रहे पुलिसकर्मियों के योगदान की सराहना की और सभी को सुखद, स्वस्थ और सम्मानपूर्ण जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर स्पेशल सीपी (एचआरडी) रॉबिन हिबू, जॉइंट सीपी (हेडक्वॉर्टर) सुमन गोयल, अडिशनल सीपी (कार्मिक) संजय भाटिया, डीसीपी (हेडक्वॉर्टर) राकेश पवरिया समेत कई अफसर मौजूद रहे।



हेडक्वॉर्टर में बुधवार को हुआ कार्यक्रम, पुलिस कमिश्नर ने किया सम्मानित

# 48 घंटे में 697 आरोपी दबोचे

■ **NBT न्यूज, वेस्ट दिल्ली:** न्यू ईयर को लेकर वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने स्ट्रीट क्राइम को रोकने और बदमाशों के खिलाफ की गई कार्रवाई के तहत 697 आरोपियों को गिरफ्तार किया। कुल 1252 लोगों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ लीगल कार्रवाई की गई। साथ ही दिल्ली पुलिस एक्ट के तहत 146 गाड़ियों को जब्त किया गया। DCP शरद दराडे भास्कर ने बताया कि 48 घंटे में यह कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में 1469 पुलिसकर्मियों ने पूरे जिले में कई जगहों पर रेड किया। इस कार्रवाई में बाहरी फोर्स की दो कंपनी भी शामिल थी।



न्यू ईयर को देखते हुए पुलिस टीम का फोकस होटल, रेस्टोरेंट, पब, क्लब मॉल इत्यादि जगहों पर है।

# 'भारत टैक्सी' ऐप दिलाएगा मनमाने किराये और कमिशन से आज़ादी!

## पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस ऐप का चल रहा है ट्रायल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अक्सर ऐसा** होता है। आप जल्दी में हैं, कहीं जल्दी जाना है। लेकिन जब कैब बुक करते हैं तो किराया महंगा दिखता है। ऐसे में या तो आप महंगा किराया देकर जाते हैं या फिर प्लान कैंसल करते हैं। वहीं, वर्तमान में मौजूद प्राइवेट कैब बुकिंग ऐप के जरिए कैब चलाने वाले ड्राइवरों की अक्सर शिकायत रहती है कि उन्हें ज्यादा कमीशन देना पड़ता है, जितना मुनाफा होना चाहिए, उतना नहीं होता है। ऐसे लोगों और ड्राइवरों के लिए अब एक सहकारी कैब बुकिंग ऐप 'भारत टैक्सी' बेहतर विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। अभी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस ऐप का ट्रायल चल रहा है और देशभर में एक लाख से ज्यादा लोग इसे डाउनलोड कर चुके हैं।

AI image



कस्टमर के हिसाब से इसमें पीक टाइम पर किराया नहीं बढ़ेगा, यानी हमेशा एक ही किराया रहेगा। इस बारे में कैब ड्राइवर शिशुपाल सिंह ने कहा कि मैं तो इस ऐप से जुड़ भी चुका हूं। एक महीने हो गए। इसकी खासियत यह है कि जब कोई कस्टमर कैब बुक करेगा तो जितने रुपये में बुकिंग दिखाएगा उतने ही रुपये लगेंगे, यह रेट हमेशा रहेगा। हालांकि उनका कहना है कि अभी कस्टमर नहीं मिल रहे हैं, लेकिन मुझे इतना पता है कि इसमें हमारा ज्यादा फायदा है, हमें अपने कैब एग्रीगेटर को कमीशन नहीं देना पड़ेगा। इस ऐप से ड्राइवरों को होने वाले फायदे के बारे में कैब ड्राइवर राहुल पोखर ने कहा कि अभी अलग-अलग कैब एग्रीगेटर में नियम भी अलग हैं। एक कंपनी में 150 रुपये का रिचार्ज कराना होता है, यह 24 घंटे के लिए मान्य होता है। इसी प्रकार एक अन्य कंपनी में 500 रुपये लेते हैं, इसके बाद आप 10 हजार किलोमीटर चल सकते हैं। अगर रिचार्ज नहीं कराते हैं तो कमीशन के तौर पर 39 रुपये और 18 पर्सेंट जीएसटी देना होता है। इसलिए इस नए ऐप से हमें बहुत उम्मीद है।

इस बारे में कैब ड्राइवर सलीम ने कहा कि जब दिल्ली में शुरू होगा तो मैं तो इसे जरूर यूज करूंगा। बहुत काम की चीज है। इस बारे में कैब ड्राइवर शिवम यादव ने भी कहा कि सुना तो है लेकिन अभी ज्यादा पता नहीं है।

# 'सुधार गृह' से निकल हो गया बालिग, स्कूटी चोरी कर की स्नैचिंग

■ **NBT रिपोर्ट, कश्मीरी गेट :** बाल सुधार गृह से 7 दिसंबर को जैसे ही बाहर आया, वह बालिग हो गया। आदतन ने अपराध नहीं छोड़ा। पहले चांदनी चौक से स्कूटी चोरी की। फिर चोरी की स्कूटी से स्नैचिंग करने लगा। कश्मीरी गेट इलाके में बैंक कर्मचारी से मोबाइल छीनकर भाग था। लेकिन पकड़े हुए ट्रैक सूट से पकड़ा गया। इसकी पहचान 18 वर्षीय मोहम्मद अदनान के तौर पर हुई है।

पुलिस अफसर के मुताबिक PCR कॉल आई जिसमें भजनपुरा निवासी एक स्कूटी सवार जतिन ने बताया कि वह HDFC बैंक में कार्यरत है। उससे लूट हुई है। यह वारदात उस समय हुई जब वह पुल डफरिन के पास अपने कस्टमर का इंतजार कर रहे थे। केस की इन्वेस्टिगेशन के दौरान टीम ने आस-पास के कई CCTV कैमरों के फुटेज चेक किए। इसमें पीड़ित का मोबाइल फोन छीनकर बदमाश को स्कूटी पर भागते हुए देखा गया।

# हाशिम बाबा के गैंग से बचा तो भतीजों ने उतारा मौत के घाट

## वसीम को GTB मारने पहुंचे थे शूटर, तब दूसरे मरीज़ का हुआ था मर्डर

Shanker.Singh@timesofindia.com



Surender Kumar

खूंखार गैंगस्टर हाशिम बाबा को सीधी चुनौती देने वाले बदमाश वसीम (33) की मंगलवार रात चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई

■ **नई दिल्ली:** खूंखार गैंगस्टर हाशिम बाबा को सीधी चुनौती देने वाले बदमाश वसीम (33) की मंगलवार रात चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। बाबा के शूटरों के दो बार कातिलाना हमला करने के बावजूद वसीम बचने में कामयाब रहा था। इसके बाद भी गैंग के बदमाश इसे मारने की फिराक में थे, लेकिन सफल नहीं हो पा रहे थे। पुलिस का दावा है कि अबकी बार पारिवारिक प्रॉपर्टी विवाद में वसीम को उसके सगे भतीजों ने मंगलवार रात को मौत के घाट उतार दिया। शास्त्री पार्क पुलिस ने आरोपी दो सगे भाई शाकिर (26) और इस्लाम उर्फ बॉडर (22) को गिरफ्तार किया है। इनसे वारदात में इस्तेमाल चाकू रिकवर कर लिया है।

**शास्त्री पार्क पुलिस ने आरोपी दो सगे भाई को अरेस्ट किया**

पुलिस अफसरों के मुताबिक, वसीम परिवार समेत शास्त्री पार्क के बुलंद मस्जिद में रहता था। फैमिली में पत्नी आफरीन, एक बेटा और एक बेटी हैं। इस पर लूट, चोरी, जानलेवा हमले और आर्म्स एक्ट समेत करीब 20 मुकदमे दर्ज थे। वह शास्त्री पार्क थाने का घोषित बदमाश था। नॉर्थ ईस्ट जिला पुलिस ने इसे दो-तीन महीने पहले ही तड़ीपार किया था। इसलिए, वे दिल्ली छोड़कर गाजियाबाद के लोनी एरिया में रह रहा था।

इसके पिता हसमत की दो शादियां हैं। इसकी कश्मीरी मूल की सौतेली मां का बेटा असगर अली है। एक दुकान को लेकर पारिवारिक विवाद था। सौतेला भाई असगर कश्मीर गया हुआ था।

दुकान को लेकर असगर के बेटे शाकिर और वसीम की पत्नी आफरीन के बीच मंगलवार को विवाद हुआ। आफरीन ने 'दिल्ली आउट' चल रहे वसीम को कॉल कर बुला लिया। सूत्रों का दावा है कि वसीम ने रात करीब 12 बजे आकर शाकिर पर फायरिंग की थी, जो बच गया। इसके बाद शाकिर और उसके भाई इस्लाम ने वसीम पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए।

हाशिम बाबा के शूटरों के पिछले साल गोलियां मारने से वसीम की अंतड़ियां पहले से ही बाहर थीं, जो चाकू मारने से फट गईं और जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी दोनों भतीजों को अरेस्ट कर लिया।


### बाबा के गुर्गों को जेल में मारे थे ब्लेड

पुलिस अफसरों ने बताया कि वसीम खतरा था, जिसे ब्लेड मारने में महारत थी। मंडोली जेल में हाशिम बाबा के करीबी सुहेल चप्पल समेत कई गुर्गों पर हमला किया था। वह बाबा तक को ब्लेड मारने का ऐलान कर चुका था। इसलिए गिरोह ने मर्डर करने की साजिश रची थी। समीर उर्फ बाबा समेत कुछ बदमाशों ने 12 जून 2024 की देर रात वेलकम में वसीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। पेट में गोलियां लगने के बावजूद वो बच गया था। गैंग ने 14 जुलाई 2024 को जीटीबी अस्पताल के भीतर नाबालिग समेत दो शूटर भेजे, जो गलत पहचान में वहां भर्ती अन्य मरीज रियाजुद्दीन की हत्या कर गए। दो नाबालिग और समीर बाबा समेत 11 आरोपियों के खिलाफ केस चल रहा है।

**ब्लेड मारने में महारत थी वसीम को**

# सभी विभागों की साइबर सुरक्षा का ऑडिट करेगी सरकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI image

**केंद्र सरकार** द्वारा जारी दिशा-निर्देशों पर अमल करते हुए दिल्ली सरकार अपने सभी विभागों में लागू साइबर सुरक्षा उपायों का जल्द ही एक व्यापक ऑडिट कराएगी। सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्तरों पर साइबर सुरक्षा मजबूत करने की प्रक्रिया जारी है और ऑडिट से कमियों की पहचान करने में मदद मिलेगी, ताकि किसी भी साइबर खतरे से बचाव के लिए उन्हें दूर किया जा सके। उन्होंने बताया कि आईटी विभाग ने विभागों से सहायक मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारियों की नियुक्ति और आधिकारिक नेटवर्क की साइबर सुरक्षा मजबूत करने के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण भी मांगा गया है।

दिल्ली सरकार के आईटी विभाग ने 2025 की शुरुआत में सभी विभागों को सीनियर लेवल के अधिकारियों को मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (CISO) के रूप में नियुक्त करने का निर्देश दिया था। साथ ही उनके द्वारा अपनाए गए विभिन्न सुरक्षा उपायों पर कार्रवाई की रिपोर्ट भी मांगी थी। अब आईटी विभाग द्वारा सभी विभागाध्यक्षों को हाल ही में भेजे गए एक सर्कुलर में कहा गया है कि चूंकि साइबर और सूचना सुरक्षा सरकार की प्रमुख चिंता है, इसलिए सभी विभागों से अनुरोध है कि वे इस पर विशेष ध्यान दें। सरकार जल्द ही सभी विभागों में सुरक्षा उपायों के अनुपालन का ऑडिट शुरू करेगी।

## फिर नहीं मिले फायर सेफ्टी के इंतज़ाम

■ **NBT न्यूज, नई दिल्ली:** दिल्ली फायर सर्विस ने जवाहर लाल नेहरू भवन का इंस्पेक्शन करने के बाद वहां पाई गई कई कमियों के कारण रिजेक्ट कर दिया है। फायर अधिकारियों ने 23 दिसंबर को उस बिल्डिंग का इंस्पेक्शन किया था। पहले जो कमी वहां पाई गई थी, उसको पूरा नहीं किया गया। फायर सर्विस के द्वारा इससे पहले 24 जनवरी 2025 में भी इंस्पेक्शन किया गया था। वहां मिली कमियों के कारण शॉर्ट कमिंग दिया। अब दिसंबर में इंस्पेक्शन किया, तब भी पूरा नहीं हुआ।

**जवाहर लाल नेहरू भवन का इंस्पेक्शन किया**

इस भवन में विदेश मंत्रालय स्थित है। प्रमुख कमियां में कई जगह से फायर चेक डोर क्लोजर का हटाना, ग्लास का टूटना मिला है। बेसमेंट में लगा हुआ स्मोक मैनेजमेंट सिस्टम फंक्शनल नहीं मिला।

## जूलरी चोरी में पूर्व मेड अरेस्ट

■ **NBT न्यूज, बिंदापुर :** द्वारका जिले के बिंदापुर इलाके में जूलरी चोरी के आरोप में पूर्व घरेलू सहायिका को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भारती उर्फ किरण के रूप में हुई है। वह जून तक पीड़ित महिला के घर में ही काम करती थी। उसी दौरान आरोपी ने घर की नकली चाबी बना ली थी।

पूछताछ में पता चला कि आरोपी महिला अपने परिवार के लिए फ्लैट खरीदना चाहती थी। इसलिए जूलरी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस ने कहा कि 7 दिसंबर से 13 दिसंबर के बीच पीड़ित महिला परिवार सहित शहर से बाहर गई हुई थी। उसी दौरान उनके घर से जूलरी चोरी हो गई। बिंदापुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई। सीसीटीवी चेक किया तो पता चला 12 दिसंबर को मास्क पहने एक महिला घर में घुसी है। उसके बारे में पीड़ित घर की मालिक को बताया तो उसकी पहचान भारती उर्फ किरण के रूप में पहचान की।










TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

विपणन, विज्ञापन और बिक्री

विपणन (मार्केटिंग)

AGRAWAL PLASTOWARE INDUSTRIES PVT. LTD
Sales & Marketing Executive
- Candidate with excellent communication and presentation skills
- Could do primary and secondary research of product of interest
- Self - motivated with strong time management
- Maintain clients data record
- Travel to visit potential client
- Negotiating and closing sales by agreeing terms and condition
- Meeting sales target
Salary will not be a constraint for the right candidate
Interested candidates may mail their resume with latest photo to: agrawalplastowaremktg@gmail.com

तकनीकी

इंजीनियर्स

ELECT. Contracting Co. Req. Young 9 yrs.exp. for Internal Electrification Project - Electrical Engineers, Supervisor; Forman, Accountant & Accounts Asst. Contact : Beam Engrs Ltd. Near Raja Garden, New Delhi. WhatsApp CV- M- 08595523333. Em: mep.inbeam@gmail.com

TO BOOK YOUR RECRUITMENT ADS PLEASE CALL
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE — SCAN QR CODE

केनरा बैंक Canara Bank

सामान्य प्रशासनिक विभाग, क्षे.का. 38, अंसल टॉवर, नेहरू प्लेस, दिल्ली–110019, मो. [illegible] ईमेल: rocgadmdel@canarabank.com

हमारे सम्माननीय ग्राहकों के ध्यानार्थ

हमारे ग्राहकों के लिए हमारी सेवाओं को समेकित और मजबूत करने के हमारे प्रयास में निम्नलिखित शाखा बैंक ही नए पते पर कार्य करेगी और नए पते से सभी प्रकार की बैंकिंग सहायता की पूरा करेगी।

| क्र. सं. | मौजूदा शाखा का नाम और पता | स्थानांतरण के बाद शाखा का नाम और पता |
|---|---|---|
| 1 | देव नगर शाखा (डीपीसीसी–19024) [illegible] नई दिल्ली 110005 | देव नगर शाखा (डीपीसीसी–19024) पता - 24 बी/6 देव बंधु गुप्ता रोड, देव नगर, नई दिल्ली 110005 |

[illegible] 08.01.2026 [illegible] 09.01.2026 से 13.01.2026 [illegible] 14.01.2026 [illegible]

स्थान: नई दिल्ली, दिनांक: 30.12.2026 — उप महाप्रबंधक, दिल्ली, नया दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I Kunal Arora S/o Mr Ramesh Arora R/o E 127 Kamla Nagar, Delhi - 110007 have changed my minor daughters name under affidavit no IN-DL04418677941538X from Mayra Arora to Maiyra Arora having dob 14.09.2012 for all future purposes.

I hitherto known as Sunita Yadav D/o Amrit Singh R/o 1382, Gali No-13, Govindpuri Kalkaji, Aali Ali South Delhi, Delhi-110019 have changed my name and shall hereafter be known as Sandhya Rani.

BOOK YOUR EDUCATION ADS
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

टेंडर और नोटिस

न्यायालय सूचना

(DA-2) NDOH: 16.01.2026(JR)
Publication Notice/Dasti
IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI (ORDINARY ORIGINAL CIVIL JURISDICTION)
CS (OS) No. 895/2024
Manish Kalra ... Plaintiff
Vs.
Neetu Mittal & Ors. ... Defendants
To
DEFENDANTS
1. Mrs. Neetu Mittal W/o Udit Kumar Mittal R/o C-55, 2nd Floor, Panchsheel Enclave, New Delhi-110017
2. Sh. Udit Kumar Mittal, S/o Sh. Rajendra Prasad Mittal R/o C-55, 2nd Floor, Panchsheel Enclave, New Delhi-110017
3. Nidhi Garg @ Nidhi Vikas @ Nidhi Vikaas @ Nidhi Vikash @ Nidhi Gopi Chand W/o Vikas Gopi Chand @ Vikas Garg @ Vikkaas Gopi Chand @ Vikaas Gopi Chand @ Vikash Gopi Chand @ Vikas Gopi Chand Garg and D/o Sharad Mittal @ Vijaya Prahlad Saran R/o 7, Palm Drive, Chattarpur Farms, New Delhi-110074
WHEREAS the plaintiff above mentioned has instituted a SUIT FOR DECLARATION AND CANCELLATION OF SALE DEED DATED 14.09.2016 AND PERMANENT INJUNCTION AGAINST THE DEFENDANTS RESTRAINING THEM FROM INTERFERING WITH THE POSSESSION OF THE PLAINTIFF against you, the above named defendants and whereas it has been shown to the satisfaction of this Court that it is not possible to serve you in the ordinary way therefore, this notice is given by publication directing you, the above named defendants to make appearance before the Joint Registrar (Judicial) of this Court on 16.01.2026 at 11:00AM.
Take notice that in default of your appearance on the day before mentioned, the suit and IA will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the seal of this court in terms of order dated 09.12.2025.
Assistant Registrar (O) For REGISTRAR GENERAL

HEALTH & WELLNESS

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप सबसे पतले बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
₹655
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
2284, मोहिंदा मुख्य रोड, पुरानी दिल्ली • मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

पेशाब
[illegible]
अशोक क्लीनिक
[illegible]

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact Aman : 9312633518

NEW YEAR SPECIAL — TIMES interact

RENT/LEASE
FULLY FURNISHED (3 FLOORS) PROPERTY
Ist, 2nd & 3rd Floor with Working Station, Cabin, Fully Air-cond., Area 1550 Sq. Ft. Each With Pantry & Washrooms, Adjoining Patel Nagar Main Road Three Side open Near Metro Station.
9810855661

MANIFESTING MENTOR
ATTRACT PROSPERITY.
ATTRACT OPPORTUNITIES, SUCCESS & ABUNDANCE.
WISH / WORSHIP UNIVERSE.
Achieve Peace/ Growth.
Karma & Spirituality Ways.
Meet :- AJAY GUPTA (10.30 to 5.30) 82 G.F., World Trade Centre, Barakhamba, C.P., Delhi-1 (Sunday Off)
Mobile: 8882455031

FARM HOUSE, LANDS DELHI & NCR
SALE - PURCHASE - RENT
DELHI, HARYANA, RAJASTHAN
Westend Green Rajokari, Chattarpur, Vasant Kunj, ITC Classic, Agricultural Land, Industrial, Warehouse, Institutional, School, Hotel, Resort, College- Lands
Cont- Hariram Yadav (Delhi): 9810308343, 9810408343

• RBI BONDS
• 8% Shriram / PNB / Bajaj FD
• Sr. Citizen
• 1 Crore Govt. Schemes 52000/- per Month
Gift Plan by Nana Nani, Dada Dadi to Grand Child
"जिन्दगी के साथ भी जिन्दगी के बाद भी"
TAX SAVINGS-TAX FREE PLANS
LIC Sanjay Nidhi Jain (Since 1983)
(M) 9654066136
• NOIDA • GURGAON • DELHI • INDIRAPURAM

स्टार मसाले की ओर से नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
U.S. FDA REGISTERED
52 वर्षों से देश-विदेश में विश्वसनीय
Star® SPICES & DRY FRUITS
CHAT MASALA चाट मसाला
स्टार मसाले® क्वालिटी की गारन्टी वाले
Star Spices are exported to America, Canada, Japan, Russia, Slovakia & Vietnam
6633 Khari Baoli Delhi - 110 006 INDIA — 98911 12363
Email : starmasale@gmail.com

SALE FLOOR / FLAT
READY TO SHIFT, under construction/ booking 200,125,100 yards in PATEL NAGAR
Also 280 sq yards complete commercial property with basement stilt parking, GF,FF,SF,TF with roof in KIRTI NAGAR
CONTACT 9810546993, 9899277810

BOOK YOUR EDUCATION ADS
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. | Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 | South Delhi + Faridabad + Noida | Raghav Arora | 99999 95460 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad + East Delhi | Sunil Srivastava | 99994 99496 | West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

To book your Shopping ads
Please contact Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है की हम **आईएलसी इंफ्रास्ट्रक्चर एलएलपी (पूर्ववर्ती आईएलसी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड)**, जिसका पंजीकृत पता/कार्यालय ४२ए रिंग रोड, लाजपत नगर चार, नई दिल्ली - ११० ०२४ है, उनका निम्नलिखित **अनुसूची** में विवरण दिए गए परिसर पर अधिकार, स्वामित्व और हित की हम जांच कर रहे है, जिसे हमारे मुवक्किल द्वारा लीज एवं लाइसेंस के आधार पर लेने का इरादा है.

कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का नीचे दी गई **अनुसूची** में जीस परिसर का विवरण किया गया है उसपर या उसके किसी भी भाग पर (या उसके एफएसआई या टीडीआर या किसी अन्य एफएसआई या किसी अन्य लाभ) में या उसके विरुद्ध या उस पर या उसके संबंध में कोई भी हिस्सा, अधिकार, हक संपत्ति, हित, दावा या मांग रखने वाले, किसी भी दस्तावेज, समझौते, हिस्सेदारी, बिक्री, आवंटन, वसीयत, उपहार, विनिमय, भार, पट्टा, लाइसेंस, बंधक, प्रभार, अनुबंध, ग्रहणाधिकार, हस्तांतरण, लिस-पेंडन्स, भरणपोषण, कब्जा, उप-पट्टा, उप-किरायेदारी, न्यास, विभाजन, अधिग्रहण, मांग, वसीयत, विरासत, सुगमता, कुर्की, कब्जा, प्रत्यावर्ती अधिकार, विकास अधिकार, आवंटन पत्र या भार या किसी अन्य रूप में हो, या किसी न्यायालय का आदेश/निर्णय/हुक्म हो, विकल्प समझौता हो, या किसी भी अन्य रूप में हो, या अन्यथा किसी भी तरह से या किसी भी कारण से हो उन सभी से निवेदन कीया जाता है की वे अपने दावे से संबंधित दस्तावेजी प्रमाण सहित लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को इस सूचना के प्रकाशित होने के १४ (चौदा) दिनो के भीतर ६१-६२, फ्री प्रेस हाऊस, ६वा मजला, २१५, फ्री प्रेस जर्नल मार्ग, नरिमन पॉइंट, मुंबई - ४०० ०२१ पर सूचित करें, ऐसा न करने पर ऐसे व्यक्ति या व्यक्तिओ का यदि कोई ऐसा अधिकार, हक दावा या मांग हो तो उसे त्याग और/या छोड दिया गया समझा जायेगा.

उपरोक्त अनुसूची का उल्लेख (परिसर का विवरण)

वह सारे युनिट नं. ४०५, ४०६ और ४०७ जिसका कुल कालीन क्षेत्रफल ७,२१० वर्ग फुट है और प्रभार्य/अतिरिक्त क्षेत्रफल ११,११६ वर्ग फुट है, वह सारे युनिट 'गुड अर्थ ट्रेड टॉवर' जिसे टॉवर २ (अधिग्रहण प्रमाण पत्र के अनुसार टॉवर-बी के रूप मे जाना जाता है) के नाम से भी जाना जाता है उस परियोजना की ४थी मंजिल पर स्थित है, जो सेक्टर ६२, गुरूग्राम (गुडगांव), हरियाणा, भारत में स्थित है.

गुड अर्थ ट्रेड टॉवर जिसे टॉवर २ (अधिग्रहण प्रमाण पत्र के अनुसार टॉवर-बी के रूप में जाना जाता है) के नाम से भी जाना जाता है, उसका निर्माण भूमि के उस भाग पर किया गया है जिसका (अ) खेवट/खाता नं. ४२५/५००, रेक्ट नं. ६, किला नं.७(४-३), १४(६-१०) और खेवट/खाता नं. ४११/४९५, रेक्ट नं. ६, किला नं. ८ (१-१६) और खेवट/खाता नं. ४०७/४८९, रेक्ट नं. ६, किला नं. १२/२ (६-११) और खेवट/खाता नं. ४१२/४९६, रेक्ट नं. ६, किला नं. १३ (८-०), ११/१ (७-१०) और खेवट/खाता नं. ४०१/४९३, रेक्ट नं. ६, किला नं. १७ (४-१२) और खेवट/खाता नं. ४०४/४८६, रेक्ट नं. ६, किला नं. १८ (८-०) खेत ०८, (ब) खेवट/खाता नं. ३५१/४३५ रेक्ट नं. ६, किला नं. २२ (८-०), २३ (८-०) खेत दो जो ५२/५२५ तक और (क) खेवट/खाता नं. ३५८/४३४, रेक्ट नं. २४, किला नं. ३ न्यूनतम (३-७) खेत और खेवट/खाता नं. ३५१/४३५ भाग, रेक्ट नं. ६, किला नं. २२ (८-०), २३ (८-०) खेत दो जो ४७३/५२५ भाग तक यह सब गाँव मैदावास रेवेन्यु इस्टेट, तहसील और जिला गुरूग्राम (गुडगांव) में स्थित है.

दिनांक १ जनवरी, २०२६

For DHRUVE LILADHAR & CO. Advocates, Solicitors & Notary

सही/-
श्री भावीक सी. मेहता
भागिदार
६१-६२, फ्री प्रेस हाऊस, ६वा मजला, २१५, फ्री प्रेस जर्नल मार्ग, नरिमन पॉईंट, मुंबई - ४०० ०२१.

**PUBLIC NOTICE**

MY CLIENT intends to purchase Entire First Floor of Property No. D-3/11, Model Town, Delhi, with 25% Share in Stilt parking, from its recorded owners Shri Manish Jain S/o Shri Bimal Parshad Jain, Smt. Sheeta Jain W/o Mr. Manish Jain & Smt. Rupa Jain W/o Shri Bimal Parshad Jain. It is pertinent to mention here that Shri Manish Jain & Smt. Sheeta Jain inherited the half share in the said property on the basis of registered WILL of Smt. Trishla Devi Jain, vide WILL registered as No.463, Dt.4.3.2014, duly registered before Sub-Registrar, Delhi. Now the aforesaid sellers also intends to sell the aforesaid property, therefore, any legal heirs of Late Smt. Trishla Devi Jain W/o Late Shri Dhani Chand Jain and/or any person have any objection or claim then he/she/they shall send their objection or claim in writing at my E-mail address: advocatemanish.chawla@gmail.com within fifteen (15) days from the date of this notice. After Fifteen days from the date of this Notice, any objection or claim shall be treated as null and void and my client, as a bonafide buyer, shall be fully entitled to purchase the said property.

Manish Chawla Advocate
Office No.4, RU-Block Ground Floor, C.S.C. Pitampura, Delhi, 9811139896

निविदाएं (टेंडर्स)

**सार्वजनिक सूचना**

फॉर्म संख्या एनसीएलटी 3ए
राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण,
नई दिल्ली बेंच के समक्ष
सीपी (सीएए) सं. 55/एनडी/2025
कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में
और
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 और अन्य संबंधित प्रावधानों के मामले में
और
निम्नलिखित कंपनियों और उनके शेयरधारकों के बीच समग्र व्यवस्था योजना के मामले में

1. विनमीन हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड
सीन: U24232DL2012PTC242545
एम–134, दूसरी मंजिल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110001
ईमेल: account@quadlifesciences.com
पैन: AAECV2159A
...हस्तांतरणकर्ता कंपनी सं. 1

2. विवाश्वर एथिकल प्राइवेट लिमिटेड
सीन: U24233DL2013PTC247115
एम–134, दूसरी मंजिल, सुपर बाजार के सामने, कनॉट प्लेस, सेंट्रल दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110001
ईमेल: account@quadlifesciences.com
पैन: AAECV3142K
...हस्तांतरणकर्ता कंपनी सं. 2

3. आलोहा लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड
सीन: U24232CH2012PTC034176
एससीओ 333–334, सेक्टर 35–बी, चंडीगढ़–160035
ईमेल: account@quadlifesciences.com
पैन: AAACQ2750L1
...हस्तांतरणकर्ता कंपनी सं. 3

4. गिरीशा लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड
सीन: U24303DL2018PTC339088
एम–255, ग्रेटर कैलाश–II, साउथ दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत–110048
account@quadlifesciences.com
पैन: AAHCG4638A
...हस्तांतरणकर्ता कंपनी सं. 4

5. क्वाड लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड
सीन: U24232CH2012PTC033660
प्लॉट नं., इंड–स्टिक्ट फैक्ट्री के पास, गांव भगवानपुर, डेराबस्सी, मोहाली, पंजाब– 140507
ईमेल: account@quadlifesciences.com
पैन: AALCA2308M
...हस्तांतरिती कंपनी

याचिका की सूचना

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230–232 और अन्य लागू प्रावधानों के तहत याचिका, विनमीन हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड, विवाश्वर एथिकल प्राइवेट लिमिटेड, आलोहा लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड, और गिरीशा लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड (जिसे आगे "हस्तांतरक कंपनियां" कहा जाएगा) और क्वाड लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड (जिसे आगे "हस्तांतरित कंपनी" कहा जाएगा) के बीच व्यवस्था की समग्र योजना को मंजूरी देने के लिए याचिकाकर्ता कंपनियों विनमीन हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड, विवाश्वर एथिकल प्राइवेट लिमिटेड, गिरीशा लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण की नई दिल्ली पीठ के समक्ष 04.12.2025 को प्रस्तुत किया गया था और उक्त याचिका राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, चंडीगढ़ के समक्ष सुनवाई के लिए 05.02.2026 को निर्धारित की गई है।

इस याचिका के पक्ष या विपक्ष में अपनी राय रखने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति को याचिकाकर्ता के वकील को एक नोटिस भेजना होगा, जिसमें उनके इरादे का उल्लेख हो, जिस पर उनके या उनके वकील के हस्ताक्षर हों, और साथ ही उनका नाम और पता भी लिखा हो। यह नोटिस याचिका की सुनवाई की निर्धारित तिथि से दो दिन पहले याचिकाकर्ता के वकील तक पहुंच जाना चाहिए।

जहां वह याचिका का विरोध करना चाहता है, तो विरोध के आधार या उसके हलफनामे की एक कॉपी ऐसे नोटिस के साथ दी जाएगी।

याचिका की एक प्रति नीचे हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति द्वारा, निर्धारित शुल्क का भुगतान करने पर, किसी भी व्यक्ति को दी जाएगी जो इसकी मांग करेगा।

वर्षा बनर्जी, उदिता सिंह
याचिकाकर्ता कंपनियों के वकील
डीएच एंड डीएच एसोसिएट्स
डी–55, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली–110024
ई–मेल: varsha.banerjee@dhirassociates.com; udita.singh@dhirassociates.com



# इंदौर में गंदे पानी से मौतें, HC बोला, फ्री इलाज मिले

## सरकार ने मानी चूक, मंत्री ने कहा, दोषी अधिकारियों को नहीं बख्शेंगे

■ भाषा, इंदौर


Pravin Barnale

बीमारी से प्रभावित भागीरथपुरा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने दवाएं बांटीं।

**मध्यप्रदेश हाई** कोर्ट की इंदौर पीठ ने बुधवार को राज्य सरकार को निर्देश दिया कि दूषित पानी पीने से उल्टी-दस्त की चपेट में आकर पीड़ित लोगों को फ्री इलाज मुहैया कराया जाए। अदालत ने देश के सबसे स्वच्छ शहर में सामने आए दूषित पेयजल कांड को लेकर राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट भी तलब की है। हाई कोर्ट की वेकेशन बेंच के जस्टिस [illegible] ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दो जनवरी तक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता ने बताया कि उनकी याचिका में खास तौर पर यह गुहार लगाई गई है कि शहर के हर नागरिक को पीने का साफ पानी मुहैया कराया जाए।

हाई कोर्ट ने 2 जनवरी तक मध्य प्रदेश सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

वहीं, मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अधिकारियों की चूक स्वीकार करते हुए कहा कि इस मामले के दोषी अफसरों को बख्शा नहीं जाएगा, भले ही वे किसी भी स्तर पर क्यों न हों। बताया कि भागीरथपुरा क्षेत्र में घर-घर एम्बुलेंस और मेडिकल कर्मियों के अलग-अलग दल तैनात हैं। अस्पतालों में उल्टी-दस्त के मरीजों के लिए अलग वॉर्ड बनाए गए हैं।

### 'मेरे 6 महीने के बेटे की जान चली गई'

**इंदौर के** एक व्यक्ति ने बुधवार को दावा किया कि दूषित पानी से पैदा उल्टी-दस्त के प्रकोप ने उनके छह महीने के बेटे की दो दिन पहले मौत हो गई। स्थानीय लोगों का दावा है कि भागीरथपुरा क्षेत्र में नौ लोग दम तोड़ चुके हैं, जिनमें छह महीने का बच्चा और 6 महिलाएं हैं। सुनील साहू ने बताया कि उनके बेटे अव्यान को कुछ दिन पहले उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी और उसे एक शिशु रोग विशेषज्ञ के पास ले गए। डॉक्टरों की सलाह पर मेरे बेटे को घर में दवाइयां दी जा रही थीं। हम उसे बाजार से दूध खरीदकर पिला रहे थे। यह दूध गाढ़ा होने के कारण हम इसमें नल का पानी मिला रहे थे जो नगर निगम के नल कनेक्शन के जरिये आता है। साहू ने दावा किया कि दूषित पेयजल के कारण उनके बेटे को उल्टी-दस्त की समस्या हुई जिससे सोमवार को उसकी मौत हो गई।

## महाकुंभ पर बुकलेट, पहली कॉपी मोदी को



विस्तृत शोध के बाद 'रामायण रिसर्च काउंसिल' ने तैयार की है ये बुकलेट।

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : रामायण रिसर्च काउंसिल ने महाकुंभ पर एक विस्तृत और शोध के बाद एक बुकलेट को तैयार किया है। 'महाकुंभ का महात्म्य' शीर्षक वाले इस कॉन्सेप्ट को बाल-व्यास वैदेहीनंदन पंडित वेदांत ने तैयार किया है। काउंसिल के सचिव चिराग मिश्र ने बताया कि इस बुकलेट की पहली प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट की जाएगी। आने वाली पीढ़ी इस विषय पर शोध कर सके, संदर्भ ले सके, इसलिए बुकलेट में महाकुंभ, अखाड़ा की परंपरा और कुंभ स्नान से संबंधित कई आध्यात्मिक जानकारियों को शामिल किया गया है।

## हरियाणाः कश्मीरी शॉल विक्रेता पर हमले का विडियो, केस दर्ज

■ भाषा, नई दिल्ली

- हरियाणा के कैथल से एक विडियो सामने आया जिसमें एक कश्मीरी शॉल विक्रेता को कथित तौर पर वंदे मातरम गाने के लिए मजबूर किया जा रहा है।
- जेकेएसए ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर इस तरह की घटनाओं पर चिंता जताई और कार्रवाई की मांग की।

**उत्तरी राज्यों** के कुछ हिस्सों में कश्मीरी शॉल विक्रेताओं पर कथित हमलों और उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता जताते हुए, जम्मू-कश्मीर के नेताओं और संगठनों ने प्रवासी व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों से ऐक्शन की मांग की है।

जम्मू-कश्मीर छात्र संघ (जेकेएसए) ने बुधवार को बताया कि हरियाणा के कैथल जिले में एक कश्मीरी शॉल विक्रेता पर हुए हमले के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर अपराधी की तलाश शुरू कर दी है। कैथल की एसपी उपासना ने बताया, पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए केस दर्ज कर लिया है। घटना कुछ दिन पहले की है। विडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें एक कश्मीरी शॉल विक्रेता को 'वंदे मातरम' गाने के लिए कथित तौर पर मजबूर किया जा रहा है।

जेकेएसए ने कहा कि फतेहाबाद जिले से मिली एक अन्य घटना की जांच जारी है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से भी इसी तरह की घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें आरोप लगाया गया है कि कश्मीरी शॉल विक्रेताओं के खिलाफ हमलों में इजाफा हुआ है। जेकेएसए ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर हस्तक्षेप का अनुरोध किया है।

## राजस्थान में विस्फोटक, कारतूस ज़ब्त, दो अरेस्ट

■ भाषा, टोंक (राजस्थान)


AI Image

**राजस्थान के** टोंक जिले में एक कार से 150 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री, 200 कारतूस और सेफ्टी फ्यूज तार के छह बंडल जब्त किए गए। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया, जब्त सामग्री के स्रोत, इसे कहां ले जाया जा रहा था, संभावित इस्तेमाल और किसी आपराधिक नेटवर्क से संबंधों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

विस्फोटक का संभावित इस्तेमाल, नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच शुरू

आरोपियों की पहचान बूंदी जिले के रहने वाले सुरेंद्र पटवा और सुरेंद्र मोची के रूप में हुई है। टोंक पुलिस उपाधीक्षक (नगर) मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि आरोपी विस्फोटक सामग्री को बूंदी से टोंक ले जा रहे थे। उन्होंने बताया, नैनवा हाईवे-52 (टोंक-जयपुर) पर गश्त के दौरान जब पुलिस ने उन्हें पकड़ा तो आरोपियों ने दावा किया कि वे बोरियों में खेती में इस्तेमाल के लिए खाद ले जा रहे हैं। हालांकि, तलाशी लेने पर बोरियों में खाद के बजाय अमोनियम नाइट्रेट पाया गया।

**खुफिया सूचना पर हुई कार्रवाई:** पुलिस ने बताया कि विस्फोटक सामग्री ढोने के लिए इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त कर लिया गया है। मिश्रा ने बताया कि खुफिया सूचना मिलने के बाद तुरंत पुलिस हरकत में आई।

## गोवा अग्निकांड में दो अफसर सस्पेंड

■ भाषा, पणजी: गोवा नाइट क्लब में आग के मामले में गोवा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दो अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को यह जानकारी दी। सावंत ने कहा, जांच के बाद कई विभागों के कुछ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। 6 दिसंबर की रात 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब में लगी आग में 25 लोग मारे गए थे।

सीएम ने कहा, मैजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई

बोर्ड के दो अधिकारियों के खिलाफ की गई इस कार्रवाई के साथ अब तक इस मामले में राज्य सरकार के पांच अधिकारी सस्पेंड हो चुके हैं। सावंत ने बताया, अग्निकांड से संबंधित मैजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी गई है, जिसे जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा।

## साउथ दिल्ली में ED का छापा, 5 करोड़ रुपये कैश जब्त

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट ने बुधवार को साउथ दिल्ली के सर्वप्रिय विहार इलाके में एक घर और वेस्टएंड ग्रीन्स एरिया में एक फार्म हाउस पर छापा मारा। सर्वप्रिय विहार वाले घर से 5.12 करोड़ रुपये कैश और 8.80 करोड़ रुपये की गोल्ड और डायमंड की ज्वैलरी जब्त की गई। अधिकारी ने बताया कि 35 करोड़ रुपये से जुड़ी संपत्तियों के दस्तावेज भी जब्त किए गए। वेस्टएंड ग्रीन्स एरिया में ऐक्शन देर रात खबर लिखे जाने तक जारी रहा। यह ऐक्शन हरियाणा के इंदरजीत सिंह यादव से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में लिया गया। ED के मुताबिक, यादव अभी UAE में है।

8.80 करोड़ रुपये की ज्वैलरी और 35 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले

अधिकारी ने बताया, जिस घर पर छापा मारा गया, वह अमन कुमार का है, जो इंदरजीत सिंह यादव का साथी है। ऐक्शन यादव और उसके साथियों के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 के तहत लिया। उन्होंने कहा कि यादव पर अवैध वसूली, प्राइवेट फाइनैंसरों के लोन सेटलमेंट में जोर-जबरदस्ती करने, धमकाने और ऐसी गतिविधियों से कमीशन लेने के आरोप हैं।

## लंदन में ED ने जब्त की 150 करोड़ रु. की प्रॉपर्टी

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


AI image

**एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट** (ED) ने टेक्सटाइल्स कंपनी एस कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड और उसके पूर्व सीएमडी नितिन शंभुकुमार कासलीवाल की करीब 150 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी जब्त की है। ये प्रॉपर्टी लंदन के बकिंघम पैलेस के पास है। एक बैंक फ्रॉड केस में ये कार्रवाई की गई है।

ED ने बुधवार को बताया कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट (PMLA) के तहत प्रॉपर्टी जब्त करने का आदेश मंगलवार को जारी किया गया था। यह आदेश ED के इंदौर सब-जोनल ऑफिस ने जारी किया। ED ने बताया कि कासलीवाल और उनके परिवार के सदस्यों के पास इस प्रॉपर्टी की ओनरशिप है। कासलीवाल पर कई एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने भारतीय बैंकों को कथित रूप से 1400 करोड़ रुपये का चूना लगाया।

जांच के दौरान ED ने इस साल 23 दिसंबर को सर्च ऑपरेशन चलाया था और डिजिटल उपकरणों सहित अहम दस्तावेज जब्त किए थे। ED ने बताया कि इन दस्तावेजों की जांच से पता चला कि कासलीवाल ने ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स, जर्सी और स्विट्जरलैंड सहित कई टैक्स हेवेंस में ट्रस्ट्स और कंपनियों का एक नेटवर्क बनाया था।

ED ने बताया कि जांच में पता चला कि कासलीवाल ने मेसर्स कैथरीन ट्रस्ट के नाम से एक ट्रस्ट बनाया, जिसमें वह और उनके परिवार के लोग प्राइमरी बेनेफिशियरी बनाए गए। पहले इस ट्रस्ट का नाम सूर्या ट्रस्ट था। इस ट्रस्ट के तहत जर्सी और ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स में मेसर्स कैथरीन प्रॉपर्टी होल्डिंग लिमिटेड नाम वाली कंपनी रखी गई। लंदन में जिस प्रॉपर्टी को अब जब्त किया गया है, उसकी ओनरशिप इसी कंपनी के पास है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH11 User: sachin.saini Time: 12-31-2025 21:00 Color:

# विकास की राह पर सिद्धार्थनगर

## आकांक्षात्मक जिला पहल बदल रही है लोगों का जीवन

**सिद्धार्थनगर** की आकांक्षात्मक जिला कार्यक्रम के तहत प्रगति बहुआयामी रणनीति का परिणाम है, जो समग्र विकास को समेटे हुए है

पांच प्रमुख क्षेत्रों के अंतर्गत 49 प्रमुख संकेतक:

- स्वास्थ्य एवं पोषण 30%
- शिक्षा 30%
- कृषि एवं जल 20%
- वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास 10%
- बुनियादी अवसंरचना 10%

**सरकारी आंकड़ों के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक समग्र सुधार के मामले में सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल है।**



### स्वास्थ्य और पोषण

- ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस तथा शहरी स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस आउटरीच का कम से कम एक आयोजन करने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों का प्रतिशत: 100
- गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं में परीक्षण किए गए मामलों के सापेक्ष उपचार प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत: 100
- पूर्ण टीकाकरण प्राप्त करने वाले बच्चों का प्रतिशत (9–11 माह) (बीसीजी + डीपीटी3 + ओपीवी3 + खसरा-1): 99.15
- अनुमानित मामलों के सापेक्ष तपेदिक (टीबी) केस नोटिफिकेशन दर (सरकारी एवं निजी संस्थान): 91.79
- सरकारी एवं निजी संस्थानों में सफलतापूर्वक उपचारित टीबी मामलों की संख्या: 379
- आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या: 3140
- स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों में परिवर्तित उप-केंद्रों/पीएचसी की संख्या: 313
- आईपीएचएस मानकों के अनुसार जिला अस्पतालों में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं की संख्या: 10
- मेडिकल कॉलेज की स्थापना

(अक्टूबर 2025 तक जारी आंकड़ों के अनुसार)


उज्ज्वल भविष्य की ओर

### शिक्षा संबंधी पहल

- कक्षा-VI में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या: 37,215
- कक्षा-IX में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या: 46,243
- **2,262 स्कूल निम्नलिखित सुविधाओं के साथ (अक्टूबर 2025 तक):**
- बालिका शौचालय युक्त परिसर
- प्रारंभिक शिक्षा
- शैक्षणिक सत्र शुरू होने के 1 महीने के भीतर बच्चों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई गई

(अक्टूबर 2025 तक जारी आंकड़ों के अनुसार)




### ओडीओपी के माध्यम से काला नमक चावल का प्रचार


- उत्तर प्रदेश सरकार 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) के तहत काला नमक चावल को बढ़ावा दे रही है।
- जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयासों से किसान मेलों, प्रदर्शनी कार्यक्रमों, जागरूकता सेमिनारों और फील्ड स्टाफ द्वारा घर-घर सर्वेक्षण के माध्यम से काला नमक चावल की खेती को पुनर्जीवित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2024 तक खेती का क्षेत्रफल बढ़कर 18,000 हेक्टेयर हो गया।
- वर्तमान में इसकी औसत वार्षिक उत्पादन क्षमता लगभग 36,000 मीट्रिक टन है। उच्च बाजार मूल्य के कारण किसान फिर से इस चावल की खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं।
- काला नमक की खेती का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) वर्ष 2018 में 2,715 से बढ़कर वर्ष 2025 में 18,500 हो गया है।
- काला नमक उत्पादन की मात्रा (क्विंटल में) वर्ष 2018 में 59,730 से बढ़कर वर्ष 2025 में 3,70,000 हो गई है।


कपिलवस्तु: बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए एक पवित्र स्थल


काला नमक चावल



स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर


मेडिकल कॉलेज

### खेती किसानी

- मनरेगा के अंतर्गत इस अवधि में पुनर्जीवित किए गए जलस्रोतों की संख्या: 8,101
- फसल बीमा – खरीफ: प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत शुद्ध बोए गए क्षेत्र का प्रतिशत: 21.17
- कृषि ऋण में प्रतिशत वृद्धि: 3
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ में शुद्ध बोया गया क्षेत्र (हेक्टेयर में): 27,856


(अक्टूबर 2025 तक जारी आंकड़ों के अनुसार)

### लखपति दीदी

- कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन **1,195**
- संभावित लखपति दीदी **56,149**
- डिजिटल आजीविका रजिस्टर **1,03,961**

### कनेक्टिविटी

राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य राजमार्गों, ऑल वेदर रोड और जिला सड़कों के माध्यम से प्रमुख शहरों के साथ मजबूत कनेक्टिविटी



बहराइच और खलीलाबाद के बीच रेलवे लाइन

सिद्धार्थनगर सहित कुल पांच जिलों को सेवा प्रदान करता है

### अवसंरचना, वित्तीय समावेशन एवं कौशल संवर्धन

- इंटरनेट कनेक्टिविटी से युक्त ग्राम पंचायतों का प्रतिशत: 100 (अक्टूबर 2025)
- सभी मौसमों में उपयोग योग्य सड़कों तक पहुंच वाले बसावटों का प्रतिशत (पीएमजीएसवाई): 100 (अक्टूबर 2025)
- खाद्य प्रसंस्करण (काला नमक) के लिए एमएसएमई क्लस्टर की स्थापना
- केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2024–25 के अनुसार, सिद्धार्थनगर में 500 सोलर लाइटों की स्थापना हेतु ₹79.88 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की गई
- ग्राम पंचायत स्तर पर कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना का कवरेज प्रतिशत: 100 (अक्टूबर 2025)
- एक माह में पूर्ण किए गए आवासों की संख्या: 16,943 (अक्टूबर 2025)
- प्रति 1 लाख जनसंख्या पर मुद्रा ऋण का कुल वितरण (करोड़ रुपये में): 15.86 (मार्च 2025)
- प्रति 1 लाख जनसंख्या पर प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत खोले गए खातों की संख्या: 51,812 (मार्च 2025)

### बदलाव के चैंपियन – समग्र स्कोर (जून 2025 तक): 62.9 । डेल्टा रैंक (जून 2025 तक) 24वां

| स्वास्थ्य एवं पोषण | शिक्षा | कृषि एवं जल संसाधन | वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास | बुनियादी अवसंरचना |
|---|---|---|---|---|
| (जून 2025 तक): **81.1** | (जून 2025 तक): **85.1** | (जून 2025 तक): **35.7** | (जून 2025 तक): **51.1** | (जून 2025 तक): **99.9** |

**READER ENGAGEMENT INITIATIVE**

## फटाफट खबरें

### बुद्ध से जुड़ी प्रदर्शनी, PM करेंगे उद्घाटन

■ भाषा, नई दिल्ली : PM नरेन्द्र मोदी 3 जनवरी को दिल्ली के राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में होने वाली भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेषों की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि 19वीं सदी के उत्तरार्ध में मिले इन अवशेषों के बारे में माना जाता है कि वे भगवान बुद्ध के से जुड़े हैं, जिन्हें शाक्य वंश ने स्थापित किया था।

### चुनाव में कोर्ट कर्मियों की ड्यूटी पर रोक

■ भाषा, मुंबई : मुंबई उच्च न्यायालय ने अधीनस्थ अदालतों के कर्मचारियों को निकाय चुनाव ड्यूटी पर उपस्थित रहने का आदेश देने संबंधित बीएमसी आयुक्त के पत्रों पर रोक लगा दी। साथ ही आयुक्त की शक्ति और अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाए। पीठ ने मंगलवार रात मुख्य न्यायाधीश के आवास पर हुई विशेष सुनवाई के दौरान कहा कि बीएमसी आयुक्त को कोर्ट कर्मियों को चुनाव ड्यूटी के लिए कोई पत्र या संचार जारी करने से रोका जाता है।

### BMC चुनावः दर्ज हुए 2,516 नामांकन

■ भाषा, मुंबई : बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) चुनाव के लिए कुल 2,516 नामांकन दाखिल किए गए हैं, जिनमें से 2,122 नामांकन अंतिम दिन जमा किए गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 227 वॉर्डों वाले बीएमसी के चुनाव 15 जनवरी को होंगे और मतगणना अगले दिन की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 30 दिसंबर को समाप्त हुई।

### स्वाभिमानी पार्टी महा विकास आघाडी संग

■ भाषा, मुंबई : महाराष्ट्र के आगामी नगर निकाय चुनावों के लिए स्वाभिमानी पार्टी ने महा विकास आघाडी (एमवीए) के उम्मीदवारों को समर्थन देने की घोषणा की। पार्टी ने कहा है कि वह महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। स्वाभिमानी पार्टी के नेता और पूर्व सांसद राजू शेट्टी ने सत्तारूढ़ दलों पर विकास के नाम पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया है।

### 'चीन का मध्यस्थता का दावा चिंताजनक'

■ भाषा, नई दिल्ली : कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता संबंधित चीन का दावा चिंताजनक है। ऐसे में सरकार के स्तर पर इसमें स्पष्टता आनी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ऑपरेशन सिंदूर रोकने का दावा करते रहे हैं।


जयराम रमेश

# जनगणना और रोज़गार सहित कई चुनौतियां होंगी सरकार के सामने

## 2026 में उम्मीदें कई, युवाओं की बातें रही हैं अहम

NBT 4 मिनट में पढ़ें

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2025 को विकसित भारत की दिशा में सुधारों से भरा हुआ ऐतिहासिक साल बताया। मोदी ने कहा कि भारत ने रिफॉर्म एक्सप्रेस में सवार होकर विकास की गति पकड़ी है। साथ ही कहा कि 'टैक्स, श्रम, ऊर्जा, व्यापार जैसे कई क्षेत्रों में किए गए सुधारों ने भारत की विकास यात्रा को नई गति दी है'। अब नया साल है। इस साल में सरकार के सामने क्या अहम चुनौतियां हो सकती हैं?



AI Image

देश में रोजगार हमेशा ही अहम मुद्दा रहा है। हर चुनाव में राजनीतिक दल रोजगार देने का वादा करते हैं और विपक्ष लगातार सरकार पर बेरोजगारी पर लगाम लगाने में असफल होने का आरोप लगाता है। इस साल ये भी मुद्दा भी बना कि सरकार की ओर से रोजगार के आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं। नए साल में भी रोजगार पर बात होगी। कितनी सरकारी नौकरी दी गई से लेकर रोजगार के कितने मौके पैदा हुए। सरकारी भर्ती परीक्षाएं रद्द होने या नतीजा लटके रहने का मुद्दा तो बना हुआ है और नए साल में ये भी सरकार के सामने एक चुनौती रहेगा।

### जातीय जनगणना भी होगा मसला

2026 में जनगणना होनी है। ये अप्रैल से दो चरणों में होगी। इस बार जनगणना में जातिगत आंकड़े भी शामिल किए जाएंगे। जाति जनगणना की मांग कई दशकों से चल रही थी और इसे लेकर राजनीति भी खूब हुई। विपक्ष ने लोकसभा चुनाव के दौरान भी इसे मुद्दा बनाया था और इसे आरक्षण से भी जोड़ा गया। फिर केंद्र सरकार ने जाति जनगणना का भी फैसला लिया। जब ये होगा तो इसे लेकर राजनीति और सामाजिक प्रतिक्रियाएं भी आएंगी। साथ ही इस बार डिजिटल जनगणना भी है। ये एक बहुत बड़ी एक्सरसाइज होगी।

### Gen Z के मूड को समझना होगा

जिन मुद्दों पर सरकार और सत्ताधारी पार्टियां राजनीति करती रही हैं, Gen Z के मुद्दे उनसे अलग हैं। सरकार के सामने Gen Z की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और उनके मुद्दों को ज्यादा संवेदनशीलता से समझने और हैंडल करने की भी चुनौती होगी। साल के जाते-जाते अरावली का मुद्दा आया, फिर सोशल मीडिया में इसे लेकर पूरा आंदोलन ही खड़ा हो गया। इसके बाद इस मसले पर फिर से विचार किया जा रहा है। नए साल में सरकार को Gen Z को बेहतर समझने और उस दिशा में काम करने की भी चुनौती होगी।

### आतंरिक सुरक्षा का मुद्दा भी अहम

नए साल में सरकार के सामने आतंरिक सुरक्षा का मुद्दा भी अहम होगा। साल के जाते-जाते बड़े आतंकी मॉड्यूल का पकड़ा जाना और लाल किले के पास हुए ब्लास्ट के बाद से आतंरिक सुरक्षा की चुनौतियां सामने हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। ये डेडलाइन पूरी करने की भी चुनौती होगी। साथ ही बांग्लादेश में उथल पुथल वाले हालात के चलते भारत के नॉर्थ-ईस्ट में भी सुरक्षा की चिंता बनी हुई है।

### केंद्र और राज्यों के रिश्ते भी चुनौती

जनगणना के बाद जब डीलिमिटेशन होगा तो सरकार को इस फ्रंट पर भी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दक्षिण के राज्य इसे लेकर आशंका जताते रहे हैं। दक्षिणी राज्यों के मुख्यमंत्री इस मसले पर दिल्ली में धरना भी दे चुके हैं। उनकी आशंका है कि जनसंख्या के हिसाब से अगर लोकसभा सीटों की संख्या कम की गई तो दक्षिण भारत के साथ अन्याय होगा। इन राज्यों को डर है कि उन्हें जनसंख्या कम करने का नुकसान न उठाना पड़े। जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने का विषय भी सरकार के सामने होगा।

# TMC नेता का दावा- EVM नहीं, सॉफ्टवेयर से हो रही वोट चोरी

## EC का बंगाल सरकार को आदेश, BLO के पेंडिंग मानदेय तुरंत जारी करें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (TMC) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी समेत पार्टी के 10 सांसदों ने बुधवार को दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार से मुलाकात कर SIR (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) से जुड़ी दिक्कतों पर चर्चा की। करीब ढाई घंटे चली इस बैठक के बाद अभिषेक बनर्जी ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि देश में अब ईवीएम के बजाय सॉफ्टवेयर और एल्गोरिदम के जरिए वोटर लिस्ट में हेरफेर कर वोट चोरी की जा रही है। वहीं, चुनाव आयोग (ECI) ने पश्चिम बंगाल सरकार को BLOs के लिए स्वीकृत बढ़ा हुआ मानदेय तत्काल जारी करने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि चुनाव कर्मियों को धमकाने की किसी भी कोशिश पर कड़ी कार्रवाई होगी।

चुनाव आयुक्त से बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि आयोग उनके सवालों का कोई ठोस जवाब नहीं दे सका। उन्होंने कहा कि 28 नवंबर को भी चुनाव आयोग से सवाल पूछे गए थे, लेकिन न तब कोई जवाब मिला और न अब। उन्होंने आरोप लगाया कि पारदर्शिता की जगह भ्रम फैलाया जा रहा है।

बैठक के दौरान हुए घटनाक्रम का जिक्र करते हुए अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने उनसे उंगली उठाकर बात करने की कोशिश की, जिसका जवाब दिया गया। बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनौती दी कि यदि आयोग के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, तो बैठक की सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक की जाए और वे मीडिया के सवालों का सामना करें।


PTI

TMC नेता अभिषेक बनर्जी समेत पार्टी के 10 सांसदों ने CEC से मुलाकात कर SIR से जुड़ी दिक्कतों पर चर्चा की।

### 'चुनाव कर्मियों को डराया तो कार्रवाई'

■ NBT रिपोर्ट: ECI ने पश्चिम बंगाल सरकार को BLOs के लिए स्वीकृत मानदेय तत्काल जारी करने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि चुनाव कर्मियों को डराने-धमकाने की किसी भी कोशिश पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

TOI के मुताबिक, ECI ने एक बयान में कहा है कि पश्चिम बंगाल सरकार को ECI द्वारा स्वीकृत बढ़ा हुआ मानदेय प्रत्येक BLO को तुरंत जारी करना चाहिए। TMC प्रतिनिधिमंडल को यह भी बताया गया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए ऊंची इमारतों, गेटेड कम्युनिटीज और झुग्गी बस्तियों में मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे।' आयोग ने स्पष्ट किया कि BLOs, EROs, AEROs या पर्यवेक्षकों (ऑब्जर्वर्स) को डराने-धमकाने को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में जारी SIR को लेकर TMC शासित राज्य सरकार और केंद्र के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है।

> मुख्य चुनाव आयुक्त ने उंगली उठाकर बात करने की कोशिश की। मैंने साफ कहा कि उंगली नीचे करके बात करें। आप मनोनीत हैं और हम निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। हम किसी के दास या गुलाम नहीं हैं।
>
> –अभिषेक बनर्जी, राष्ट्रीय महासचिव, TMC

### SIR पर सुनवाई के लिए पूर्व मंत्री आमंत्रित


■ भाषा, कोलकाता : पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री कांति गांगुली ने बुधवार को बताया कि उन्हें राज्य में चल रहे SIR के संबंध में सुनवाई के लिए निर्वाचन आयोग ने तलब किया है। वाम मोर्चा के शासनकाल के दौरान एक दशक तक राज्य मंत्रिमंडल में शामिल रह चुके 82 वर्षीय गांगुली ने कहा कि उन्हें दो जनवरी को चुनाव अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी नेता ने कहा, 'मुझे दो जनवरी को सुनवाई के लिए पेश होने का नोटिस पाकर बहुत आश्चर्य हुआ है। मुझे इसका कारण नहीं पता। मेरा नाम 2002 की मसौदा सूची में है। मैं कई दशकों से मतदान करता आ रहा हूं। मैंने आयोग को अपना जवाब भेज दिया है और मैं सुनवाई के लिए अवश्य उपस्थित रहूंगा।'

# रक्षामंत्री ने अयोध्या में अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर फहराई ध्वजा

■ भाषा, अयोध्या/नई दिल्ली

अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर बुधवार को धार्मिक अनुष्ठान हुए। अनुष्ठान गणपति पूजा और मंडल पूजन के साथ शुरू हुए। इस बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने राम मंदिर परिसर स्थित अन्नपूर्णा मंदिर में धर्म ध्वजा फहराई और पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। राजनाथ सिंह के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे। अन्नपूर्णा मंदिर, राम मंदिर परिसर में सात मंदिरों में से एक है।

श्रीराम के जयकारों और मंत्रोच्चार के बीच रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजन कर मां अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई। अधिकारियों के अनुसार, राजनाथ सिंह ने रामलला की पूजा की और राम मंदिर में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में भी हिस्सा लिया। मुख्य धार्मिक कार्यक्रम बुधवार को हुआ, लेकिन प्राण-प्रतिष्ठा द्वादशी से जुड़े अनुष्ठान शुक्रवार तक जारी रहेंगे। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान शनिवार से हो रहे हैं।


PTI

रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर हुए अनुष्ठान।

### प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर PM की शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामलला मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर बुधवार को लोगों को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'अयोध्या जी की पावन धरा पर आज रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ मनाई जा रही है। यह वर्षगांठ हमारी आस्था और संस्कारों का एक दिव्य उत्सव है।'

प्रधानमंत्री ने 22 जनवरी, 2024 को हिंदू पंचांग के पौष मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को प्राण प्रतिष्ठा संबंधी अनुष्ठान किए थे। इस वर्ष पौष माह की द्वादशी 31 दिसंबर को थी।

## 10 मिनट डिलिवरी के दबाव में गिग वर्कर, PM को पत्र

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : देश में गिग और ऐप आधारित डिलिवरी कर्मियों की हालत को लेकर RJD से राज्यसभा सांसद मनोज झा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि फूड और ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए काम करने वाले लाखों डिलिवरी बॉय शोषण, असुरक्षित कामकाज और अधिकारों की कमी से जूझ रहे हैं। मनोज झा ने पत्र में लिखा है कि हाल ही में देशभर के गिग और डिजिटल प्लेटफॉर्म डिलिवरी कर्मियों ने हड़ताल की, जिससे यह साफ हो गया कि उनकी परेशानियां अब असहनीय हो चुकी हैं। यह गुस्सा अचानक नहीं, बल्कि लंबे समय से चले आ रहे अन्याय का नतीजा है।

पत्र में है कि 10 मिनट डिलिवरी जैसे मॉडल डिलिवरी कर्मियों और आम जनता दोनों की सुरक्षा के लिए खतरनाक हैं। समय पर ऑर्डर पहुंचाने के दबाव में कर्मियों को तेज रफ्तार, जोखिम भरे हालात में काम करना पड़ता है। मनोज झा ने आरोप लगाया कि कंपनियां डिलिवरी कर्मियों को कर्मचारी मानने के बजाय पार्टनर कहती हैं, ताकि जिम्मेदारियों से बचा जा सके।


AI Image

राज्यसभा सांसद मनोज झा ने पत्र में प्रधानमंत्री से दखल की मांग की है।

## 'हम हिंदुस्तानी...' गूंजी नॉर्थ ईस्ट के युवाओं की आवाज़



Surender

नॉर्थ ईस्ट के युवाओं ने भेदभाव को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

'वी आर नॉट चाइनीज' इस नारे की गूंज के साथ दिल्ली के जंतर मंतर में नॉर्थ ईस्ट के युवाओं की नाराजगी भी गूंजी। उत्तराखंड के देहरादून में त्रिपुरा के एंजेल चकमा की हत्या से उदास इन स्टूडेंट्स ने मांग की कि मामले में तुरंत जांच हो, सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए, सख्त सजा हो। वहां पहुंचे कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट के लोगों पर हो रहे नस्लवादी हमलों को रोकने के लिए सख्त कानून लाया जाना चाहिए।

देहरादून में एंजेल की हत्या की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई।

ऑल इंडिया चकमा स्टूडेंट्स यूनियन के वाइस प्रेसिडेंट बिपुल चकमा ने कहा कि इस मामले में उत्तराखंड पुलिस ने कार्रवाई में देरी की और अस्पताल प्रशासन ने भी पुलिस को जानकारी नहीं दी। पूरी लापरवाही हुई। हमारी मांग है कि इनकी जवाबदेही तय की जाए और नॉर्थ ईस्ट के लोगों पर नस्लवादी हमलों से लेकर टिप्पणियों पर रोक लगाने के लिए सरकारें सख्त कदम उठाएं।

प्रदर्शन में शामिल नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स सोसायटी दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट पाईटिंग थकचोम ने कहा, हम चाहते हैं कि एंजेल के परिवार को न्याय मिले। केस सीबीआई को ट्रांसफर किया जाना चाहिए। हम एक मेमोरेंडम भी गृहमंत्री को देने वाले हैं, ताकि नॉर्थ ईस्ट के स्टूडेंट्स के साथ होने वाले भेदभाव, हमलों पर सख्त कानून लागू कर रोक लगाई जा सके।

# कैबिनेट ने ₹20,668 करोड़ के रोड प्रोजेक्ट किए मंज़ूर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने बुधवार को महाराष्ट्र और ओडिशा में कुल 20,668 करोड़ रुपये की दो सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी। इसके तहत महाराष्ट्र में नासिक से सोलापुर तक 6 लेन का नया कॉरिडोर बनाया जाएगा। 374 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर प्रोजेक्ट पर 19142 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। ओडिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 326 को चौड़ा किया जाएगा। 206 किलोमीटर के इस काम पर 1526 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। ये दोनों प्रोजेक्ट 2 साल में पूरे करने का लक्ष्य रखा गया है।

कैबिनेट ने ओडिशा में NH-326 को चौड़ा करने की भी मंजूरी दी है।

इस बारे में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि नासिक-सोलापुर कॉरिडोर देश के पश्चिमी हिस्से से दक्षिणी हिस्से को जोड़ने वाले सूरत-चेन्नई हाई-स्पीड कॉरिडोर का हिस्सा है। यह एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर मॉडल पर तैयार किया जाएगा। इससे नासिक, अहिल्यापुर, धाराशिव और सोलापुर जिलों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।



**6** लेन का नया कॉरिडोर बनाया जाएगा महाराष्ट्र में नासिक से सोलापुर तक, 19142 करोड़

वैष्णव ने कहा कि अब तक के इस सबसे बड़े BOT प्रोजेक्ट से नासिक से सोलापुर की दूरी 423 किलोमीटर से घटकर 374 किलोमीटर रह जाएगी और ऐवरेज स्पीड 60 से बढ़कर 100 किलोमीटर प्रति घंटा हो जाएगी। इसके चलते सूरत से चेन्नई का सफर 31 के बजाय 17 घंटों में पूरा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सूरत, वडोदरा और मुंबई से कुर्नूल, बेंगलुरु और चेन्नई की ओर हेवी ट्रैफिक में आसानी होगी।

उन्होंने बताया कि नासिक-सोलापुर कॉरिडोर से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी बढ़ेगी, क्योंकि यह 8 रेलवे स्टेशनों, 6 हवाई अड्डे, दो मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और 3 PM गतिशक्ति इकनॉमिक नोड्स को कनेक्ट करेगा। इससे चेन्नई पोर्ट और हजीरा पोर्ट की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी।

# नए साल में RSS के सांगठनिक ढांचे में हो सकता है बदलाव

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) अपने सांगठनिक ढांचे में बदलाव पर विचार कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक, संघ में इस तरह के प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है। मार्च 2026 में होने वाली संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में बदलाव के प्रस्ताव पर बात होगी। प्रतिनिधि सभा में ही अंतिम फैसला लिया जाएगा। ये सभा हरियाणा के समालखा में होगी।

बदलाव के प्रस्ताव पर मार्च में होने वाली बैठक में होगी चर्चा।

**3 तरह के बदलाव का प्रस्ताव :** संघ के सांगठनिक ढांचे में तीन तरह के बदलाव का प्रस्ताव है। अभी संघ ने पूरे देश को काम के लिहाज से 11 क्षेत्रों में बांटा है, लेकिन इसे 9 करने का प्रस्ताव है। अभी संघ के प्रांत प्रचारक राज्य की सरकारी परिभाषा के हिसाब से बने प्रांत के आधार पर नहीं होते हैं, ये भी संघ के कामकाज की सुविधा के हिसाब से बनाए गए हैं। अब प्रांत प्रचारकों की जगह राज्य प्रचारक बनाने का प्रस्ताव है। ये राज्य की इकाई के हिसाब से ही होंगे। जैसे अभी संघ के हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड जैसे राज्यों में एक ही प्रांत प्रचारक हैं, जो एक तरह से पूरे राज्य के ही प्रचारक हैं।

जो बड़े राज्य हैं, उनमें कई प्रांत प्रचारक हैं। जैसे राजस्थान में 3 और यूपी में 6 प्रांत प्रचारक हैं। बदलाव के बाद सभी राज्यों में राज्य प्रचारक होंगे। अभी बड़े राज्यों में कामकाज के हिसाब से ज्यादा प्रांत प्रचारक बनाए गए हैं। राज्य प्रचारक के साथ संभाग प्रचारक का पद भी बनाया जाएगा। ये एक संभाग यानी कमिश्नरी के प्रचारक होंगे। ये विभाग प्रचारक और राज्य प्रचारक के बीच की इकाई होंगे।


File

### काम के विस्तार के कारण संगठन में होगी बदलाव की बात

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े सूत्रों ने बताया कि संघ के काम का विस्तार हो रहा है। उसी हिसाब से संगठन का ढांचा बनाने का प्रस्ताव है। इससे काम का विकेंद्रीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संघ ने समाज जागरण सहित पंच परिवर्तन का जो काम तय किया है, उसे ठीक से संचालित करने के लिए संगठन के ढांचे में बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही है। अक्टूबर 2026 तक संघ के शताब्दी वर्ष के ही कई कार्यक्रम हैं, इसलिए अगर बदलाव के प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है, तब भी ये साल 2027 तक ही लागू हो पाएगा।

# साल 2026 में बदल जाएगी राज्यसभा की तस्वीर

## ऊपरी सदन की 75 सीटों पर चुनाव होंगे, कई सीटों का भविष्य राज्यों के चुनाव तय करेंगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अगले साल** राज्यसभा की तस्वीर मौजूदा साल से अलग होगी, ऊपरी सदन की 75 सीटों पर चुनाव है, इनमें से कई सीटों का भविष्य कई राज्यों में होने वाले चुनाव तय करेंगे। इतना ही नहीं, आने वाले साल में राज्यसभा में दिखने वाले कई राजनेताओं के कार्यकाल खत्म हो रहे हैं। केरल, पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु जैसे राज्यों में चुनाव है, जिसके बाद वहां की विधानसभाओं की तस्वीर बदलेगी।

**6 मंत्रियों का टर्म होगा पूरा:** 2026 में मोदी सरकार के छह मंत्रियों का भी राज्यसभा टर्म पूरा होगा। इनका टर्म ऐसे समय पूरा होगा जब मोदी सरकार में बड़े बदलाव की भी संभावना बताई जा रही है। महाराष्ट्र में रामदास अठावले बीजेपी के समर्थन से दो बार से राज्यसभा जा रहे हैं। लेकिन, हाल में उनका एनडीए में संबंध कोई बहुत बेहतर नहीं रहा है। बीएमसी चुनाव में भी वह सीट शेयरिंग को लेकर नाराज हैं। मंत्रिमंडल फेरबदल में कई पुराने मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है।

### UP से 10 सीटें खाली होंगी

यूपी से 10 राज्यसभा सीटें खाली होंगी। मौजूदा वक्त में इनमें से 8 सीटें बीजेपी के पास हैं। नवंबर में जिन बीजेपी सांसदों का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें नीरज शेखर, दिनेश शर्मा, हरदीप पुरी, बीएस वर्मा, बृज लाल और सीमा द्विवेदी शामिल हैं। समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव और बीएसपी के रामजी गौतम का कार्यकाल भी नए साल के नवंबर महीने में खत्म हो रहा है। राज्य विधानसभा में बीजेपी की स्थिति को देखते हुए पार्टी अपनी 8 सीटों को कायम रख सकती है, समाजवादी पार्टी को भी दो सीटें मिल सकती हैं। बीएसपी के पास इतने नंबर नहीं हैं कि वह अपने किसी नेता को राज्यसभा भेज सके। ऐसे में लगभग दो दशक बाद ऐसे हालात बनेंगे कि बीएसपी की एक भी सांसद नहीं होगा।



### खाली होंगी सीटें

| | |
|---|---|
| यूपी | 10 |
| बिहार | 5 |
| महाराष्ट्र | 7 |
| कर्नाटक | 4 |
| पश्चिम बंगाल | 5 |
| मध्यप्रदेश | 3 |
| गुजरात | 4 |
| राजस्थान | 3 |
| झारखंड | 2 |
| आंध्र प्रदेश | 4 |
| हरियाणा | 2 |
| ओडिशा | 4 |
| असम | 3 |

**बिहार में 5 सीट, RJD का घटेगा रुतबा :** बिहार में अप्रैल में राज्यसभा की पांच सीटें खाली हो रही हैं। राज्यसभा में जिन सांसदों का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें राष्ट्रीय जनता दल के प्रेम चंद गुप्ता, केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, आरएलएम के उपेंद्र कुशवाहा, जेडीयू के हरिवंश नारायण शामिल हैं। 243 सदस्यीय विधानसभा में एक सीट पर जीत के लिए 41 विधायकों के सपोर्ट की जरूरत है, 202 विधायकों के साथ एनडीए के खाते में 5 में से 4 सीटें आ जाएं तो हैरानी की बात नहीं होगी, हालांकि 35 सीटों के साथ इंडिया गठबंधन एक भी सीट अपनी जीतने की स्थिति में नहीं है, ऐसे में 5 विधायकों वाले AIMIM की भूमिका अहम होगी। इससे राज्यसभा में आरजेडी का रुतबा कम होगा और उनकी गिनती अन्य दलों में होगी।

**बंगाल की स्थिति :** बंगाल से पांच सीटों पर चुनाव होगा, खाली होने वाली सीटों में चार टीएमसी से हैं। सीपीएम के विकास रंजन भट्टाचार्य का कार्यकाल भी अप्रैल में खत्म हो रहा है। राज्य में मार्च-अप्रैल में चुनाव हो सकते हैं। इस लिहाज से विधानसभा की स्थिति बदल जाएगी और जिससे ये चुनाव प्रभावित होंगे। मध्य प्रदेश में राज्यसभा की 3 सांसदों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। संख्या बल के मुताबिक तो 230 सदस्यों वाली विधानसभा में राज्यसभा की एक सीट के लिए 58 वोट चाहिए। संख्याबल के मुताबिक बीजेपी को 2 सीटें तो एक सीट कांग्रेस के खाते में जा सकती है। राज्यसभा में फिलहाल एनडीए के पास 129 सीटें हैं, जबकि विपक्ष के खाते में 78 सीटें हैं। ऐसे में 75 सीटों के चुनाव से सदन की तस्वीर बदलनी तय है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTGG13 User: cci Time: 12-31-2025 21:59 Color:



# 2025 की तरह सीबीटी मोड में ही होगा CUET, NTA बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा


NBT 3 मिनट में पढ़ें

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) की अडवाइजरी कमिटी की पहली बैठक में एग्जाम पैटर्न पर चर्चा हुई। सूत्रों का कहना है कि यूनिवर्सिटी एग्जाम के पैटर्न में बदलाव की संभावना नहीं है और 2025 की तरह की यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जाम सीयूईटी सीबीटी मोड में होगा और छात्रों को अधिकतम 5 विषयों की परीक्षा देने का मौका मिलेगा। सीयूईटी को लेकर अडवाइजरी कमिटी की बैठक में दिल्ली यूनिवर्सिटी, यूजीसी, बीएचयू, एनटीए के अधिकारियों समेत कई विशेषज्ञ शामिल हुए।

वहीं एनटीए इस बार एग्जाम सेंटरों की दूरी को लेकर काफी गंभीर है। छात्रों को एग्जाम देने के लिए बहुत दूर न जाना पड़े, इसको ध्यान में रखते हुए ही परमानेंट और मौजूदा एंट्रेंस के आधार पर विकल्प चुनने को कहा जा रहा है।

AI Image



- 2025 की तरह ही रहेगा एनटीए के बड़े एग्जाम का पैटर्न
- मेडिकल, यूनिवर्सिटी एग्जाम के लिए नजदीक एग्जाम सेंटर पर दिया जा रहा है ध्यान
- यूजीसी नेट के सभी परीक्षाओं के एडमिट कार्ड जारी

## NCERT से ही होगा एंट्रेंस एग्ज़ाम का सिलेबस

**एनटीए ने** सीयूईटी यूजी के लिए जो सिलेबस जारी किया है, उसमें टॉपिक्स एनसीईआरटी की किताबों से ही है। कोचिंग पर बढ़ती निर्भरता को कम करने के लिए बनी उच्च स्तरीय कमिटी ने भी कहा है कि एंट्रेंस टेस्ट का ज्यादातर सिलेबस एनसीईआरटी की किताबों से ही होना चाहिए। एक संसदीय समिति ने भी कोचिंग की समस्या का मुद्दा उठाया है। पिछले साल कथित तौर पर पेपर लीक होने की घटनाओं के महेनजर राधाकृष्णन समिति द्वारा की गई सिफारिशों के बाद एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। 12वीं के बाद होने वाले एंट्रेंस टेस्ट में एजेंसी इस पैटर्न को लागू कर रही है। एनटीए ने डेटशीट को लेकर छात्रों को आने वाली परेशानियों को भी कम करने के प्लान पर काम करना शुरू किया है।

सीयूईटी की परीक्षा कंप्यूटर टेस्ट मोड (सीबीटी) मोड में होगी और अगर एक छात्र अधिकतम पांच विषय लेता है तो उसे कम से कम दो दिन परीक्षा के लिए जाना होगा। पिछले वर्ष छात्रों ने मांग की थी कि परीक्षा के बीच गैप भी होना चाहिए। सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन अधिक होने के कारण डेटशीट एक चुनौती होती है और छात्रों की मांगों को ध्यान में रखते हुए डेटशीट पर काम किया जाएगा। 2025 की परीक्षा में पेपरों की संख्या 63 से घटाकर 37 कर दी गई थी और वही सब्जेक्ट इस बार भी होंगे।

**क्या रहा विश्लेषण :** सीयूईटी की परीक्षा 2022 में शुरू हुई और 2022 से 2025 के पैटर्न के विश्लेषण से सामने आया कि एक छात्र ने औसतन 4.3 से 5 सब्जेक्ट्स तक चुने हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार छात्रों को पांच सब्जेक्ट का विकल्प ही दिया जाएगा। इंग्लिश, जनरल टेस्ट, केमिस्ट्री, फिजिक्स, मैथ्स- अप्लाइड मैथमैटिक्स, बायोलॉजी- बायोलॉजिकल स्टडीज- बायोटेक्नोलॉजी- बायोकेमिस्ट्री, इकनॉमिक्स- बिजनेस इकनॉमिक्स, हिंदी, बिजनेस स्टडीज, अकाउंटेंसी, पॉलिटिकल साइंस, इतिहास, कंप्यूटर साइंस- इंफर्मेटिक्स प्रैक्टिस में सबसे ज्यादा आवेदन आते हैं। NEET (UG) के सिलेबस में भी एनसीईआरटी के ही टॉपिक्स को महत्व दिया गया है।

**यूजीसी- नेट का एडमिट कार्ड जारी:** एनटीए ने यूजीसी- नेट दिसंबर 2025 के एग्जाम बुधवार से शुरू हो गए हैं। यूजीसी नेट का एग्जाम 31 दिसंबर 2025, 2-3 जनवरी और 5, 6, 7 जनवरी को होना है। एनटीए ने 31 दिसंबर को 3, 5, 6 और 7 जनवरी की परीक्षा के लिए भी एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। वेबसाइट https://ugcnet.nta.nic.in/ से एडमिट कार्ड डाउनलोड किए जा सकते हैं।

# परीक्षा पे चर्चा: 3 करोड़ से ज्यादा ने किया रजिस्ट्रेशन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** परीक्षा पे चर्चा (PPC) का 9वां संस्करण जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख पहल परीक्षा पे चर्चा ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। 30 दिसंबर 2025 तक देशभर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से तीन करोड़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं।

पीएम करेंगे स्टूडेंट्स से बात, जनवरी में आयोजित होगा कार्यक्रम का 9वां संस्करण

मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि यह कार्यक्रम हर साल एक नया रिकॉर्ड कायम कर रहा है। परीक्षाओं के प्रति सकारात्मक और आत्मविश्वासी दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में यह कार्यक्रम सफल रहा है। भागीदारी का यह विशाल स्तर 'परीक्षा पे चर्चा' को एक सच्चे जन आंदोलन के रूप में उभरने को दर्शाता है, जो देशभर के छात्रों और शिक्षकों के बीच गहरा प्रभाव छोड़ रहा है।

परीक्षा पे चर्चा 2026 में भाग लेने के लिए https://innovateindia1.mygov.in/ पर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।

# असम में जादू-टोने के शक में दंपती को जिंदा जलाया

■ **भाषा, दीफू (असम)**

**असम में** कार्बी आंगलोंग जिले के एक गांव में कुछ लोगों ने जादू-टोना करने के संदेह में एक दंपती को कथित तौर पर जिंदा जला दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह घटना मंगलवार रात को होवराघाट क्षेत्र के संख्या-एक बेलोगुरी मुंडा गांव में हुई। पुलिस ने कहा, आरोपियों ने पहले दंपती पर उनके घर के अंदर धारदार हथियारों से हमला किया। उसके बाद उन्होंने उनके घर में आग लगा दी, जिससे दंपती की जलकर मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों ने मृतकों पर जादू-टोना करने का आरोप लगाया। मृतकों की पहचान गार्डी बिरोवा (43) और मीरा बिरोवा (33) के रूप में हुई है। पुलिस और नगर निकाय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। अधिकारी ने कहा, यह इलाका अंधविश्वास की गिरफ्त में है।

पुलिस ने कहा, आरोपियों ने पहले हथियारों से हमला किया फिर घर को आग लगा दी

# बन रही सुरंग में ट्रेनें टकराईं, 88 घायल


■ **NBT रिपोर्ट, देहरादून:** उत्तराखंड के चमोली जिले में निर्माणधीन विष्णुगाड-पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना की पीपलकोटी सुरंग में मजदूरों को ले जा रही एक लोको ट्रेन और माल ढोने वाली दूसरी लोको ट्रेन की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में 88 लोग घायल हो गए। अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उत्तराखंड के चमोली की घटना, सीएम धामी ने हादसे की पूरी जानकारी ली

घटना की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों से पूरी जानकारी ली और घायलों के इलाज के निर्देश दिए। मंगलवार रात करीब आठ बजे टीएचडीसी (इंडिया) द्वारा बनाई जा रही परियोजना की सुरंग में टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) स्थल पर यह हादसा हुआ।

# पहली बार सर्दी की छुट्टियों में SC की वेकेशन बेंच बैठी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने इस साल पहली बार विंटर अवकाश के दौरान भी वेकेशन बेंच का गठन किया, जिसमें खुद भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत दो बार शामिल हुए और इस दौरान उन्होंने जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों और तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत वाले मामलों की सुनवाई की।



आमतौर पर सुप्रीम कोर्ट लंबी गर्मी की छुट्टियों के दौरान वेकेशन बेंच का गठन करता है। हालांकि, इस साल पहली बार ऐसा हुआ जब सुप्रीम कोर्ट ने अपेक्षाकृत छोटे शीतकालीन अवकाश के दौरान भी वेकेशन बेंच का गठन किया। सुप्रीम कोर्ट 22 दिसंबर से 2 जनवरी 2026 तक क्रिसमस और नववर्ष की छुट्टियों के कारण बंद रहा और 5 जनवरी को फिर से खुलेगा। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जिन्होंने 24 नवंबर को सीजेआई के रूप में शपथ ली थी, ने 19 दिसंबर को साफ कर दिया था कि विंटर वेकेशन के दौरान वेकेशन बेंचें तात्कालिक मामलों की सुनवाई के लिए बैठेंगी और इस दौरान वह खुद भी वेकेशन बेंच में बैठे। 22 दिसंबर को, वेकेशन का पहला दिन था, सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने 17 तात्कालिक मामलों की सुनवाई की, जिनमें कई आपराधिक और दीवानी मामले शामिल थे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

सं. एस/एसी/2025-26/संशोधन/2, दिनांक 31.12.2025

**संशोधन**

नागपुर डिवीजन में जनवरी-2026 के लिए आयोजित होने वाली ई-नीलामी स्क्रैप बिक्री 08.01.2026 और 15.01.2026 को निर्धारित थी, लेकिन उक्त तिथियों पर छुट्टी (शनिवार) के कारण इसे क्रमशः 05.01.2026 और 12.01.2026 को पुनर्निर्धारित किया गया है। अतः नागपुर डिवीजन के लिए ई-नीलामी स्क्रैप बिक्री 05.01.2026 और 12.01.2026 को आयोजित की जाएगी।

सामग्री प्रबंधक- III
सीपीआरओ/10/578 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**निविदा हेतु आमंत्रण - MRVC-W-143**

(एक चरण एक लिफाफा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा प्रक्रिया)

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लि., कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन भवन, मुंबई-400020 द्वारा, "प्रस्तावित चिखले स्टेशन पर पनवेल – कर्जत सबअर्बन कॉरिडोर (रेलवे CH नंबर 3400 – 3550 KM) के रेल मार्ग को प्रभावित करने वाले मौजूदा 220 kV D/C आप्टा-PG सर्किट-I और II को लोकेशन नंबर 608 और 611 के बीच शिफ्ट करने/री-रूट करने का काम" हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के विवरण तथा निविदा दस्तावेज आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। वेबसाइट www.ireps.gov.in पर परिपूर्ण ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 02.02.2026, दोपहर 15:00 बजे तक है। शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जाएगा।

**वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पुणे-411 007**

(राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) के तत्वावधान में एक राष्ट्रीय संस्थान, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित)

**प्रवेश प्रारंभ - शैक्षणिक वर्ष 2026- 27**

प्रबंधन में दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएम) कार्यक्रम
एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित । राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त । उद्योग-एकीकृत

- प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा- कृषि-व्यवसाय प्रबंधन
- सहकारिता में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

पात्रता:

- किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री (न्यूनतम 3 वर्ष) कम से कम 50% अंकों के साथ (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45%)
- मान्य अंक: कैट / एक्सएटी / सीमैट / जीमैट

आवेदक उम्मीदवार दिनांक 11 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक VAMNICOM वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और 200/- रुपये का ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.vamnicom.gov.in पर जाएँ।

निदेशक- वैमनीकॉम

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या: M247GLRSSL30252630
Date 30.12.2025

**कार्य का नाम :** इलेक्ट्रिक लोको के स्मूथिंग रिएक्टर्स टाइप SL-30 का रिपेयर / रिहैबिलिटेशन तथा मॉडिफिकेशन, **स्थान:** मु.का.प्र. / दाहोद प. रेलवे कार्यालय, **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 12,13,23,648/-, **बयाना राशि** ₹ 7,56,700/- **ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय** ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय **22.01.2026** को **14.30** बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन **15.00** बजे खोली जायेगी। **निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता:** www.ireps.gov.in/E-Tenders/Works/IR Electrical.

Ak-17-1-388

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.**

(भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)

निविदा सं.: सीएम/आरआरटीएस/सीओसीएम-ओएम/294 ई-निविदा सूचना निविदा आईडी: 2025_NCRTC_260851_1

दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के गाजियाबाद स्टेशन पर पीडी फ्लोर के लाइसेंसिंग हेतु ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

विस्तृत जानकारी एवं परिशिष्ट/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) के लिए कृपया एनसीआरटीसी वेबसाइट www.ncrtc.in या सीपीपी पोर्टल www.etenders.gov.in/eprocure/app पर 01.01.2026 से 04.02.2026 (1500 बजे तक) देखें।

हस्ता./- ईडी/प्रोक्योरमेंट

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला**
**जशपुर रोड, गुमला (झारखण्ड) - 835207**
**(E-mail- eercdgumla-jhr@nic.in)**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के e-Tender Ref. No. RCD/GUMLA/780/2025-26 dt. 16.12.2025 द्वारा आमंत्रित एवं PR संख्या 368909 Road (2025-26)_D द्वारा प्रकाशित बांकुटोली– कुरकुरा– बानो पथ (कुल लम्बाई– 33.568 कि0मी0) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य पुल निर्माण सहित कार्य के निविदा आमंत्रण सूचना के क्रमांक (5) में वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि 26.12.2025 (From 10.30 A.M.) के स्थान पर 29.12.2025 (From 04.30 P.M.) एवं क्रमांक (6) में प्री बीड मीटिंग की तिथि- 27.12.2025 (At 11.00 A.M) के स्थान पर 05.01.2026 (At 11.00 A.M) पढ़ा जाय। शेष अन्य सूचनाएँ यथावत रहेंगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता
PR 369816 Road (25-26)_D पथनिर्माणविभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला

**DIRECTORATE RESEARCH SERVICES**
**RAJMATA VIJAYARAJE SCINDIA KRISHI VISHWA VIDYALAYA**
**GWALIOR-474002 (M.P.)**

IPRO/CIC/2025-26/3451 Date : 31/12/2025

**E-TENDER NOTICE (THIRD CALL)**

Offers are invited for the supply and installation of the following processing Units for 3 incubation centers - "1- Establishment of Common Incubation Facility for Processing of Potato & Bakery Products at College of Agriculture, Gwalior, 2- Establishment of Common Incubation Facility at Krishi Vigyan Kendra, Morena, (M.P.) for Processing of Mustard & other oil seeds, millets and bakery products, 3- Establishment of Common Incubation Facility for Processing of Guava & other fruits and vegetables at RAK College of Agriculture, Sehore" from manufacturers/authorized dealers/distributors through e- tendering. Tender forms along with specifications and other details can be purchased online from the website **www.mptenders.gov.in** during **01-01-2026, 10.30 AM to 21-01-2026, upto 5:00 PM.** Information is also available on **www.rvskvv.net.** Last date for filling of e-Tender on-line **21.01.2026 up to 5:00 PM.** Physical bid should be submitted upto **5:00 PM** on **28.01.2026** at Office of **Directorate of Research Services, RVSKVV, Gwalior.** Opening of Technical Bid: **02.02.2026, at 3.00** pm and Financial Bid: **05.02.2026, at 3.00 PM** at **Directorate, Research Services, RVSKVV, Gwalior.**

**Director Research Services**
**RVSKVV, Gwalior**

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.**
**Ph No.: +91-651-2225878,**
**CIN: U45200JH2013SGC001752, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com**

NIT No.: JUIDCO/NIT/H to B/Road/RNC/683 Date- 31.12.2025

**e-Procurement (Short Tender Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Resurfacing/ Refurbishing work of Road from Hinoo Chowk to Birsa Chowk in Ranchi Jharkhand. |
| 2 | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 6,94,39,040.00/- (Rupees Six Crore Ninety-Four Lakhs, Thirty-Nine Thousand, Fourty) only. |
| 4 | Time of Completion | 06 Months |
| 5 | Tender Fee and Bid Security to be submitted online | Tender document fee: Rs 25,000/- (Rupees Twenty-Five Thousand) only. **Non-Refundable.** Bid Security: Rs 6,95,000.00/- (Rupees Eight Lakhs Thirty-Seven Thousand) only |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 01.01.2026 at 15:00 Hrs. |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 08.01.2026 at 17:00 Hrs. |
| 8 | Date/Time of opening of Bid | 09.01.2026 at 17:00 Hrs. |
| 9 | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 10 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2225878 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in


Sd/-
**Project Director (Technical)**
PR 369805 Urban Development(25-26)#D **JUIDCO Ltd, Ranchi**

**टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड**
**THDC INDIA LIMITED**
(अनुसूची ए मिनी रत्न श्रेणी-I, पीएसयू, एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कंपनी)
(Schedule A Mini Ratna Category-I, PSU, a Subsidiary of NTPC Limited)

पैकेज-II: कलाई-II एचईपी (1200 मे.वा.) हेतु कॉफर डैम (U/S & D/S स्टेज-I) एवं रोड टनल का निर्माण कार्य तथा डायवर्जन टनल का सिविल एवं एचएम कार्य
पता: हवाई, अंजॉ जिला, अरुणाचल प्रदेश (ए.पी.) – 792104
बोलियों के लिए आमंत्रण (IFB)/टेंडर आमंत्रण सूचना (NIT)
(घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली)

**आईएफबी/एनआईटी सं.:** 2025_THDC_891534_1 **दिनांक:-** 27.12.2025
**बोली दस्तावेज सं. (यदि कोई हो):-** THDCIL/NCR/CC-538
**पैकेज/कार्य का नाम:-** पैकेज-II: कलाई-II एचईपी (1200 मे.वा.) हेतु कॉफर डैम (U/S & D/S स्टेज-I) एवं रोड टनल का निर्माण कार्य तथा डायवर्जन टनल का सिविल एवं एचएम कार्य।
**बोली का प्रकार:** ई-निविदा / एक-भारतीय, दो लिफाफा प्रणाली
**बोली दस्तावेज डाउनलोड:-** 27.12.2025 से 27.01.2026 तक भारतीय मानक समय के अनुसार 15:00 बजे तक।
**टेक्नो-कमर्शियल और प्राइस बिड्स की प्राप्ति:-** 27.01.2026 को भारतीय मानक समय के अनुसार 15:00 बजे तक।
**टेक्नो-कमर्शियल बिड्स खोलने की तिथि और समय:-** 28.01.2026 को भारतीय मानक समय के अनुसार 15:00 बजे।
प्राइस बिड खोलने की तिथि और समय की घोषणा अलग से की जाएगी।
**संपर्क विवरण:** महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संविदा विभाग), टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, प्लॉट नंबर 20, सेक्टर-14, कौशांबी, गाजियाबाद (यूपी) – 201010, भारत, दूरभाष: 0120-2816721/11, टीएचडीसी वेबसाइट:- www.thdc.co.in
**सी.पी.पी. वेबसाइट:-** https://eprocure.gov.in/eprocure/app
पंजीकृत कार्यालय: टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, गंगा भवन, प्रगतिपुरम, बाईपास रोड, ऋषिकेश, देहरादून – 249201

**पहचान की अपील**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका **नाम हर्ष पुत्र:** अर्जुन, **पता:** अज्ञात **उम्र:** 20 साल। जो दिनांक 19.12.2025 को नीलकंठ डेन्टल क्लीनिक आरडी. मार्ग कालकाजी नई दिल्ली डीडीए फ्लैट्स पर घायल अवस्था में मिला जिसे MLC No. 9191/25 पर एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया जिसे इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस बाबत **DD No. 67A, Dt. 20.12.2025, थाना: कालकाजी, दिल्ली, मे दर्ज है।** नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति का शारीरिक विवरण दिया गया है।

**उम्र:** 20 साल, **कद:** 5'6" **रंग:** गेंहुआ, **शरीर:** पतला, **पहनावा:** काले रंग की पैंट और काले रंग की जैकेट। अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो, कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना: कालकाजी, दिल्ली**
DP/17615/SE/2025 **फोन: 011-26666412, 08750870930**

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष (फोटो में दर्शाया गया है) जिसका नाम अज्ञात, पुत्र अज्ञात, निवासी: अज्ञात, दिनांक 23.12.2025 को दोपहर 12.00 बजे दिल्ली के ख्याला स्थित बी–ब्लॉक पार्क में मृत पाया गया। इस संबंध में DD No.77A दिनांक 23.12.2025 के तहत थाना ख्याला, पश्चिम जिला, दिल्ली में पंजीकृत किया गया है।

**शव का विवरण इस प्रकार है:**

**नाम:** अज्ञात, **लिंग:** पुरुष, **उम्र:** लगभग 45 वर्ष, **कद:** 5'6", **रंग:** गोरा, **पहचान चिह्न:** दाहिने हाथ पर **SAG** लिखा हुआ, सफेद दाढ़ी, **पहनावा:** नीला स्वेटर और स्लेटी रंग की पैंट।

स्थानीय पुलिस द्वारा पुरुष का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। यदि किसी को पुरुष के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना ख्याला, दिल्ली**
DP/17666/WD/2025 **फोन: 9873004567**

**पहचान की अपील**



आयशा

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात लड़की जिसका **नाम: आयशा** पुत्री शिव शंकर, निवासी: हरिद्वार, उत्तराखंड **उम्र:** 14 साल, **कद :** 5.2 फुट, **रंग:** गहरा, जो नीले रंग की साड़ी और लाल रंग का स्वेटर पहने हुए दिनांक 20.12.2025 को शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली में पाई गई है। इस संदर्भ में डी.डी. सं. 101ए दिनांक 20.12.2025 थाना बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस पाई गई लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

थानाध्यक्ष: थाना बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-23413800, 23413713, 8750870527

ई–मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639,
दूरभाष: 24368638/24368641
DP/17659/NDD/2025



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH14 User: cci Time: 12-31-2025 21:30 Color:





विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के आगामी सीजन में दिल्ली कैपिटल्स जीत सकती है। उन्होंने अच्छी टीम बनाई है और वे तीनों बार फाइनल में पहुंचे हैं। उन्हें एक बार जीतने दीजिए।
*- आकाश चोपड़ा, मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर*

**974**
*रन बनाए थे डॉन ब्रैडमैन ने 1930 में हुई एशेज सीरीज में। वह एक एशेज सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बैटर हैं*

## स्पोर्ट्स QUIZ

**इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।**

1. प्रो-रेसलिंग लीग की नीलामी में किस भारतीय का बेस प्राइस सर्वाधिक है?
A) अमन सहरावत B) बजरंग पूनिया C) दीपक पूनिया D) सुजीत कलकल

2. विश्वनाथन आनंद के बाद किस प्लेयर ने वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में मेडल जीता?
A) आर प्रग्नानंद B) डी गुकेश C) अर्जुन एरिगैसी D) विदित गुजराती

**कल के जवाब**
1. C) हैरी ब्रुक
2. B) जिम लेकर

**लकी WINNER**



1. आरती गुप्ता, लक्ष्मी नगर, दिल्ली
2. विजय आदित्य, फरीदाबाद, हरियाणा
3. आलोक सक्सेना, गाजियाबाद, यूपी

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### AIFF की सख्ती

■ **नई दिल्ली:** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने ISL क्लबों से देर से शुरू होने वाले सीजन और प्रस्तावित प्रारूप में भागीदारी की पुष्टि एक जनवरी तक करने को कहा है। AIFF को AFC को मैचों की सही संख्या बतानी है। ISL के देर से शुरू होने से क्लब 24 मैचों की अनिवार्यता पूरी नहीं कर पाएंगे। क्लबों ने एसीएल-2 पात्रता के लिए एक बार की छूट की मांगी है।

### दूसरे नंबर पर ब्रुक

■ **दुबई:** ICC की ताजा टेस्ट बैटिंग रैंकिंग्स में इंग्लैंड के हैरी ब्रुक तीन स्थान के फायदे के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। जबकि जो रूट शीर्ष पर बने हुए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग्स में भारत के जसप्रीत बुमराह पहले स्थान पर बरकरार हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क एक स्थान के फायदे के साथ दूसरे नंबर पर आ गए हैं।

### प्रज्ज्वल को वाइल्ड कार्ड

■ **बेंगलुरु:** भारतीय टेनिस खिलाड़ी प्रज्ज्वल देव को 5 से 11 जनवरी तक होने वाले बेंगलुरु ओपन के 10वें एडिशन के लिए वाइल्ड कार्ड मिला है। प्रज्ज्वल ने इसे अपने घरेलू राज्य में खेलने का गर्व बताया।

### ग्रासे एंबैसडर बने

■ **मुंबई:** दो बार के ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट स्प्रिंटर आंद्रे डि ग्रासे को 18 जनवरी को होने वाली 21वीं टाटा मुंबई मैराथन का इंटरनैशनल एंबैसडर नियुक्त किया गया है। सात ओलिंपिक पदक जीत चुके डि ग्रासे ने कहा कि दौड़ अनुशासन और दृढ़ता सिखाती है।

---

मुंबई के बैटर ने वनडे फॉर्मेट में भी दिखाया दम, गोवा के खिलाफ जड़ा धुआंधार शतक

# सरफराज के बल्ले ने मचाई धूम



विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

सरफराज खान

**444** रन बनाए मुंबई ने गोवा के खिलाफ हुए मैच में। यह लिस्ट-ए क्रिकेट में मुंबई की दूसरी सबसे बड़ी पारी है। मुंबई का लिस्ट-ए में हाइएस्ट स्कोर 457 रन है जो उसने 2021 में पुडुचेरी के खिलाफ बनाया था

**157** रनों की आतिशी शतकीय पारी खेली सरफराज खान ने सिर्फ 75 बॉल पर, जिसमें 14 सिक्सेस और 9 फोर शामिल थे

■ **एजेंसियां, जयपुर:** विजय हजारे ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट में भारतीय टेस्ट टीम के क्रिकेटर सरफराज खान का बल्ला चमका। जयपुर में गोवा और मुंबई के बीच हुए ग्रुप-सी मुकाबले में मुंबई की तरफ से सरफराज ने 75 गेंदों पर 14 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 157 रन की आतिशी पारी खेली। इस दौरान उन्होंने सिर्फ 56 गेंदों पर अपना शतक पूरा करके न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से पहले चयनकर्ताओं पर दबाव बढ़ा दिया। गोवा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई की ओर से यशस्वी जायसवाल ओपनिंग करने उतरे और 64 गेंद पर 46 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद तीसरे नंबर पर मुशीर खान और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सरफराज खान ने मोर्चा संभाला। दोनों भाइयों ने गोवा के गेंदबाजों की धुनाई शुरू की। मुशीर 66 गेंद पर 60 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन सरफराज जमे रहे। उनकी पारी के दम पर मुंबई ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 444 रन बनाए। यह मुंबई का लिस्ट-ए क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में गोवा टीम अभिनव तेजराणा की शतकीय पारी के बावजूद 50 ओवर्स में 9 विकेट पर 357 रन ही बना सकी और मुंबई ने 87 रनों से जीत हासिल की।

**रुतुराज ने दिखाई क्लास:** जयपुर दिसंबर महीने की शुरुआत में भारतीय वनडे टीम में चौथे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए अपना पहला वनडे इंटरनैशनल शतक लगाने वाले रुतुराज गायकवाड़ ने महीने का अंत भी शतक के साथ किया। जयपुर में ग्रुप-सी के एक अन्य मैच में रुतुराज ने महाराष्ट्र के लिए खेलते हुए उत्तराखंड के खिलाफ सेंचुरी जड़ी। रुतुराज ने 113 गेंदों पर 124 रन बनाए, जिसमें 12 फोर और 3 सिक्स शामिल थे। महाराष्ट्र ने 50 ओवर्स में 331/7 का स्कोर बनाया। जवाब में उत्तराखंड की टीम सत्यजीत बाछव (3/22) और राजवर्धन हंगारगेकर (3/37) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 43.4 ओवर्स में 202 रनों पर सिमटी गई और महाराष्ट्र ने 129 रनों से जीत दर्ज की।

**मयंक-पडिक्कल ने बरसाए रन:** अहमदाबाद में एलीट ग्रुप-ए के मैच में कर्नाटक के बैटर्स कप्तान मयंक अग्रवाल (132 रन, 124 बॉल, 15 फोर, 2 सिक्स) और देवदत्त पडिक्कल (113 रन, 116 बॉल, 10 फोर, 4 सिक्स) ने पुडुचेरी के खिलाफ 228 रन की ओपनिंग साझेदारी की। इसकी बदौलत कर्नाटक ने 50 ओवर्स में 363/4 का स्कोर बनाया। जवाब में पुडुचेरी 296 रन बना सकी और 67 रनों से मैच गंवाया।

**जुयाल ने खेली जोरदार पारी:** राजकोट में यूपी के लिए ग्रुप-बी के मैच में आर्यन जुयाल ने असम के विरुद्ध 140 गेंदों पर नाबाद 150 रनों (15 फोर, 3 सिक्स) की शानदार पारी से टीम को जीत दिलाई। असम ने 50 ओवर्स में 308 रन बनाए थे [illegible] बाद खेल रुकने तक 2 विकेट पर 291 रन बना लिए थे। विजेडी टारगेट के हिसाब से यूपी की 58 रनों से जीत हुई।

**कप्तान अंकित ने दिलाई जीत:** अलूर में ग्रुप-डी के मैच में हरियाणा के लिए अंकित कुमार ने कप्तानी पारी (144* रन, 123 बॉल, 14 फोर, 4 सिक्स) खेलकर टीम को सर्विसेज के खिलाफ 7 विकेट से जीत दिलाई। सर्विसेज ने इरफान अली की सेंचुरी से 50 ओवर्स में 271/8 का स्कोर बनाया था, जिसे हरियाणा ने अंकित के शतक और हिमांशु राणा की फिफ्टी की बदौलत 43.1 ओवर्स में तीन विकेट पर 275 रन बनाकर हासिल कर लिया।

### पंत का बल्ला फिर खामोश, दिल्ली हारी

अलूर में हुए ग्रुप-डी मैच में दिल्ली को ओडिशा के खिलाफ 79 रनों की बड़ी हार का सामना करना पड़ा जिसमें कप्तान ऋषभ पंत का बल्ला से फिर कोई बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। ओडिशा ने कप्तान बिप्लब सामंतरे के अर्धशतक से 50 ओवर्स में 272 रन बनाए थे जिसके जवाब में दिल्ली की बल्लेबाजी फ्लॉप रही और टीम 42.3 ओवर्स में 193 रन पर ऑलआउट हो गई। दिल्ली की तरफ से सर्वाधिक 43 रन हर्ष त्यागी ने बनाए। पंत ने मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी के चार मैचों में 5, 70, 22 और 24 रन की पारी खेली है।



रुतुराज



देवदत्त पडिक्कल

---

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट-XI 2025 में तीन भारतीय को जगह

क्रिकेट कनेक्ट

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** साल 2025 की समाप्ति पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बेस्ट टेस्ट इलेवन जारी की है। इसमें तीन भारतीयों को जगह दी गई है। वहीं, इस टीम की कप्तानी साउथ अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा को सौंपी गई है। सीए की 2025 की बेस्ट टेस्ट इलेवन में तीन भारतीय (केएल राहुल, शुभमान गिल, जसप्रीत बुमराह), चार ऑस्ट्रेलियाई (ट्रेविस हेड, एलेक्स कैरी, मिचेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड), इंग्लैंड के दो (बेन स्टोक्स, जो रूट) और साउथ अफ्रीका के एक (सिमोन हार्मर) खिलाड़ी को जगह दी गई है। भारत के दिग्गज ऑलराउंडर रविंद्र जाडेजा को 12वें खिलाड़ी के रूप में जगह दी गई है। केएल राहुल को ट्रेविस हेड के साथ बतौर ओपनर टीम में जगह दी गई है। तीसरे नंबर पर जो रूट और चौथे नंबर पर शुभमान गिल हैं।



CA ने तेंबा बावुमा को चुना टीम का कप्तान

### मार्टिन गंभीर हालत में भर्ती

**ब्रिसबेन:** ऑस्ट्रेलिया के लिए 67 टेस्ट खेल चुके पूर्व क्रिकेटर डेमियन मार्टिन ब्रिस्बेन के एक अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती हैं। दाहिने हाथ के पूर्व बल्लेबाज 54 वर्ष के मार्टिन के बारे में नौ अखबारों ने लिखा कि वह दिमागी बुखार से जूझ रहे हैं और कोमा में हैं।

# राशिद को अफगानिस्तान की कमान

टी20 वर्ल्ड कप अपडेट

■ **एजेंसियां, काबुल:** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 और वेस्टइंडीज के खिलाफ प्रस्तावित टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान एक बार फिर स्टार लेग स्पिनर राशिद खान को सौंपी गई है, जबकि इब्राहिम जादरान उप-कप्तान होंगे। गुलबदीन नाइब और तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक की टीम में वापसी हुई है। एसीबी के सीईओ नसीब खान ने कहा कि पिछली टी20 वर्ल्ड कप में टीम का प्रदर्शन शानदार रहा था और एशियन परिस्थितियों में होने वाला अगला टूर्नामेंट अफगानिस्तान के लिए अनुकूल साबित हो सकता है।

**अफगानिस्तान टीम:** राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान (उप-कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, मोहम्मद इशाक, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, शाहिदुल्लाह कमाल, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नायब, मोहम्मद नबी, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, फजल हक फारूकी और अब्दुल्ला अहमदजई।



अफगानिस्तान के कप्तान और स्पिनर राशिद

### शाहीन का वर्ल्ड कप खेलना संदिग्ध

**कराची:** पाकिस्तान के अनुभवी तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया से बुधवार को स्वदेश लौटे। उनका अब भारत और श्रीलंका में अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। शाहीन को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने लाहौर स्थित हाई परफॉर्मेंस सेंटर में इलाज के लिए बुला लिया है। उनकी चोट को लेकर प्रारंभिक फीडबैक यही मिला है कि उन्हें पूरे आराम की जरूरत है और चोट से उबरने में समय लगेगा।

---

### अर्जुन ने की ग्रैंडमास्टर आनंद की बराबरी



भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी

■ **एजेंसियां, दोहा:** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रहे। उन्होंने वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप में भी ब्रॉन्ज मेडल जीता था। वह विश्वनाथन आनंद के बाद एक ही चैंपियनशिप में रैपिड और ब्लिट्ज दोनों इवेंट में मेडल हासिल करने वाले पहले भारतीय बन गए। विश्वनाथन आनंद ऐसा 2017 में करने में सफल हुए थे, जब उन्होंने रैपिड इवेंट जीतने के बाद ब्लिट्ज में ब्रॉन्ज मेडल पक्का किया था। वहीं, ओपन वर्ग में वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन ने नौवीं बार ब्लिट्ज का खिताब अपने नाम किया। इससे पूर्व, वह रैपिड इवेंट में भी गोल्ड हासिल करने में सफल रहे थे।

वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप

# नीलामी में अमन का बेस प्राइस सर्वाधिक

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** पैरिस ओलिंपिक्स के ब्रॉन्ज मेडल विजेता अमन सहरावत 18 लाख रुपये की बेस प्राइस के साथ प्रो-रेसलिंग लीग (PWL) की नीलामी में सबसे महंगे घरेलू खिलाड़ी के तौर पर शामिल हुए हैं। जबकि दो बार की ओलिंपिक्स मेडलिस्ट युई सुसाकी और दिग्गज खिलाड़ी युस्नेलिस गुजमेन लोपेज को भी इतने ही बेस प्राइस की कैटिगरी में रखा गया है। PWL के लिए नीलामी 3 जनवरी को होनी है जबकि लीग 15 जनवरी से 1 फरवरी तक होगी। दीपक पूनिया की बेस प्राइस 10 लाख है। नवीन भी इसी वर्ग में हैं। सुजीत कलकल की बेस प्राइस 7 लाख है।



PWL नीलामी

भारतीय रेसलर अमन सहरावत

**18** लाख रुपये की बेस प्राइस के साथ अमन सहरावत सबसे महंगे भारतीय पहलवान। जबकि महिला रेसलर अंतिम पंघाल और अंशु मलिक 10 लाख वाली कैटिगरी में

**6** टीमें हिस्सा लेंगी इस सीजन। ये टीमें हरियाणा थंडर्स, पंजाब रॉयल्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल, महाराष्ट्र केसरी, दिल्ली दंगल वॉरियर्स, यूपी डॉमिनेटर्स हैं

### पाइपर्स ने सूरमा को हराकर दर्ज की लगातार दूसरी जीत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कप्तान नवनीत कौर के गोल की बदौलत एसजी पाइपर्स ने विमिंस हॉकी इंडिया लीग में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पाइपर्स ने लीग के अपने दूसरे मुकाबले में जेएसडब्ल्यू सूरमा क्लब को 1-0 के मामूली अंतर से हराया। पाइपर्स ने मैच का आगाज ही धुआंधार रूप से किया। उनके लिए नवनीत ने सिर्फ चौथे मिनट में ही गोल दागकर टीम लीड दिला दी, जिसके बाद सूरमा वापसी नहीं कर पाई और उन्हें लगातार दूसरी हार मिली।



पाइपर्स की कप्तान नवनीत कौर

### फीफा अधिकारियों की सूची में 5 भारतीय

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** वर्ष 2026 के लिए जारी फीफा इंटरनैशनल मैच अधिकारियों की सूची में पांच भारतीयों को शामिल किया गया है। रेफरी वर्ग में रचना कमानी, अश्विन कुमार और आदित्य पुरकायस्थ को जगह मिली है, जबकि मुरलीधरन पांडुरंगन और पीटर क्रिस्टोफर असिस्टेंट रेफरी होंगे। अश्विन और आदित्य एएफसी रेफरी अकैडमी कोर्स पूरा कर चुके हैं। भारत के कुल 19 अधिकारी फीफा सूची में शामिल हैं।

### ग्यारह हार के बाद वुल्वरहैम्प्टन ने खेला पहला ड्रॉ

■ **एजेंसियां, मैनचेस्टर:** लादिस्लाव क्रेज्सी के गोल की बदौलत वुल्वरहैम्प्टन अपने से कई गुना ज्यादा मजबूत टीम मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ 1-1 से मुकाबला ड्रॉ करने में सफल रही। इस तरह वुल्वरहैम्प्टन का इंग्लिश प्रीमियर लीग में 11 मैच से चल रहा हार का सिलसिला भी टूट गया।

मैच का पहला गोल मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से जोशुआ जिर्कजी ने किया। जिर्कजी ने 27वें मिनट में गोल किया था। इस गोल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड की जीत की संभावना बढ़ा दी थी, लेकिन मैच के 45वें मिनट में लादिस्लाव ने वुल्वरहैम्प्टन के लिए बराबरी का गोल दागा। ड्रॉ के साथ यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग की अंक तालिका में छठे स्थान पर रहते हुए 2025 की समाप्ति की। वुल्वरहैम्प्टन वांडरर्स तालिका में सबसे नीचे है।

इंग्लिश प्रीमियर लीग



लादिस्लाव

---

# स्पोर्ट्स @2026

सबसे बड़ा चैलेंज

## वर्ल्ड कप 3, ख्वाब 1

साल 2025 का पर्दा गिर चुका है और हम साल 2026 में प्रवेश कर चुके हैं। पिछले साल भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वनडे वर्ल्ड कप में पहले खिताबी सपने को साकार किया था, इस साल उनका लक्ष्य टी20 फॉर्मेट में वर्ल्ड चैंपियन बनने का होगा। वहीं इस नए साल में भारत की दो मेंस टीम ICC के दो अलग-अलग एज कैटेगरी के वर्ल्ड कप में खिताब जीतने के ख्वाब के साथ साल की शुरुआत करेंगी। पहली चुनौती अंडर-19 वर्ल्ड कप में यंग मेंस पर भारत को छठी बार खिताब दिलाने की होगी, वहीं सीनियर टीम इंडिया टी20 फॉर्मेट में अपना ताज बचाने उतरेगी। इन दो बड़े इवेंट के अलावा भी भारतीय मेंस क्रिकेट टीम के लिए साल 2026 बेहद व्यस्त रहने वाला है।



सबसे बड़ा सवाल

### क्या बनी रहेगी रो-को की जोड़ी

साल 2025 के अंत में विराट कोहली और रोहित शर्मा ने साबित कर दिया वे अपनी पूरी लय में हैं लेकिन सवाल यह है कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप का लक्ष्य लेकर मैदान पर डटी यह जोड़ी क्या अपनी यह लय बरकरार रख पाएगी? क्या वे अगला वनडे वर्ल्ड कप खेल पाएंगे? अगले वनडे वर्ल्ड कप तक के 22 महीनों में उम्रदराज होते इन सुपरस्टार्स को मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहने के अलावा चोट मुक्त भी रहना होगा।

### घर पर खिताब जीतने का होगा दबाव

मेंस टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका में खेला जाना है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत इस टूर्नामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतरेगा। मौजूदा फॉर्म और टीम संयोजन को देखते हुए भारत के पास जून 2024 में बारबाडोस में जीता गया खिताब बचाने का मजबूत मौका है। अगर भारतीय टीम ऐसा करने में सफल रहती है तो वह घरेलू धरती पर टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली मेंस टीम बनेगी और साथ ही तीन बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली इकलौती टीम भी बन जाएगी।



**26** टी20 इंटरनैशनल मैच खेलेगी मेंस टीम नए साल में
**18** वनडे खेलेगी टीम इंडिया 2026 में
**5** टेस्ट मैच खेलेगी भारतीय मेंस टीम इस साल

### उत्तराधिकारी की भी होगी तलाश

सूर्यकुमार की अगुआई में भारत टी20 वर्ल्ड कप में उतरेगा जरूर लेकिन यह तय है कि टूर्नामेंट खत्म होते ही 36 साल के होने जा रहे सूर्य के उत्तराधिकारी की तलाश तेज हो जाएगी। शुभमान गिल फिलहाल इस रेस से बाहर हो गए हैं और वर्ल्ड कप के बाद कोई नया चेहरा इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए सामने आ सकता है।

### हरमन ऐंड कंपनी से बढ़ी उम्मीद



विमिंस वर्ल्ड टी20 कप इंग्लैंड में खेला जाना है। वनडे में खिताबी जीत के बाद हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम से फैंस की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इसकी तैयारी के लिए साल की शुरुआत में टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी और फिर मई-जून में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलकर अपनी तैयारियों को पुख्ता करेगी।

### WTC में बड़ा चैलेंज



भारतीय टेस्ट टीम के लिए पिछला साल खास नहीं रहा। उसने बांग्लादेश व वेस्टइंडीज से सीरीज जीती, इंग्लैंड में सीरीज ड्रॉ कराया। नुकसान तीन सीरीज में हार से हुआ, जिनमें से दो घरेलू धरती पर रही। इन तीन हार से भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) की रेस में पिछड़ गई। भारत अगस्त तक टेस्ट मैच नहीं खेलेगा। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के बाद साल के अंत में न्यूजीलैंड दौरा है। 2027 में घरेलू ऑस्ट्रेलिया सीरीज होगी। WTC फाइनल में जगह के लिए हैरान करने वाले परिणाम हासिल करने होंगे।

### गोल्डन प्रदर्शन की उम्मीद

भारतीय फैंस की निगाहें अगले साल जापान में होने वाले एशियन गेम्स पर भी होंगी, जहां क्रिकेट भी एक मेडल इवेंट होगा। पिछले एशियन गेम्स में भारत की मेंस और विमिंस दोनों कैटिगरी में गोल्ड जीता था और इन खेलों में फैंस इस बार फिर दो गोल्ड मेडल सुनिश्चित मान कर चल रहे हैं।

---

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज न चाहते हुए भी आपको कोई ऐसा काम करना पड़ सकता है, जो औरों के लिए असुविधाजनक होता है। घर के सदस्य या फिर संतान के व्यवहार से आप अप्रसन्न रह सकते हैं। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना बन सकती है। समय का उपयोग करें।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। आज का दिन परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। सायंकाल के समय कोई प्रिय मित्र अतिथि बनकर आ सकता है। राशि में किसी मांगलिक कार्य में सम्मिलित होने से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आपने जिस प्रकार की छवि लोगों के बीच बनाई है उसके बल पर आज का दिन आपके लिए अच्छा व्यतीत होगा। लोगों की सद्भावनाएं भी जागृत रहेंगी। दोपहर तक आर्थिक संयोग भी रहल होंगे परंतु कार्यक्षेत्र की धीमी गति से मानसिक तनाव पैदा हो सकता है।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज सुबह से ही कुछ प्रतिकूल समय आपके लिए चल रहा है। हो सकता है आज ही आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्या भी हो। दिन के पहले हिस्से में स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहतर रहेगा उसके बाद आप अपने रूटीन काम करें। जीवनसाथी से पर्याप्त सहयोग मिलेगा। आज परिवार के संग कहीं बाहर घूमने-फिरने का समय भी मिलेगा।

**LEO** 23 July - 22 Aug
इन दिनों आपका सबकुछ ठीक-ठाक ही चल रहा है। कारोबार की स्थिति भी सुधरती जा रही है। किसी बड़े अधिकारी के सहयोग से नौकरी में भी आपकी स्थिति मजबूत है। कार्यक्षेत्र में आपकी तरक्की देख विरोधियों का मनोबल गिरेगा। जोखिमों से दूर रहें। बिजनेस में नवीनता लाएं।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
किसी-किसी समय आप जब अच्छे मूड में रहते हैं तो अपने चाहने वालों का भला करने में पीछे नहीं रहते हैं। ऐसे ही लोगों में आज आपका समय व्यतीत होगा। जो सही पात्र हो उसका अवश्य कल्याण करें। मित्रों से भविष्य के किसी प्रोजेक्ट पर चर्चा होगी। अच्छा मौका आपके आसपास है।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज के दिन आपको किसी परीक्षा के लिए तैयार रहना है। अगर आप अपने व्यवसाय से संबंधित कोई अनुबंध या लिखा-पढ़ी करना चाहते हैं तो दिन के समय ही कर डालें। शादी और पार्टी के लिए भी आपके लिए अच्छा समय चल रहा है। आज किसी मूल्यवान वस्तु की सौदेबाजी करने से पहले उसके सभी पहलुओं को अच्छी तरह अध्ययन कर लें।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
कभी-कभी कोई काम आपकी सोच के विपरीत हो जाते हैं। जिस व्यक्ति को आप सज्जन समझते हैं वही धोखा दे जाता है। कुछ ऐसी ही घटना आज भी होगी। काफी मिश्रित फलदायक दिन है। एकाध काम अच्छा हो जाने से मन को शांति मिलेगी। किसी अच्छे समाचार मिलने से हर्ष होगा।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
कई दिनों से आप किसी छोटे-मोटे काम के बिगड़ जाने से आश्चर्यचकित हैं। हो सकता है आज आपके इस काम में सुधार हो जाए। फिर भी किसी व्यर्थ की डर या आशंका से आपका मन अशांत रह सकता है। दोपहर बाद कुछ भागदौड़ करने से छिटपुट लाभ हो सकते हैं।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज का दिन कुछ ज्ञानवर्धकपूर्ण और आपकी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने वाला होगा। गणमान्यजनों से भेंट मुलाकात होगी और किसी बड़े लाभ की आस में दिन सार्थक नजर आएगा। शिक्षकों की तरफ से भी अच्छी खबरें मिलेंगी। संतान पक्ष के कारण समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
यह समय अपने कार्यक्षेत्र में आने-जाने वाले सभी कार्यों को निपटाने का चल रहा है। इस बीच कुछ अपने ही लोग आपकी चिंता भी बढ़ा सकते हैं। आर्थिक दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। किसी को भी उधार न दें। यदि आप किसी प्रेम में उलझे हैं तो उसका फैसला भी जल्दी करें।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
दिन के पहले हिस्से में बहुत सारे काम एक साथ आपके सामने लटके रहेंगे। जहां तक हो सके इनमें महत्वपूर्ण कार्य पूरे कर लेना। दोपहर बाद फिर समय ठीक नहीं है। बनते काम में रुकावटें पैदा होंगी और उसका मानसिक अवसाद शाम तक बना रहेगा। मित्रों का सहयोग लेना जरूरी होगा। किसी धार्मिक कार्य के लिए योजना बनाते वक्त आपकी सलाह ली जाएगी।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष राहु और नेपच्यून आपके वर्ष के प्रतिनिधि ग्रह बने रहेंगे। जनवरी महीने के अंत तक शनि व बृहस्पति की चाल इस वर्ष आपके मार्ग में कुछ अधिक प्रभाव देने वाली होगी क्योंकि वर्ष के आरंभ यानी फरवरी में शनि सूर्य का गुरु युक्त कुछ योग रहने से झगड़े-विवाद से बचे रहें तो ही अच्छा रहेगा। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल के महीने तक आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करेंगे, खान-पान में परहेज रखना जरूरी होगा। मई महीने की शुरुआत से लेकर जून महीने के अंत तक का समय बहुत ही अनुकूल और लाभकारी सिद्ध होगा। इस समय किसी मित्र के साथ भविष्य की योजना पर चर्चा करें। जुलाई माह से लेकर अगस्त माह के अंत तक किसी औचित्य को ध्यान दिए बगैर आप नए व्यापार के क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं, अन्यथा फिर सितंबर में फिर सकते हैं। अक्टूबर के महीने में आपका नैतिक पक्ष मजबूत होगा। आप परिवार संग कहीं घूमने भी जाएंगे। इस दौरान की गई यात्रा सफल होगी। यह वर्ष नवंबर से दिसंबर तक विशेषकर काम काजी महिलाओं को जीवन में विशेष होकर व्यतीत होगा। विद्यार्थी यदि संतुलित दृष्टिकोण से अध्ययन करेंगे तो सफलता की राह कुछ कठिन अवश्य हो जाएगी।
**-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा**


### कल का पंचांग
(शुक्रवार, 2 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 12, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, चतुर्दशी, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 19, रज्जब 12, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 2 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक। चतुर्दशी तिथि सायं 6 बजकर 54 मिनट तक उपरांत पूर्णिमा तिथि का आरंभ। मृगशिरा नक्षत्र रात्रि 8 बजकर 4 मिनट तक उपरांत आर्द्रा नक्षत्र का आरंभ। शुक्ल योग दोपहर 1 बजकर 7 मिनट तक उपरांत ब्रह्म योग का आरंभ। गर करण प्रातः 8 बजकर 8 मिनट तक उपरांत वव करण का आरंभ। चंद्रमा रात्रि 9 बजकर 26 मिनट तक वृष उपरांत मिथुन राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार- नववर्ष 2026 ई. प्रारंभ।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 4 | | | 5 | | | 7 |
| 7 | | 8 | | | | | | 9 |
| | | 1 | | | 7 | | | |
| | 1 | | | | 4 | | 9 | 2 |
| 3 | | | 2 | | 6 | | | 8 |
| 8 | 4 | | 5 | | | | 3 | |
| | | | 6 | | | 9 | | |
| 4 | | | | | | 2 | | 5 |
| 6 | | | 3 | | | 4 | 7 | |

### TELEVISION




big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बालू हालू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बदरुद्ध बुद्धक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 राष्ट्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैपी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 राष्ट्र के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 21:00 चिड़ |
| 13:30 भ से भड़े | |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA12 User: cci Time: 12-31-2025 21:58 Color:





शुभकामनाएं, नया वर्ष जिंदगी को बेहतर ढंग से जीने का एक और अवसर लेकर आया है।


– ओपरा विन्फ्रे

# हैपी न्यू ईयर!

**2025 से** 2026 में कदम रखना केवल कैलेंडर बदलना नहीं – नया मौका है उन उम्मीदों को पूरा करने का जो बीते बरस में अधूरी रह गईं और उन चुनौतियों के लिए तैयारी का, जो आगे इंतजार कर रही हैं।

**आर्थिक चुनौतियां ।** कोई भी परफेक्ट नहीं होता, 2025 भी नहीं था। लेकिन, इसकी सीख इस नए साल में काम आ सकती है। पिछला साल आर्थिक मोर्चे पर जबरदस्त उथल-पुथल वाला रहा। लगातार तेजी के बाद शेयर बाजार ने मंदी दिखानी शुरू की और अमेरिका में दूसरी बार सत्ता में आए डॉनल्ड ट्रंप टैरिफ पर आक्रामक पॉलिसी लेकर आए। भारत ने इन दोनों का ही बखूबी सामना किया। ट्रंप के दबाव के बावजूद उसने रूस के साथ रिश्तों को तवज्जो दी और यह संदेश भेजा कि उसकी विदेश नीति किसी के प्रभाव में नहीं चलती। इसी दौरान रूस, न्यूजीलैंड, ओमान के साथ अहम समझौते हुए।

AI image



नए साल में नई उम्मीद

**चौथी बड़ी इकॉनमी ।** घरेलू स्तर पर GST 2.0 जैसे अहम बदलाव लागू किए गए। इससे अर्थव्यवस्था को संभाला और दूसरी तिमाही में देश ने 8.2% की ग्रोथ हासिल की। अनुमान है कि साल बीतने के साथ जापान को पीछे छोड़कर भारत 4.18 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका होगा। हाल में अन्य देशों के साथ हुई ट्रेड डील और अमेरिका के साथ समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के बाद अर्थव्यवस्था को और गति मिलने की उम्मीद है।


**पड़ोसियों से रिश्ते ।** इकॉनमी की तरह ही देश ने सीमा पर मिली चुनौती का भी सामना किया। पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर भारत के सामर्थ्य और संयम, दोनों का परिचय था। दूसरे पड़ोसियों के साथ संबंधों की बात करें, तो चीन संग तनाव कम हुआ – 5 साल बाद डायरेक्ट फ्लाइट शुरू हुई, पीएम मोदी SCO बैठक के लिए वहां गए। वहीं, बांग्लादेश के हालात चिंता में डालने वाले रहे। उम्मीद की जा सकती है कि फरवरी में जब वहां चुनाव होंगे, तो नई चुनी हुई सरकार नई दिल्ली के साथ रिश्तों की अहमियत समझेगी।

**देश के मुद्दे ।** असहिष्णुता और धार्मिक-जातीय आधार पर भेदभाव की कई खबरें आईं। साल के आखिर में भी, क्रिसमस पर कुछ जगहों से तोड़फोड़ की जो तस्वीरें आईं, उससे देश की छवि खराब होती है। इसी तरह, बारिश, भूस्खलन, वायु प्रदूषण और अरावली के बहाने पर्यावरण पूरे साल बड़ा मुद्दा बना रहा। SIR पर राजनीतिक हंगामा मचा। अच्छी बात है कि इन मुद्दों को लेकर जनता जागरूक दिखी।

## गुस्ताख़ी माफ़

# अपनों ने ग़म दिए

**दुनिया की** सबसे बड़ी पार्टी ने अपनी सबसे बड़ी इकाई का नया अध्यक्ष बनाया। हेवीवेट नेता, जातिगत समीकरण भी मजबूत। लेकिन वो जो कहते हैं न, प्रथम ग्रासे मक्षिका, वैसा ही माहौल बन गया। अध्यक्षजी ने पार्टी के कुछ विधायकों की मीटिंग के बाद दिल खोलकर एक बयान दिया। लगा कि असर में कसर रह गई है तो फिर से बयान दिया। बवाल कट गया।



अखिलेश प्रताप सिंह

सियासी करियर की शुरुआत ही अगड़े नेता की सरपरस्ती में हुई थी। अगड़े वोटर बंपर समर्थन न करें, तो अपना चुनाव ही न जीत पाएं। खुद तो अपनों के सम्मेलन में गए, दूसरों को जाति के बारे में ज्ञान दे रहे। अध्यक्षजी के खिलाफ परचे बंटने लगे।

अभी इनका किस्सा चल ही रहा था कि देश की सबसे उम्रदराज पार्टी के एक बुजुर्ग नेता को धूल खा रहे संगठन की याद आ गई। आई तो आई, पर सामने वाली पार्टी का जो फोटो उनने दिखाया, पब्लिक उसे ले उड़ी। यहां तक कि सफेद टी-शर्ट वाले जिस टॉप युवा नेता को उनने सियासत का ककहरा सिखाया था, उनने भी मिलते ही चिकोटी काट ली कि चचा आपने ठीक नहीं किया। राजपाट छोड़ने के बाद नर्मदा के चक्कर लगाने वाले नेताजी अब सफाई दे रहे हैं।

तुकबंदी का मीटर बदल-बदलकर नेतागीरी करने वाले एक चिर कुमार कवि भी घेर लिए गए। उनने असली-नकली टाइप जुमलेबाजी कर दी। पब्लिक ने विश्वास तोड़ने का हल्ला काट दिया। राजस्थान से छत्तीसगढ़ तक की पिछली सरकारों में उनको मिले इनाम ओ इकराम की लिस्ट जारी होने लगी। रामलीला मैदान से अमेठी तक की किस्सागोई शुरू हो गई।

तीनों को उनके अपनों ने ही ग़म दिए। अध्यक्षजी को उनके कट्टर अगड़े समर्थकों ने और नर्मदा वाले नेता को उनकी पार्टी के लोगों ने ही घेरा। चिर कुमार पर भरोसा तोड़ने का आरोप उनने लगाया, जिनके टॉप नेताओं की महफिलें इन कवियों के बिना जमती नहीं थीं। बहरहाल नया साल आ गया है।


## एकदा

संकलन : रेनू सैनी

# खेल-खेल में गणित

**1 जनवरी** 1894 को कोलकाता में जन्मे सत्येंद्रनाथ बोस भारत के महान वैज्ञानिकों में गिने जाते हैं। बचपन से ही उन्हें गणित और विज्ञान में गहरी रुचि थी। वह प्रश्नों को केवल हल ही नहीं करते, बल्कि उनके साथ नए-नए तरीकों से खेलते थे। यही दृष्टि आगे चलकर उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी। उनके बचपन की एक रोचक घटना है। गणित की परीक्षा में उनकी उत्तर-पुस्तिका देखकर शिक्षक इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने 100 में से 110 अंक दे दिए। प्रधानाचार्य ने जब स्पष्टीकरण मांगा, तो उस शिक्षक का कहना था कि सत्येंद्रनाथ ने कठिन प्रश्नों को भी एक से अधिक तरीकों से हल किया है। इससे पता चलता है कि यह बालक भविष्य में असाधारण उपलब्धियां हासिल करेगा। आगे चलकर यह भविष्यवाणी पूरी तरह सच साबित हुई। उन्होंने भौतिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी योगदान दिया। अल्बर्ट आइंस्टाइन के साथ उनके कार्य ने आधुनिक भौतिकी को नई दिशा दी। गॉड पार्टिकल 'बोसॉन' का नाम उन्हीं के सम्मान में रखा गया। सत्येंद्रनाथ बोस का कहना था कि यदि पढ़ाई दबाव नहीं, बल्कि आनंद और जिज्ञासा के साथ की जाए, तो सफलता मिलती ही है, नए कीर्तिमान भी रचे जा सकते हैं।


Subrata Dhar



## 2025 में ग्लोबल पॉलिटिक्स पर बड़े नेताओं की नीतियों का पड़ा निर्णायक असर

# नए साल में ख़त्म हो जाएगा ट्रंपवाद

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप ने 2025 में आलोचकों को लाजवाब कर दिया। इनमें से एक मैं भी हूं। जनवरी में अमेरिकी संसद में उन्होंने जो भाषण दिया था, उससे तीन बातें स्पष्ट थीं। पहला, टैरिफ में भारी बढ़ोतरी होगी। दूसरा, नियम-आधारित वैश्विक आर्थिक व्यवस्था बिखर जाएगी और तीसरा, अमेरिका ग्लोबल पुलिसमैन की भूमिका नहीं निभाएगा। ध्यान रहे, नियम आधारित वैश्विक आर्थिक व्यवस्था और ग्लोबल पुलिसमैन वाली भूमिका के कारण ही द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद दुनिया ने इतिहास में सबसे तेज आर्थिक वृद्धि देखी।



स्वामीनाथन एस अंकलेसरिया अय्यर

**मंदी का डर ।** फिर अप्रैल में ट्रंप का 'लिबरेशन डे' ऐलान आया। इसमें उन्होंने चीन पर 150% तक और अन्य देशों पर 30% तक टैरिफ लगाने की धमकी दी। इसका असर जवाबी टैरिफ के रूप में भी सामने आया। इससे दुनिया के गहरी आर्थिक मंदी में डूबने के हालात बनने लगे। भारत सहित कई देशों के शेयर बाजारों में गिरावट आई।

**तेज वृद्धि दर ।** इसके बावजूद हालिया आंकड़े बताते हैं कि भारत और अमेरिका में विकास दर इतनी तेज रही, जिसकी साल भर पहले कल्पना नहीं की जा सकती थी। अमेरिका ने आखिरी तिमाही में 4.3% की वृद्धि दर्ज की और भारत ने 8.2%। आखिर कैसे? असल में, अमेरिकी टैरिफ अनुमान से बहुत कम रहा।

Adobe Stock



**टैरिफ का असर कम**

- जितनी धमकी थी, उतना नहीं बढ़ा टैरिफ
- तीसरे देश के मार्फत माल भेजा जाने लगा
- आयातकों ने माल का स्टॉक जमा कर लिया

**रेयर अर्थ मिनरल्स ।** दुनिया ट्रंप को कुछ ज्यादा ही गंभीरता से ले रही थी, लेकिन वह स्टेट्समैन कम और रीयल एस्टेट सेल्समैन ज्यादा हैं। उन्होंने धमकी तो बेहद ऊंचे टैरिफ की दी, मगर सौदेबाजी करते हुए इसे कम करते गए। इसके अलावा रेयर अर्थ पर चीन की मजबूत पकड़ के चलते ट्रंप उसके साथ सख्ती नहीं बरत सके।



**जोर का झटका ।** शुरू में एक्सपर्ट्स को डर था कि टैरिफ 26% आयात पर असर डालेगा, लेकिन 10% पर ही इसका असर पड़ा। यही नहीं, चीन, भारत और अन्य देशों ने ऊंचे टैरिफ से बचने के लिए तीसरे देश के जरिये अमेरिका को माल भेजना शुरू कर दिया। कई अमेरिकी आयातकों ने टैरिफ लगने से पहले काफी स्टॉक जमा कर लिया था। फिर भी जहां ऊंचे टैरिफ से बचना मुमकिन नहीं था, वहां कुछ बोझ आयातकों ने उठाया तो कुछ निर्यातकों ने। इसलिए टैरिफ का व्यापक असर नहीं हुआ।

**दर्ज हुई जीत ।** इस वजह से अमेरिका में महंगाई बेकाबू नहीं हुई। नवंबर में खुदरा महंगाई दर 2.8% रही, जो अक्टूबर में 3% थी। आर्थिक विकास दर में तेजी और कम महंगाई दर की वजह से अमेरिका के केंद्रीय बैंक (जैसे भारत में रिजर्व बैंक है) ने ब्याज दरों में कमी की। इससे वहां के शेयर बाजार और चढ़े। इस तरह से दूसरी पारी के पहले साल में ट्रंप जीत दर्ज करने में कामयाब रहे।

नए साल की आशा

**बढ़ती बेरोजगारी ।** सवाल है कि 2026 में क्या होगा? मेरा मानना है कि ट्रंपवाद को झटका लगेगा। 2025 में अमेरिका में तेज ग्रोथ की वजह मुख्य रूप से AI बूम रहा। बड़ी अमेरिकी कंपनियां AI डिवेलपमेंट को मैनेज करने के लिए डेटा सेंटर्स में खरबों डॉलर लगा रही हैं। मगर डेटा सेंटर्स में भारी पूंजी तो लगती है, लेकिन उस हिसाब से उनसे रोजगार नहीं मिलता। इसलिए, अच्छी GDP ग्रोथ के बावजूद जनवरी से नवंबर के बीच अमेरिका में बेरोजगारी दर 4% से बढ़कर 4.6% हो गई।

**संसदीय चुनाव ।** क्या 2026 में भी अमेरिकी इकॉनमी को AI से मदद मिलेगी? नए साल में AI की चमक सचमुच कम हुई तो यह सेक्टर बैठ जाएगा। ऊंची महंगाई दर और धीमी विकास दर के कारण नवंबर 2026 में होने वाले संसदीय चुनावों में ट्रंप बुरी तरह से हार सकते हैं। इससे दोनों सदनों में विपक्षी डेमोक्रेट्स का बहुमत हो जाएगा, जिससे ट्रंप सरकार पंगु हो जाएगी।

**भारत पर असर ।** ऐसे में भारत का क्या होगा? भारतीय अर्थव्यवस्था आज भी काफी हद तक ग्लोबल इकॉनमी से जुड़ी हुई है। 2026 में अगर वैश्विक GDP सिकुड़ती है तो भारत पर भी इसका असर होगा, लेकिन ठोस मैक्रो इकॉनमिक पोजिशन और STEM (साइंस, टेक्नॉलजी, इंजीनियरिंग, मैथमैटिक्स) ग्रैजुएट्स की बढ़ती सप्लाई इसके बड़े प्लस पॉइंट हैं। दूसरे एक्सपर्ट्स मेरी बात से सहमत नहीं हैं। एक पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार (जिनकी मैं इज्जत करता हूं लेकिन नाम नहीं ले सकता) कह रहे हैं कि भारत की विकास दर 2026-27 में घटकर 4.5 % पर आ जाएगी। कोई कुछ भी कहे, मुझे तो भारत से उम्मीद दिख रही है।

## कांटे की बात

2025 में स्थानीय और सीमापार संघर्ष सेकेंड वर्ल्डवॉर के बाद सबसे ज्यादा भड़के। हमने उत्तरी म्यांमार, ईरान परमाणु मुद्दा, भारत-पाकिस्तान तनाव, फलस्तीन-इस्राइल और कंबोडिया-थाईलैंड के बीच हुए संघर्षों में मध्यस्थता की।



वांग यी, चीन के विदेश मंत्री

## असंभव संवाद

# बेटे को कौन सी राज-नीति सिखातीं ख़ालिदा

*17 साल के स्वनिर्वासन से वापसी, स्वागत में खड़े हजारों लोग, नारे, शोर, लेकिन बस मां ही नहीं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान को अब अकेले ही राजनीति संभालनी होगी। अगर वक्त मौका दे, तो खालिदा क्या कहेंगी बेटे से?*

AI image



**मां के** लिए औलाद के चेहरे को पढ़ना मुश्किल काम नहीं होता। बेटे पर पड़ रही जिम्मेदारी, उम्मीदों और हालात के बोझ को खालिदा ने भांप लिया था, "मैं भी इसी तरह आई थी राजनीति में। कई बार यह तय करने का अधिकार आपको नहीं मिलता कि आप क्या करना चाहते हैं, समय आपसे कराता है।" "जब मुझे जाना पड़ा, तब मुश्किलें थीं – और जब लौटा हूं, तब और ज्यादा मुश्किलें हैं।" "हां, और वैसी मुश्किलों से पूरा देश दो-चार हो रहा है। तुमने अच्छी शुरुआत की है – अपने पहले भाषण में किसी एक वर्ग नहीं, सभी के लिए बात की।" "लेकिन आपको भी होना चाहिए था। इस देश को आपका अनुभव चाहिए और मुझे आपका सहारा।" "तुम मुझे हमेशा अपने करीब ही महसूस करोगे। रही बात अनुभव की, तो दोस्त चुनने में गलती हुई मुझसे। तुम्हारे पास सुधार का मौका है।"

जनता जंक्शन — इरफान





# दिल्लीवासियों की हैं ये पांच चाहतें

## साझी दिल्ली



विवेक शुक्ला

आज नए वर्ष की पहली सुबह है। आपके पास शुभकामनाओं के मेसेज वट्सऐप पर आते रहेंगे। आप भी उन संदेशों के जवाब देंगे। आपमें से कई न्यू ईयर रिजॉल्यूशन भी लेंगे। दिल्ली के भी कुछ न्यू ईयर रिजॉल्यूशन हैं। दिल्ली 2026 में ये पांच बदलाव देखना चाहेगी, जो यहां की जिंदगी को बेहतर बना दें। ताकि यह फिर से रहने लायक हो जाए।



पहली अपेक्षा है वायु प्रदूषण में भारी कमी। हरेक दिल्लीवासी चाहता है कि 2026 में साफ हवा में सांस ले सके, AQI 50 से नीचे रहे। बीते बरस स्मॉग ने शहर को घेर लिया, जिससे आंखों में जलन और हृदय रोग बढ़े। दिल्ली चाहेगी कि वाहनों से निकलने वाले धुएं के गुबार पर रोक लगे और औद्योगिक इकाइयों को कहीं और शिफ्ट करने जैसे ठोस कदम उठाए जाएं। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिले और वृक्षारोपण का काम तेजी से चले।

दूसरी इच्छा है ट्रैफिक जाम से मुक्ति। आप जानते ही हैं कि अब दिल्ली की सड़कों पर सुबह से ही जाम लगने लगता है। अगर दिल्ली वाले चाहते हैं कि 2026 में सड़कों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल जाए तो इसमें किसी को क्या ऐतराज हो सकता है। इस लिहाज से मेट्रो का विस्तार और राजधानी में साइकल ट्रैकों का जाल बिछाने की गंभीर पहल करनी होगी। समझ नहीं आता कि हमने सड़कों पर साइकल सवारों के लिए कोई जगह क्यों नहीं छोड़ी। क्यों मान लिया कि सड़कें साइकल सवारों के लिए नहीं हैं? इसी दिल्ली के आईटीओ, कनॉट प्लेस, रिंग रोड वगैरह में बीसेक साल पहले तक सैकड़ों लोग साइकलों पर अपनी मंजिल तक पहुंचा करते थे।

तीसरी ख्वाहिश है पानी की पर्याप्त उपलब्धता। दिल्ली में पानी की कमी एक बड़ी समस्या है। जिन दिनों सूरज देवता आग उगलते हैं, तब बूंद-बूंद पानी के लिए लाखों लोगों को जूझना पड़ता है। बीते कई सालों से जल संकट ने लाखों लोगों की जिंदगी को प्रभावित किया है। अब हरेक दिल्ली वाला बेकरार है यमुना नदी को साफ बहता देखने के लिए।


चौथी ख्वाहिश है प्रभावी कचरा प्रबंधन। भलस्वा, ओखला और गाजीपुर में कूड़े के पहाड़ देखकर हर दिल्ली वाला शर्मसार हो जाता है। ये सब पहाड़ दो-तीन दशकों में खड़े हुए हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का वादा है कि 'इन्हें तो जाना होगा।' हमें उनके वादे पर भरोसा है।

पांचवीं अपेक्षा है सुरक्षित दिल्ली। लगातार बढ़ते क्राइम और सड़कों पर होने वाले हादसों को रोकना होगा। नए साल में दिल्ली चाहेगी कि सीसीटीवी, बेहतर पुलिस पैट्रोलिंग और कम्युनिटी वॉच से राजधानी सेफ हो। तभी तो लोग बेफिक्र घूम सकेंगे, परिवार सुरक्षित महसूस करेंगे। यकीन मानिए जब लोग कहते हैं कि अब दिल्ली रहने लायक नहीं रही तो मन उदास हो जाता है। हमें अपनी प्यारी दिल्ली को बचाना होगा।

# गोवा पर गांधी का समर्थन भी न आया काम

के सी त्यागी

## टाइम मशीन



**15 अगस्त,** 1947 को अंग्रेजों से देश आजाद हो गया था। लेकिन, गोवा के लोग पुर्तगाली शासन से मुक्ति चाहते थे। स्वतंत्रता के 14 वर्षों बाद तक गोवा के गुलाम रहने की कई वजहें थीं। सबसे बड़ी वजह पुर्तगाल का शासक था। वहां की सत्ता पर फासीवादी सालाजार काबिज था। दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप में फासीवादी सरकारें जाने लगीं, लेकिन आजाद भारत सरकार का मानना था कि गोवा की मुक्ति में बल प्रयोग नहीं होगा।

**विरोध की आवाज ।** दिसंबर 1961 तक प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण गोवा के स्वतंत्रता आंदोलन से दूरी बनाए रखी। गांधीजी के समर्थन के बाद भी दूसरे बड़े कांग्रेसी नेताओं के लिए यह मुद्दा नहीं था। सरकार की इसी उदासीनता से संदेश गया कि हम यूरोप के सबसे कमजोर देश पुर्तगाल के खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठा रहे।

**शिवाजी की कोशिश ।** पुर्तगाल के नाविक और खोजकर्ता वास्को डी गामा 20 मई, 1498 को जहाज लेकर केरल के कोझिकोड (कालीकट) पहुंचे। बाद में वहां के राजा से अनबन के बाद पुर्तगालियों ने 25 नवंबर, 1510 को गोवा और उसके आसपास के द्वीपों पर कब्जा कर लिया। पुर्तगालियों से कोंकण क्षेत्र को मुक्त कराने का पहला प्रयास छत्रपति शिवाजी महाराज ने किया, मगर सफल नहीं हो पाए।

**नेताजी से मिले कुन्हा ।** गोवा के राष्ट्रवादियों ने भी स्वतंत्रता की पहल की। 1928 में गोवा कांग्रेस कमिटी का गठन किया गया। कई सालों तक यह राष्ट्रीय कांग्रेस से संबद्ध रही। लेकिन, 1935 के गवर्नर ऑफ इंडिया ऐक्ट के बाद कांग्रेस ने ब्रिटिश इंडिया के अलावा अन्य शाखाओं से संबंध तोड़ लिया। इससे गोवा के राष्ट्रवादी मायूस हो गए। नेताजी सुभाष चंद्र बोस तब कांग्रेस अध्यक्ष थे। गोवा के स्वतंत्रता सेनानी टी बी कुन्हा उनसे मिलने गए। आजादी आंदोलन शुरू करने और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के लिए कुन्हा की अध्यक्षता में समिति बनाई गई।

**लोहिया को गोवा बुलाया ।** तब भारत छोड़ो आंदोलन के कारण गांधीजी, नेहरू और पटेल जेल में थे। राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण, आचार्य नरेंद्र देव, अरुणा आसफ अली, आचार्य कृपलानी सत्याग्रहियों का मनोबल बढ़ा रहे थे। इस बीच, 18 जून, 1946 को लोहिया अपने दोस्त और गोवा के स्वतंत्रता सेनानी जूलियाओ मेनेजेस से मिलने मुंबई गए। उन्होंने उन्हें गोवा बुलाया। लोहिया से मिलने बड़ी संख्या में लोग आए।

**यादगार संबोधन ।** 8 जून को कामगारों ने एक सभा में लोहिया को बुलाया। इस विशाल सभा में वह अपने साथी मेनेजेस के साथ पहुंचे। वहां के प्रशासक कैप्टन मिरांडा ने लोहिया को गाड़ी से नहीं उतरने का आग्रह किया। मगर उन्होंने उसकी बातों को अनसुना कर दिया। गुस्से में आकर मिरांडा ने रिवॉल्वर निकाल लिया। लोहिया ने मिरांडा का पकड़ा और सभा को संबोधित करने लगे। यह देख गोवा के लोग झूम उठे।

**ऑपरेशन विजय ।** अधिकारी इसी कोशिश में थे कि लोहिया बेलगांव छोड़ दें या स्वीकृति मिलने के बाद ही सभा करें। मगर, लोहिया नहीं माने और सभास्थल से ही लंबी लड़ाई के खिलाफ आह्वान कर दिया। बाद में उन्हें पुलिस स्टेशन ले जाया गया। अधिकारियों को यह भी डर था कि कहीं भीड़ उन्हें छुड़ाने के लिए हिंसक न हो जाए। इसलिए, पणजी ले जाते वक्त पुलिस ने लाठीचार्ज कर हजारों लोगों को गिरफ्तार किया। लोहिया को अगुआड़ा फोर्ट की अंधेरी कोठरी में रखा गया। मगर लगातार चल रहे आंदोलन के आगे सरकार को झुकना पड़ा। गोवा मुक्ति आंदोलन जन-जन का आंदोलन बन गया। फिर दिसंबर 1961 में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन विजय' के जरिये गोवा को पुर्तगाली शासन से मुक्त कराया।

(लेखक पूर्व सांसद हैं)

# साल की शुरुआत शिकायत नहीं, नई सीख से कीजिए

सुरक्षित गोस्वामी

**नव वर्ष** केवल कैलेंडर बदलने का दिन नहीं। यह ऐसा क्षण है जब हम रुककर अपने जीवन को भीतर से देख सकते हैं। लोग अक्सर नए साल में बहुत सारी योजनाएं बना लेते हैं- ये करना है, वो करना है। पर सच यह है कि जीवन तभी बदलता है, जब हमारा मन बदलने के लिए तैयार हो जाता है। केवल तारीख बदलने से नहीं, सोच बदलने से परिवर्तन आता है।

बीता हुआ साल कैसा भी रहा हो – कुछ सुख मिला होगा, कुछ दुख मिला होगा, कुछ सपने पूरे हुए होंगे, कुछ अधूरे रह गए होंगे – पर इनमें से हर अनुभव ने हमें कुछ न कुछ सिखाया है। कहीं दुख ने हमें मजबूत बनाया, कहीं गलती ने हमें समझ दी, कहीं मौन ने हमें अपने भीतर की आवाज से मिलाया। इसलिए इस साल की शुरुआत शिकायत से नहीं, सीख से करें।

इस नए साल में पहली प्रतिज्ञा यही हो कि हम भागदौड़ कम करें और सही दिशा पर ध्यान दें। शोर कम करें और मन के अपने स्वर को सुनें। क्योंकि हमारे भीतर एक शांत स्थान है जहां से बुद्धि, साहस और निर्णय की रोशनी निकलती है। जब मन शांत होता है, तो रास्ता अपने आप साफ दिखाई देने लगता है। दौड़ सब लगाते हैं, पर दिशा वही पा पाता है जिसका मन स्थिर है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

हम अक्सर एक दूसरे से कहते हैं, 'नया साल मुबारक हो!' या 'मंगलमय हो!' इसका अर्थ केवल आनंद नहीं, बल्कि एक आशीर्वाद है कि आपका मार्ग साफ रहे, आपका मन मजबूत रहे, और आपका हृदय करुणा से भरा रहे। चुनौतियां आएंगी, यह तय है, पर हर चुनौती विकास का अवसर बने।

नए साल में लक्ष्य जरूर बनाइए, पर लक्ष्य से पहले स्वभाव बनाइए। दूसरों के लिए बिना अपेक्षा के कुछ कीजिए, क्योंकि बिना उम्मीद का प्रेम ही सच में लौटकर आशीर्वाद बनता है। बड़ा बदलाव हमेशा छोटे कदमों से शुरू होता है। कदम छोटे हों पर दिशा साफ हो, बस यही काफी है। यही वह सोच है जो मन को विशाल बनाती है और जीवन को प्रकाश देती है।

इस वर्ष हम सबके भीतर वह शक्ति जागे जो निर्णय दे, वह शांति जागे जो मार्गदर्शन दे, और वह करुणा जागे जो हमें थोड़ा बेहतर बना सके। नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं!

## रीडर्स मेल


### AI मंजिल नहीं

**31 दिसंबर** का लेख 'AI ने भारत को दिया बड़ा चांस' 2025 को भारत के AI सफर के एक निर्णायक मोड़ के रूप में बेहद संतुलित ढंग से रेखांकित करता है। निवेश, सरकारी पहल और आम जनता तक AI की पहुंच साफ दिखती है। लेकिन डर है कि भारत केवल एक बड़ा उपभोक्ता बाजार बनकर न रह जाए। डॉटकॉम दौर की गलती दोहराने से बचना जरूरी है। दुनिया में टिके रहने के लिए सोच, इनोवेशन और मजबूत नेतृत्व जरूरी होगा।

**श्वेता रघुवंशी,** ईमेल से

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

नवभारत टाइम्स NBT Delhi Times OF INDIA
masala mix
THURSDAY, JANUARY 1, 2026 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE



## तिरुमला मंदिर में दर्शन के लिए लाइन लगीं श्रीलीला भीड़ में फंसी नज़र आईं



इमरान हाशमी

# 'पिता के रूप में बेटे को लेकर असुरक्षित रहता हूं'

रेखा खान

इमरान हाशमी ने हाल ही में अपने बेटे, शादीशुदा जिंदगी और करियर के बारे में बात की। उनका कहना है कि जब से वह पिता बने हैं, तबसे पिता के डर को समझने लगे हैं। गौरतलब है कि उनका बेटा अयान 15 साल का है। इमरान कहते हैं, 'एक कहावत है न कि आपको पिता होने की असुरक्षा का अहसास तब तक नहीं होता, जब तक आप पिता नहीं बनते, तो ये सही बात है। अब जबसे मैं पिता बना हूं, तब से उस डर को समझता हूं। अगर मैं बाहर हूं, तो ये खयाल डराता है कि वह क्या कर रहा होगा! स्कूल में है, तो अलग चिंता रहती है।'

वह आगे कहते हैं, 'इन तमाम इनसिक्योरिटीज के बीच कोशिश यही रहती है कि अपने बेटे के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त बिता सकूं। जब तक बच्चे 18 साल के नहीं हो जाते, तब तक का वक्त बड़ा कीमती होता है। उसके बाद तो आपके पास 15-20 पर्सेंट ही समय बचता है और उनकी अपनी जिंदगी भी होती है। अलबत्ता अब तो 13 साल के बाद ही बच्चे अपनी चीजों में मसरूफ रहने लग जाते हैं। मैं सभी पैरेंट्स से कहूंगा कि बच्चे के 12 साल होने तक का आपके पास एक गोल्डन पीरियड है, उसे कैश कर लीजिए बच्चे के साथ समय बिता कर वरना आप बाद में पछताएंगे।'


### 'सीरियल किसर वाली इमेज चुनौती थी'

2 आज जब युवाओं की शादियां नहीं चल रहीं, तब इमरान और उनकी पत्नी परवीन की शादी को दो दशक का समय हो गया है। वह कहते हैं, 'हर शादी में छोटी-बड़ी अनबन तो होती ही है। सब कुछ सुहाना कभी नहीं होता। मेरी शादी में तो मेरी सीरियल किसर की इमेज भी एक चैलेंज थी। (हंसते हुए) इतना ही कहूंगा कि शादी हो या कोई और रिश्ता, आपको लगातार काम करते रहना पड़ता है। प्यार-मोहब्बत के बाद कई लोग शादी को मंजिल मानकर रिलैक्स हो जाते हैं, मगर ऐसा नहीं है। आपको हर बार प्यार को ताजा रखना पड़ता है। शादी में कम्युनिकेशन जरूरी होता है। कई बार मियां-बीवी में कम्युनिकेशन खत्म हो जाता है और उसके बाद सब कुछ बिखरने लगता है। वहीं से चीजें गलत होने लगती हैं, तो उसे जानकर फौरन अलर्ट होना जरूरी हो जाता है।


> जब तक बच्चे 18 साल के नहीं हो जाते, तब तक का वक्त बड़ा कीमती होता है। उसके बाद तो आपके पास 15-20 पर्सेंट ही समय बचता है और उनकी अपनी जिंदगी भी होती है। अलबत्ता अब तो 13 साल के बाद ही बच्चे अपनी चीजों में मसरूफ रहने लगते हैं।

# विदेश में नए साल का जश्न कुछ इस अंदाज़ में मना रहे हैं सितारे

नए साल का जश्न मनाने के लिए तमाम फिल्मी सितारे अपने परिवार संग घूमने निकले हैं, जहां से कई की फोटोज भी सामने आई हैं। ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन ने अपनी बेटी आराध्या के साथ न्यूयॉर्क में नए साल का स्वागत किया। वहीं सोशल मीडिया पर उनकी एक फैन ने फोटो शेयर की जिसमें वह अभिषेक और ऐश्वर्या के साथ नजर आ रही है। वहीं दूसरी ओर करीना कपूर और सैफ अली खान नए साल का जश्न मनाने के लिए ट्रिप पर हैं। करीना ने सोशल मीडिया स्टोरी में अपने सैफ की एक फोटो साझा की है। इस फोटो के साथ करीना कपूर ने लिखा, 'आखिर मैंने उन्हें एक पोज के लिए मना ही लिया और मैं इतना ही कर सकी।'



करीना ने शेयर की सैफ की फोटो



अपने फैन के साथ ऐश्वर्या और अभिषेक

# टॉम और ज़ावे दूसरी बार बने पैरेंट्स



टॉम हिडलस्टन और ज़ावे एश्टन दूसरे बच्चे के पैरेंट्स बने हैं। टॉम ने एक इंटरव्यू में यह जानकारी साझा की और कहा कि ये जिंदगी को बदलने वाला खूबसूरत अहसास है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया है कि वह बेटे के पिता बने हैं या बेटी के और न ही उन्होंने अपने बच्चे का नाम बताया। गौरतलब है कि साल 2022 में वे पहले बच्चे के पैरेंट्स बने थे। ज़ावे ने इस साल की शुरुआत में ही प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी।

वहीं आने वाले दिनों में वह अवेंजर्स डूम्सडे में लोकी के किरदार में दोबारा नजर आएंगे। फिल्म के बारे में उन्होंने कहा, 'कहानी का सेंटर पॉइंट सच में बहुत शानदार है और जब मैंने इसे पढ़ा तो यह बहुत सरप्राइजिंग था। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।'

THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### छोटी बचत ब्याज दर में बदलाव नहीं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : PPF और सुकन्या समृद्धि योजना सहित स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स ने 1 जनवरी से 31 मार्च तक के 3 महीनों के दौरान भी उसी रेट से ब्याज मिलेगा, जो अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में था। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इन लघु बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकार हर तिमाही के लिए रेट नोटिफाई करती है। यह लगातार आठवां मौका है, जब बदलाव नहीं किया गया।

### Hyundai की कारें आज से महंगी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: अगर आप नए साल में Hyundai की कार खरीदने का मन बना रहे हैं, तो आपको अपनी जेब थोड़ी और ढीली करनी पड़ेगी। कंपनी ने 1 जनवरी से अपनी सभी गाड़ियों के दाम बढ़ाने का फैसला किया है। कंपनी ने कीमतों में औसत 0.6% की बढ़ोतरी का एलान किया है।

## साल के आखिरी दिन खुश कर गया शेयर बाज़ार

AI Image





> सेंसेक्स निफ्टी करीब 1 फीसदी चढ़कर बंद हुए

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शेयर बाजार के लिए साल 2025 का आखिरी दिन (बुधवार) खुशियों भरा रहा। सेंसेक्स और निफ्टी करीब 1 फीसदी चढ़कर बंद हुए। लगातार पांच दिनों की गिरावट के बाद, सेंसेक्स 545.52 अंक (0.64%) चढ़कर 85,220.60 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय तो यह 762 अंक तक उछल गया था। NSE निफ्टी भी चार दिनों की गिरावट के बाद 190.75 अंक (0.74%) चढ़कर 26,129.60 पर बंद हुआ। स्मॉलकैप 1.19 और मिडकैप 1.01 फीसदी चढ़ा।

**कैसा रहा साल 2025?**

पूरे साल के दौरान सेंसेक्स में 7,081 अंक (9%) की तेजी आई। निफ्टी ने 2,484 अंक (10.50%) की शानदार छलांग लगाई। BSE मिडकैप 509.68 अंक (1.09%) चढ़ा, जबकि स्मॉलकैप में 3,655.14 अंक (6.62%) की गिरावट रही।

वहीं, बुधवार को सोने-चांदी के दाम में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड जूलर्स असोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,404 रुपये गिरकर 1,33,195 पर आ गया। मंगलवार को यह 1,34,599 रुपये/10g पर था। एक किलो चांदी की कीमत 1,909 रुपये कम होकर 2,30,420 रुपये पर आ गई है।

## Vi को 5 साल तक नहीं देना होगा बकाया पैसा

### कैबिनेट का फैसला, 87 हजार करोड़ का कर्ज फ्रीज

AI Image



■ पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने बुधवार को कर्ज में डूबी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन-आइडिया (Vi) के लिए एक बड़े राहत पैकेज को मंजूरी दे दी है। सरकार ने कंपनी के बकाया पैसे को फिलहाल फ्रीज कर दिया है और पेमेंट चुकाने के लिए 5 साल की मोहलत दी है। यह कदम कंपनी को डूबने से बचाने के लिए एक बड़ी मदद माना जा रहा है। इस राहत के बावजूद वोडाफोन आइडिया के शेयर बुधवार को करीब 11% लुढ़क गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में वोडाफोन-आइडिया के 87,695 करोड़ रुपये के AGR बकाये को फ्रीज करने पर सहमति बनी। सूत्रों ने बताया कि कंपनी को यह रकम वित्त वर्ष 2031-32 से चुकाना शुरू करना होगा और 2040-41 तक इसे पूरी तरह चुकाना होगा। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2017-18 और 2018-19 का जो बकाया सितंबर 2020 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तय हुआ था, उसे बिना बदलाव के 2025-26 से 2030-31 के बीच चुकाना होगा।

**क्यों लिया फैसला?** : कैबिनेट ने यह फैसला सरकार के हितों की रक्षा के लिए लिया है, क्योंकि अब वोडाफोन-आइडिया में सरकार की 49 फीसदी हिस्सेदारी है। इससे सरकार का बकाया पैसा भी सुरक्षित तरीके से मिल सकेगा, टेलीकॉम सेक्टर में कॉम्पिटिशन बना रहेगा और कंपनी के 20 करोड़ ग्राहकों को भी परेशानी नहीं होगी।

**क्या थी उम्मीद?** : बाजार में कुछ लोगों को उम्मीद थी कि कैबिनेट शायद AGR बकाये का कुछ हिस्सा माफ कर देगी, लेकिन सरकार ने फिलहाल सिर्फ मोहलत देने का फैसला किया ताकि कंपनी को संभलने का वक्त मिल सके। सूत्रों का कहना है कि फ्रीज किए गए बकाये की ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर एक कमिटी दोबारा जांच करेगी और उसका फैसला दोनों पक्षों को मानना होगा।

**क्या होता है AGR बकाया?** : AGR (अडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू) वह कमाई होती है, जिसके आधार पर टेलीकॉम कंपनियों को सरकार को लाइसेंस फीस और स्पेक्ट्रम इस्तेमाल करने का चार्ज देना पड़ता है। इसमें कंपनी की कुल कमाई शामिल होती है। यहां तक कि टेलीकॉम के अलावा होने वाली आय को भी इस में गिना जाता है।

**कंपनी की हालत?** : Vi लंबे समय से भारी आर्थिक संकट से जूझ रही है। बाजार में कड़ी टक्कर, बढ़ता कर्ज और AGR नियमों में बदलाव की वजह से कंपनी पर भारी बोझ पड़ा है।

## 2027 तक और कम होगा बैंकों का फंसा कर्ज : RBI

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : भारतीय बैंकिंग सेक्टर के लिए साल 2025 की विदाई बेहद शानदार रही है। पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय में बैंकों की बैलेंस शीट अब सबसे 'साफ-सुथरी' (Clean) स्थिति में पहुंच गई है। रिजर्व बैंक (RBI) ने अपने ताजा आकलन में बताया है कि आने वाले साल में भी बैंकों की यह मजबूती बरकरार रहने की उम्मीद है।



संजय मल्होत्रा

RBI ने बुधवार को कहा कि अगर सब कुछ सामान्य रहा, तो मार्च 2027 तक बैंकों का फंसा हुआ कर्ज यानी ग्रॉस एनपीए (GNPA) सुधरकर 1.9 प्रतिशत पर आ जाएगा। सितंबर 2025 तक यह एनपीए अनुमान 2.1 प्रतिशत था, जो पिछले कई दशकों का सबसे निचला स्तर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 46 प्रमुख बैंकों का कुल एनपीए सितंबर 2025 के 2.1 प्रतिशत से घटकर मार्च 2027 तक 1.9 प्रतिशत हो सकता है। रिजर्व बैंक ने बताया कि अगर देश की आर्थिक स्थिति खराब होती है या ग्लोबल चुनौतियां बढ़ती हैं, तो एनपीए बढ़कर 3.2 प्रतिशत या खराब हालत में 4.2 प्रतिशत तक जा सकता है। रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में की गई कटौती की वजह से बैंकों की ब्याज से होने वाली मुख्य कमाई में कमी आई है। वहीं, दिवाला और दिवालियापन कानून के जरिए अब तक करीब 4 लाख करोड़ की वसूली हुई है।

### भारत की रफ्तार रहेगी तेज: RBI गवर्नर

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि दुनिया भर के खराब और अस्थिर माहौल के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर (ग्रोथ) तेज रहने वाली है। इसकी बड़ी वजह देश के अंदर होने वाली खपत और निवेश में मजबूती है। गवर्नर ने कहा, हम बाहरी देशों से आने वाले जोखिमों के प्रति सावधान हैं और अपनी अर्थव्यवस्था व बैंकिंग सिस्टम को किसी भी संभावित झटके से बचाने के लिए मजबूत 'सुरक्षा कवच' तैयार कर रहे हैं।

## बैंक अकाउंट के लिए विडियो KYC, ब्रांच विजिट पर ज़ोर

### बढ़ा फ्रॉड, ऑनलाइन खाता खोलना हुआ मुश्किल

■ NBT रिपोर्ट : देश में बढ़ते बैंकिंग फ्रॉड और म्यूल अकाउंट्स (फर्जीवाड़े के लिए इस्तेमाल होने वाले खाते) के खतरे को देखते हुए बैंकों ने अकाउंट खोलने के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने ET को बताया कि बैंक अब सिर्फ e-KYC के भरोसे अकाउंट खोलने से बच रहे हैं। इसकी जगह विडियो KYC या बैंक ब्रांच जाकर फिजिकल वेरिफिकेशन कराने पर जोर दिया जा रहा है।

> विडियो वेरिफिकेशन को ज्यादा सुरक्षित मान रहे हैं बैंक।

रिजर्व बैंक (RBI) के नियमों के मुताबिक, बैंक सिर्फ आधार कार्ड और पैन कार्ड की बेसिक जांच के जरिए ई-केवाईसी अकाउंट खोल सकते हैं। हालांकि, इन खातों के साथ कुछ शर्तें जुड़ी होती हैं। जैसे, एक साल के अंदर इन्हें फुल-KYC में बदलना जरूरी होता है और इनमें 1 लाख रुपये से ज्यादा जमा नहीं किए जा सकते।



ET में 12 दिसंबर को प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, HDFC बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) और ICICI बैंक जैसे बड़े बैंक अब ग्राहकों को खुद ब्रांच आकर कागजों की जांच कराने के लिए कह रहे हैं। बैंक जान-बूझकर पूरी तरह डिजिटल तरीके से खाता खोलने की प्रक्रिया को कम कर रहे हैं।

**क्या है वजह?** : इस मामले के जानकार एक बैंकर ने ग्राहकों को ब्रांच बुलाने की बड़ी वजह बताते हुए कहा कि हर लेवल पर ई-केवाईसी (e-KYC) के जरिए खाता खोलने को अब सही नहीं माना जा रहा है। भले ही रिजर्व बैंक के नियमों में ऐसे खाते खोलने की इजाजत है, लेकिन हकीकत में बैंक अब इनसे बच रहे हैं और ग्राहकों को पास की बैंक ब्रांच में जाने के लिए कह रहे हैं।

**क्या है खतरा?** : बैंकों के इस कड़े रुख की सबसे बड़ी वजह म्यूल अकाउंट्स (Mule Accounts) में आई भारी तेजी है। ये ऐसे खाते होते हैं जिनका इस्तेमाल धोखेबाज लोग फ्रॉड का पैसा एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करने के लिए करते हैं।

**बैंकों की पहल?** : ICICI बैंक ने नौकरीपेशा लोगों के अलावा अन्य ग्राहकों के लिए 'इंस्टेंट सेविंग्स अकाउंट' की सर्विस बंद कर दी है। वहीं, HDFC बैंक एक ऐसा सिस्टम बना रहा है जहां बैंक स्टाफ की मदद से खाता खोलने की प्रक्रिया पूरी हो।

## रिटायर हुए निवेश के बेताज बादशाह वॉरेन बफे



FILE

■ NBT रिपोर्ट : दुनिया के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे ने बुधवार को बर्कशायर हैथवे के सीईओ का पद छोड़ दिया। अब निवेशकों के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अमेरिका की यह मशहूर कंपनी उस इंसान के बिना भी उतनी ही कामयाबी हासिल कर पाएगी, जिन्होंने इसे फर्श से अर्श तक पहुंचाया। ET के मुताबिक, बफे ने अपनी रिटायरमेंट का ऐलान इस साल की शुरुआत में कंपनी की सालाना मीटिंग में की थी। अब गुरुवार 1 जनवरी से कंपनी के रोजमर्रा के कामकाज की जिम्मेदारी वाइस-चेयरमैन ग्रेगरी एबेल संभालेंगे। 95 साल के हो चुके बफे फिलहाल चेयरमैन के पद पर बने रहेंगे।

## निर्यातकों के लिए 4531 करोड़ रु. की स्कीम

### MSME को प्राथमिकता, इस्राइल और रूस से ट्रेड डील पर होगी बातचीत

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : अमेरिका के 50% टैरिफ से जूझ रहे निर्यातकों के लिए सरकार ने बुधवार को 4531 करोड़ रुपये के मार्केट एक्सेस सपोर्ट की शुरुआत की। इससे विदेश में ट्रेड फेयर और प्रदर्शनियों में भाग लेने में निर्यातकों को मदद दी जाएगी, जिससे उन्हें वहां ग्राहक जोड़ने में आसानी होगी। इसमें खासतौर पर MSME पर फोकस है। साथ ही, टेक्सटाइल्स, हैंडीक्राफ्ट, लेदर, एग्रीकल्चर, खाद्य एवं समुद्री उत्पादों से लेकर लेकर टेलीकॉम, डिफेंस और इमर्जिंग टेक्नॉलजी सेक्टर के प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता दी गई है। यह कदम एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (EPM) के तहत उठाया गया है। 25060 करोड़ रुपये के मिशन को कैबिनेट ने नवंबर में मंजूरी दी थी।





डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड अजय भादू ने बताया कि EPM के तहत यह पहली गाइडलाइन है और 31 जनवरी तक बाकी 10 गाइडलाइंस भी जारी कर दी जाएंगी। ताजा कदम EPM की योजना निर्यात दिशा के तहत उठाया गया है। उन्होंने कहा, 'इससे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय निर्यातकों, खासतौर से MSME एक्सपोर्टर्स और पहली बार कोई चीज निर्यात करने वालों की राह आसान बनाने पर ध्यान दिया गया है।' 4531 करोड़ रुपये वित्त वर्ष 2025 से 2031 तक के लिए हैं। इस वित्त वर्ष के लिए 500 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जिसमें से 330 करोड़ रुपये पिछले साल की मार्केट एक्सेस इनीशिएटिव स्कीम के एरियर हैं।

### सही रणनीतिक कदम : एक्सपर्ट

FIEO के प्रेसिडेंट एस सी रल्हन ने कहा, 'यह समय पर उठाया गया रणनीतिक कदम है। इससे खासतौर से MSME, पहली बार निर्यात करने वालों और प्राथमिकता वाले सेक्टरों की फर्मों को मदद मिलेगी। MSME की न्यूनतम 35% प्रतिशत भागीदारी अनिवार्य करना और नए भौगोलिक क्षेत्रों को प्राथमिकता देना एक्सपोर्ट का दायरा बढ़ाने में बहुत मददगार होगा।' भादू ने बताया कि विदेश में बायर-सेलर मीट, अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों में भाग लेने और भारत में मेगा रिवर्स बायर सेलर मीट के लिए सपोर्ट दिया जाएगा। ऐसे बड़े आयोजनों का 3 से 5 साल का कैलेंडर पहले से तैयार कर लिया जाएगा, जिससे निर्यातक समय से तैयारी कर सकें और उनमें भाग ले सकें।


### क्या है छूट?

भादू ने बताया कि सपोर्ट वाले इन आयोजनों में MSME की कम से कम 35% भागीदारी हो, यह तय किया गया है। नए और छोटे निर्यातकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए उनके प्रतिनिधिमंडल की हवाई यात्रा के टिकटों पर कुछ छूट दी जाएगी। यह छूट उन निर्यातकों के लिए होगी, जिनका एक्सपोर्ट टर्नओवर पिछले साल में 75 लाख रुपये से कम रहा हो।

### ट्रेड डील पर क्या?

इस्राइल के साथ फ्री ट्रेड अग्रीमेंट के लिए नवंबर में तय की गई शर्तों के दायरे में दोनों देशों के अधिकारी अगले महीने बातचीत करने वाले हैं। एक अधिकारी ने कहा कि जनवरी में इस्राइल की टीम आने वाली है। रूस की अगुवाई वाले 5 देशों की EAEU से बातचीत के लिए फरवरी में भारतीय दल रूस जाएगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH16 User: cci Time: 12-31-2025 22:05 Color:



NBT AI टाइम मशीन

## आज ही शुरू हुई थी मनी ऑर्डर की सेवा

आज ही के दिन 1880 को देश में मनी ऑर्डर सेवा की शुरुआत हुई थी। इससे दूर-दराज के गांवों में भी सुरक्षित पैसे पहुंचाना आसान हुआ। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह थी कि डाकिया खुद घर जाकर नकद पैसे देता था। बाद में इसकी जगह e-MO ने ली, जो कंप्यूटर और इंटरनेट के जरिए काम करता है। इसमें आप पोस्ट ऑफिस में पैसे जमा करते हैं और डाकिया दूसरे शहर में तुरंत कैश पहुंचा देता है।


NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली | गुरुवार, 1 जनवरी 2026

## भविष्य में सेकंड में होगा मनी ट्रांसफर


ChatGPT के अनुसार, भविष्य में मनी ऑर्डर पूरी तरह डिजिटल रूप ले चुका होगा। पैसे भेजने में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन और क्वॉन्टम नेटवर्क की बड़ी भूमिका होगी। लेनदेन कुछ सेकंड में, बिना किसी कागजी प्रक्रिया के पूरा होगा। बायोमीट्रिक पहचान से सुरक्षित ट्रांसफर होगा और डाकिया डिजिटल सेवा सहायक बन जाएगा। दूर-दराज गांवों में भी सैटलाइट इंटरनेट से तुरंत भुगतान पहुंचेगा। कैश की जगह डिजिटल करंसी का इस्तेमाल बढ़ेगा।



AI Images

SPEED News

### थाइलैंड ने युद्धविराम समझौते के तहत 18



कंबोडियाई युद्धबंदियों को रिहा किया। दोनों देशों ने अपनी सीमा पर जारी भीषण लड़ाई खत्म करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।




Agency

### रूस ने यूक्रेन के ओडेसा शहर में ड्रोन

हमला किया, जिसमें रिहाइशी इमारतों को निशाना बनाया गया। हमले में तीन बच्चों समेत छह लोग घायल हो गए।

### अफ्रीकी देश माली और बुर्किना फासो



ने घोषणा की कि वे उनके नागरिकों के अमेरिका में एंट्री पर बैन के जवाब में US नागरिकों के अपने देशों में एंट्री पर बैन लगा रहे हैं।



Social Media

### ईरान के फासा में आर्थिक संकट के

विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के दौरान गवर्नर कार्यालय पर हमला किया गया। लोगों ने दरवाजे और शीशे तोड़ दिए।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# खालिदा ज़िया के जनाज़े पर ढाका पहुंचे जयशंकर, सौंपा PM का संदेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**बांग्लादेश की** पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर शोक जताने भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार को ढाका पहुंचे। जयशंकर ने खालिदा के बेटे और बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान से मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने पीएम मोदी का शोक संदेश भी तारिक रहमान को सौंपा। सोशल मीडिया पर जयशंकर ने लिखा कि उन्हें भरोसा है कि खालिदा जिया की सोच और मूल्य हमारी साझेदारी के विकास में मार्गदर्शन करेंगे।

**दौरे के हैं कूटनीतिक मायने:** आमतौर ऐसी यात्रा को प्रोटोकॉल के हिस्से की तरह देखा जाता है। लेकिन बांग्लादेश में चुनावों के लिहाज से विदेश मंत्री का दौरा सांकेतिक तौर पर अहम है। फिलहाल बीएनपी की उम्मीदवारी को मजबूत माना जा रहा है। जयशंकर ने ऐसे वक्त ढाका में मौजूदगी दिखाई है, जब हसीना को शरण दिए जाने के मुद्दे पर अंतरिम सरकार भारत को असहजता दिखाती रही है। इससे पहले पीएम मोदी ने खालिदा के निधन पर दुख जताते हुए भारत-बांग्लादेश संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान की सराहना की थी। बीते साल जुलाई-अगस्त में राजनीतिक अस्थिरता के बाद से भारत की ओर से यह पहला हाई प्रोफाइल दौरा है।


**पड़ोसी देशों के प्रतिनिधियों से मिले:** इस मौके पर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान नैशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक के साथ भी मुलाकात की। हालांकि, यह एक सामान्य शिष्टाचार भेंट ही थी, जिसके कोई कूटनीतिक मायने नहीं। इसी दौरान, विदेश जयशंकर और नेपाल की अंतरिम सरकार में विदेश मंत्री बाला नंदा शर्मा के बीच भी मुलाकात हुई। भूटान, श्रीलंका के प्रतिनिधियों के साथ भी भेंट की।

**हादी की हत्या में मुख्य आरोपी का विडियो सामने आया:** उस्मान हादी हत्या मामले में मुख्य आरोपी फैसल करीम मसूद ने दुबई से एक विडियो जारी कर कहा कि इस हत्या के पीछे एक राजनीतिक जमात का हाथ है और भारत की इसमें कोई भूमिका नहीं है।

Photos: Agency

## पति की कब्र के बगल में किया गया सुपुर्द-ए-खाक

बांग्लादेश में कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के जनाजे की नमाज अदा की गई। नमाज-ए-जनाजा मानिक मिया एवेन्यू में अदा की गई। नमाज के बाद, जिया को उनके पति, पूर्व राष्ट्रपति और स्वतंत्रता सेनानी जियाउर रहमान की कब्र के बगल में राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस भी इस जनाजे में शामिल हुए।



## जिया के जनाज़े में शामिल हुए 32 देशों के राजनयिक

जनाजे में 32 देशों के राजनयिक शामिल हुए। इनमें US के कार्यवाहक राजदूत मेगन बोल्डिन, ब्रिटिश हाई कमिश्नर सारा कुक, चीनी राजदूत याओ वेन और यूरोपियन यूनियन के राजदूत माइकल मिलर रहे। रूस, जापान, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड्स, लीबिया, फिलिपींस, सिंगापुर, फलस्तीन, साउथ कोरिया, म्यांमार, इटली, स्वीडन, स्पेन, इंडोनेशिया, नॉर्वे, ब्राजील, मोरक्को, ईरान, अल्जीरिया, ब्रुनेई, थाईलैंड, कतर, डेनमार्क और मलेशिया के राजदूत भी जनाजे में हिस्सा ले रहे हैं। पाकिस्तानी नैशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक भी यहां पहुंचे।



खालिदा के बेटे तारिक रहमान से मिले जयशंकर।



ढाका में लाखों लोगों ने खालिदा को भावभीनी विदाई दी।

### BNP ने 9 नेताओं को पार्टी से निकाला

बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (BNP) ने खालिदा जिया के निधन के बाद 9 नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई पार्टी के फैसलों का उल्लंघन करने के आरोप में की गई है। पार्टी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने मंगलवार को एक बयान जारी कर इसकी घोषणा की। बांग्लादेशी अखबार डेली स्टार के अनुसार, निष्कासित किए गए नेताओं पर स्वतंत्र रूप से संगठनात्मक गतिविधियां चलाने का आरोप है। उन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई है, जिन्होंने पार्टी का नामांकन प्राप्त किए बिना स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का फैसला किया।




आप सभी को नए वर्ष की शुभकामनाएँ!

## यमन संकट पर अमेरिका ने की खाड़ी देशों से बात

■ आईएएनएस, वॉशिंगटन


**अमेरिका के** विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने यमन में बिगड़ती स्थिति और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और सऊदी अरब के शीर्ष नेताओं से फोन पर बातचीत की है। अमेरिकी सरकार की ओर से जारी बयान में इसकी जानकारी दी गई। सबसे पहले रुबियो ने यूएई के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद से बात की। दोनों ने यमन की मौजूदा हालात के साथ-साथ पूरे मिडिल ईस्ट की सुरक्षा, स्थिरता के मुद्दों पर चर्चा की।

**रुबियो ने सऊदी-UAE के विदेश मंत्रियों से की चर्चा**

यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब यमन की कमजोर सुरक्षा स्थिति को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बनी हुई है। इसके बाद रुबियो ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद से भी फोन पर बातचीत की।

यमन में एक दशक से चल रहे संघर्ष के कारण वहां गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र दुनिया के सबसे खराब संकटों में गिनता है। अमेरिका का कहना है कि क्षेत्रीय देशों के साथ मिलकर काम करना जरूरी है ताकि मिडल ईस्ट में स्थिरता लाई जा सके।

File



### यमन से सैनिक वापस बुलाएगा UAE

**एपी, यमन:** संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने यमन से अपनी सेना वापस बुलाने और अपना आतंकवाद विरोधी अभियान समाप्त करने का फैसला किया है। यह कदम सऊदी अरब के उन आरोपों के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि UAE यमन के अलगाववादी गुट 'सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल' (STC) को हथियार सप्लाई कर रहा है। सऊदी ने मंगलवार को यमन के मुकल्ला पोर्ट पर हमला किया था। दावा था कि पोर्ट पर UAE से आए जहाज में STC के लिए हथियार थे, जबकि UAE ने इसे गलत बताते हुए कहा कि उसमें केवल सैन्य गाड़ियां थीं।

## पेइचिंग में क्वॉड देशों के राजदूतों की अहम बैठक

■ **पीटीआई, पेइचिंग:** क्वॉड देशों यानी अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के राजदूतों ने पेइचिंग में एक सार्वजनिक बैठक की। यह बैठक मंगलवार को पेइचिंग स्थित अमेरिकी दूतावास में हुई। इसकी जानकारी चीन में अमेरिका के राजदूत डेविड पर्ड्यू ने एक पोस्ट के जरिए दी। पर्ड्यू ने पोस्ट में लिखा कि क्वॉड इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को स्वतंत्र बनाए रखने में सकारात्मक भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि चारों देशों के बीच संबंध मजबूत और स्थिर हैं। बैठक में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत भी शामिल थे।

**लंबे समय से क्वॉड का विरोध करता रहा है चीन।**

हालांकि, पेइचिंग स्थित भारतीय दूतावास ने इस बैठक पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं चीन लंबे समय से क्वॉड का विरोध करता रहा है। चीन का कहना है कि और गुटबंदी से क्षेत्रीय शांति को नुकसान पहुंचता है।


## वादियों से नए साल का स्वागत!

Photos: PTI

■ नए साल पर पर्यटक जम्मू और कश्मीर पहुंचे। गुलमर्ग में बर्फ से ढके वादियों के बीच न्यू ईयर का जश्न मनाया।

■ उत्तराखंड के नैनीताल, मसूरी, रुद्रप्रयाग समेत अनेक जिलों और पर्यटक स्थलों में सैलानियों की भीड़ उमड़ी

■ हिमाचल में भी पर्यटकों का जमावड़ा लगा। लोग जश्न मनाने के लिए शिमला, कुल्लू-मनाली, कसोल पहुंचे।



Photos: Agency

## Happy New Year

### सिडनी में जश्न से चमक उठा आसमान



ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में नए साल के जश्न के दौरान सिडनी हार्बर ब्रिज और सिडनी ओपेरा हाउस के ऊपर आतिशबाजी से आसमान चमक उठा। नजारे देखने के लिए हजारों लोग पहुंचे। वहीं, मेलबर्न के आसमान में 7 मिनट आतिशबाजी शो ने शहर को रोशनी से भर दिया।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

## खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. आज से केंद्र सरकार की कैब बुकिंग ऐप की शुरुआत होगी, ऐप का नाम?
A.सहकारी टैक्सी B. सरकारी टैक्सी C. भारत टैक्सी

2. किस देश में इमिग्रेशन से जुड़े शुल्क बढ़ाए गए हैं?
A. जापान B. फ्रांस C. अमेरिका

3. क्वॉड देशों यानी US, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के राजदूतों ने एक बैठक की, यह कहां हुई?
A. न्यू यॉर्क B. नई दिल्ली C. पेइचिंग

4. नए साल 2026 का आगाज किस आइलैंड से हुआ?
A. किरिबाती B. बाली C. मालदीव

5. ओडिशा में भारत ने अपनी स्वदेशी मिसाइल का सफल परीक्षण किया, मिसाइल का नाम?
A. प्रलय B. अग्नि C. परमाणु

### कल के जवाब

A1 A. 1998 A2 C. बैटल ऑफ गलवान A3 B. पंजाब A4 B. जापान A5 C. राकेश अग्रवाल

### लकी विनर्स



1. रंजना श्रीवास्तव, वसंत कुंज, दिल्ली
2. दीपक रहेजा, दिल्ली
3. अशोक शास्त्री, नई दिल्ली

### ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# 2026 अंतरिक्ष के नाम: फिर से चंद्रमा के करीब होगा इंसान, तो सूर्य के उग्र रूप को देखेगा भारत

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** साल 2026 अंतरिक्ष विज्ञान के लिहाज से दुनिया और भारत दोनों के लिए बेहद खास होने जा रहा है। एक ओर, 50 साल बाद इंसान फिर चांद के करीब पहुंचेगा, तो दूसरी तरफ भारत पहली बार सूर्य को उसके सबसे ज्यादा सक्रिय और उथल-पुथल वाले दौर में बेहद करीब से देख पाएगा। अमेरिकी स्पेस एजेंसी NASA 2026 में अपने आर्टेमिस 2 (Artemis 2) मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को चांद के चारों ओर भेजेगी। ये यात्री करीब 10 दिन तक चांद की परिक्रमा करके पृथ्वी पर लौटेंगे। 1972 के बाद यह पहला मौका होगा जब इंसान चांद के पास पहुंचेगा। इस मिशन को भविष्य में चांद पर इंसानी लैंडिंग से पहले की बड़ी तैयारी माना जा रहा है।

इसी साल भारत के लिए भी एक ऐतिहासिक वैज्ञानिक अवसर आने वाला है। आदित्य L-1 भारत का पहला सौर अवलोकन मिशन, 2026 में ऐसा काम करेगा जो पहले कभी नहीं हुआ। यह पहली बार होगा जब यह अंतरिक्ष वेधशाला सूरज को उसके सबसे सक्रिय दौर 'सोलर मैक्सिमम' में देख पाएगी। NASA के मुताबिक, सोलर मैक्सिमम लगभग हर 11 साल में एक बार आता है। इसी दौरान, सूरज के चुंबकीय ध्रुव पलट जाते हैं। ठीक वैसे ही जैसे अगर पृथ्वी के उत्तर और दक्षिण ध्रुव आपस में बदल जाएं। यह समय सूरज के लिए सबसे ज्यादा अशांत माना जाता है, जब वह शांत अवस्था से तूफानी रूप में बदल जाता है।

इस दौर में सूरज पर सोलर स्टॉर्म और कोरोनल मास इजेक्शन (CME) की संख्या अचानक बहुत बढ़ जाती है। सीएमई दरअसल सूरज की बाहरी परत, कोरोना, से निकलने वाले आग के गोले जैसे विशाल प्लाज्मा बादल होते हैं। इनमें चार्ज्ड कण होते हैं और इनका वजन एक ट्रिलियन किलो तक हो सकता है। ये बेहद तेज गति से चलते हैं, अगर कोई सीएमई सीधे पृथ्वी की ओर बढ़े तो यह सिर्फ 15 घंटे में सूरज से पृथ्वी तक की 15 करोड़ किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है। आम तौर पर ये इंसानी जीवन के लिए सीधा खतरा नहीं होते लेकिन इनसे पैदा होने वाले जियोमैग्नेटिक तूफान पृथ्वी के आसपास के अंतरिक्ष मौसम को बुरी तरह प्रभावित करते हैं। इसका असर सीधे-सीधे सैटलाइट, जीपीएस, मोबाइल नेटवर्क, नेविगेशन सिस्टम और बिजली ग्रिड पर पड़ सकता है।

**रणनीतिक रूप से भी अहम होगा भारत का आदित्य L1:** फिलहाल पृथ्वी के आसपास करीब 11 हजार सैटलाइट मौजूद हैं, जिनमें भारत के 136 शामिल हैं। ऐसे में सूर्य की गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी हो जाता है। यही वजह है कि 2026 में आदित्य एल 1 की भूमिका भारत के लिए रणनीतिक रूप से अहम होगी। इससे मिलने वाला डेटा न सिर्फ सैटलाइट सुरक्षा में मदद करेगा, बल्कि गगनयान जैसे मानव अंतरिक्ष मिशनों में अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा में भी काम आएगा।

File



### 2026 के लिए मिशन

■ 2026 में चांद की 10 दिन तक परिक्रमा करके लौटेंगे NASA के मिशन आर्टेमिस 2 के चार अंतरिक्ष यात्री

■ भारत का आदित्य-L1 अंतरिक्ष में सूरज को सबसे ज्यादा सक्रिय दौर (सोलर मैक्सिमम) में देख पाएगा

## DRDO ने दिखाई ताकत, एक साथ दागी गईं दो 'प्रलय' मिसाइलें


*NBT रिपोर्ट: ओडिशा के तट पर भारत ने बुधवार को अपनी स्वदेशी मिसाइल 'प्रलय' का सफल परीक्षण किया। खास बात थी कि एक ही मोबाइल लॉन्चर से दो मिसाइलों को एक के बाद एक (साल्वो लॉन्च) दागा गया।*

### परीक्षण की मुख्य बातें

■ **सटीक निशाना:** दोनों मिसाइलों ने तय रास्ते पर चलते हुए अपने लक्ष्यों को पूरी सटीकता से भेदा।

■ **समय:** परीक्षण सुबह करीब 10:30 बजे किया गया।

■ **ट्रैकिंग:** मिसाइल पर नजर रखने के लिए जमीन पर सेंसर, समुद्र में नौसैनिक जहाजों का इस्तेमाल किया गया।



### क्या है 'प्रलय' की खासियत?

■ **क्वाजी-बैलिस्टिक:** यह ऐसी मिसाइल है जो अपनी राह बदल सकती है। दुश्मन के लिए इसे रोकना मुश्किल होता है।

■ **ईंधन:** यह सॉलिड फ्यूल पर चलती है। इसे कहीं भी ले जाना और तुरंत दागना आसान होता है।

■ **सटीकता:** इसमें मॉडर्न नैविगेशन सिस्टम है, जो इसे सटीक निशाने की ताकत देता है।

### क्यों है अहम?

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और DRDO प्रमुख डॉ. समीर वी. कामत ने कहा, परीक्षण से साबित हो गया है कि मिसाइल पूरी तरह भरोसेमंद है। अब 'प्रलय' मिसाइल को बहुत जल्द भारतीय थलसेना और वायुसेना में शामिल किया जाएगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTDD19 User: cci Time: 12-31-2025 21:21 Color:

नई दिल्ली > गुरुवार, 1 जनवरी 2026 > पौष 11 शक संवत 1947 पौष शुक्ल त्रयोदशी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 1 > पेज 22 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित


www.nbt.in

हैपी न्यू ईयर

# NBT नवभारत टाइम्स

2026

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



# दिल्ली – एनसीआर के प्रदूषण से राहत का नया ठिकाना
# मंगलम के प्रीमियम आवासीय एवं व्यावसायिक प्लॉट
## दिल्ली से सुगम व सुविधाजनक दूरी पर स्थित

Manglam BDL
आपका सपना हमारा प्रयास

Manglam | Jindal

## Manglam Anandbagh, Kotputli
The Complete Modern Township



Rera No. RAJ/P/2025/4168
www.rera.rajasthan.gov.in

## प्रीमियम आवासीय एवं व्यावसायिक प्लॉट

प्लॉट साइज :- 125 वर्ग गज से 300 वर्ग गज तक

**आधुनिक सुविधाएँ**

- 60 /40 /30 फीट चौड़ी सड़कें
- स्ट्रीट लाइट व ड्रेनेज सिस्टम
- पार्क एवं ओपन ग्रीन एरिया
- शांत, प्रदूषण-मुक्त वातावरण
- 24X7 सुरक्षा व्यवस्था
- भविष्य के लिए उत्तम निवेश

प्रमुख सुविधाओं से जुड़ा लोकेशन
बैंक | स्कूल-कॉलेज | अस्पताल | मॉल | आरटीओ | शोरूम | बस स्टैंड

एकलव्य डेंटल हॉस्पिटल के सामने,
Jaipur-Delhi, Highway NH-48,
कोटपुतली

0141-4311186

Manglam | Priyadarshini GROUP

घिलोंठ, नीमराना की सर्वोत्तम आवासीय योजना में
## व्यावसायिक / कमर्शियल प्लॉट
AIIMS एवं NH48 के पास, जहाँ Havells, Astral सहित प्रतिष्ठित कंपनियां कार्यरत हैं।

**मुख्य विशेषताएँ**

- आधारभूत विकास कार्य
- 111-300 वर्गगज
- 60|40|30 फीट की रोड
- 24x7 सुरक्षित परिवेश
- मंदिर
- पार्क एवं खुला एरिया

प्लॉट उपयुक्त है :-
व्यावसायिक, MSME, P.G., लघु उद्योग एवं वेयर हाउस हेतु

Manglam's
## ANAND BAGH
घिलोंठ, रीको आवासीय क्षेत्र के पास, नीमराना
**CALL : 0141-4311178**





Rera No. RAJ/P/2021/1460
www.rera.rajasthan.gov.in

## THE SMARTEST MOVE ON DELHI NEEMRANA HIGHWAY
YOUR SPACE, YOUR FUTURE – RESIDENTIAL & COMMERCIAL PLOTS AVAILABLE



Manglam
## RAMBAGH
PREMIUM INTEGRATED TOWNSHIP
NEEMRANA



**आवासीय प्लॉट्स के खास पहलु**
100-400 वर्ग गज प्लॉट | 60/40/30 फीट की रोड | आधारभूत विकास कार्य
क्लबहाउस सुविधा | सुरक्षित परिवेश | पार्क एवं खुला एरिया
80% तक बैंक लोन | बेडमिंटन कोर्ट | फाउन्टेन | निर्माण कार्य प्रगति पर

FAMILIES ALREADY SHIFTED

PHASE III & IV
LAUNCHING SOON

Main Delhi Jaipur Highway, Neemrana
0141-4311160

JOIN THE TRUST OF **40,000+FAMILIES** | ENTERING **28TH** YEAR OF SERVING HUMANITY

4 States | 15 Cities | 31 Residential | 30 Commercial | 15 Integrated Townships | 6 Industrial Townships | Shopping Malls | Commercial
Villas | Flats | Plots | Affordable Homes | Hotels & Resorts | Hospital | Amusement Park | Finance | Infrastructure | Farm Houses

Scan QR Code for Website

SHAKUN

Manglam Build-Developers Limited
Corp.Add: 6th Floor, Apex Mall, Lalkothi,
Tonk Road, Jaipur (Rajasthan) | www.manglamgroup.com

HARMONY
Follow us on :
CREDAI RAJASTHAN

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 12-31-2025 22:54 Color:



हैपी न्यू ईयर 2026
NBT नवभारत टाइम्स
एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

## 2026 नई उम्मीद

ईयरऐंडर की सीरीज में आज बता रहे हैं 2025 में सोशल मीडिया पर अलग-अलग सेक्टर में सबसे बड़ा ट्रेंड क्या रहा। ट्रैवल के बदलते मिजाज से नया ट्रेंड शुरू हुआ, शॉपिंग का ट्रेंड बदला, फिटनेस और खाने के स्वाद भी बदलते लाइफस्टाइल का हिस्सा बने। लोगों ने हेल्दी फूड की तरफ रुख किया।

देखें पेज 10

2026 नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

# नए साल के स्वागत में झूमी पूरी दुनिया



- पूरी दुनिया नए साल के जश्न के रंग में रंगी दिखी। आइलैंड किरिबाती से 2026 का आगाज हुआ। सिडनी के हार्बर ब्रिज पर आतिशबाजी हुई।
- दिल्ली के कनॉट प्लेस और इंडिया गेट पर भारी भीड़ रही। अधिकतर मॉल लोगों से भरे दिखे। प्रमुख रास्तों पर पुलिस ने नाके लगाकर जांच की।
- नोएडा, गुड़गांव के रेस्टोरेंट, क्लबों में भी भीड़ रही। गुड़गांव में MG रोड, नोएडा में सेक्टर 18 में देर रात तक लोग जश्न मनाते दिखे। पेज 2,18

## हड़ताल के बीच डिलिवरी बॉयज को ज्यादा इंसेंटिव

■ पीटीआई, नई दिल्ली: फूड डिलिवरी प्लैटफॉर्म्स Zomato और Swiggy ने न्यू ईयर ईव पर अपने डिलिवरी पार्टनर्स को ज्यादा इंसेंटिव/बोनस दिए। गिग वर्कर्स यूनियनों द्वारा हड़ताल के आह्वान के बीच, दोनों कंपनियों ने यह कदम उठाया।



कंपनियों का कहना है कि त्योहारी मौकों पर इंसेंटिव देना उनकी सामान्य प्रक्रिया है। बुधवार को गिग वर्कर्स ने बेहतर सैलरी और काम की शर्तों की मांग को लेकर काम बंद कर दिया। हालांकि, इसका ई-कॉमर्स और फूड डिलिवरी प्लैटफॉर्म्स की सर्विस पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। न्यू ईयर से एक दिन पहले कारोबार अच्छा रहा। कुछ जगहों पर गिग वर्कर्स ने प्रदर्शन किया।

## दर्द निवारक दवा निमेसुलाइड पर केंद्र ने लगाया बैन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने दर्द निवारक दवा निमेसुलाइड (Nimesulide) पर बैन लगा दिया है। यह रोक उन सभी खाने वाली दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग, सेल और डिस्ट्रिब्यूशन पर है, जिनमें इसकी 100mg से अधिक मात्रा हो और जो तुरंत असर करने वाली हों।



सरकार का कहना है कि इतनी अधिक खुराक लोगों के लिए खतरा पैदा कर सकती है। अपने नोटिफिकेशन में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि 100mg से ज्यादा मात्रा वाली, तुरंत असर करने वाली निमेसुलाइड दवाओं का इस्तेमाल लोगों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। इसकी वजह से यह कदम उठाया है।

## NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर 2025

## प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर कौन? वोटिंग का लास्ट डे आज

जिन लोगों ने जज्बे, मेहनत और काबिलियत से देश की प्रगति को नई दिशा दी, NBT ने यहां उन हस्तियों को चुना है। अब आपका वोट तय करेगा NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर। देश में पैराएथलीट के योगदान को देखते हुए B ऑप्शन में शीतल देवी और सुमित अंतिल को रखा है। तो उठाइए मोबाइल और वोट दीजिए।

**A** हरमनप्रीत कौर (महिला क्रिकेट टीम की कप्तान)



2 नवंबर को इतिहास रचकर हरमन की कप्तानी में भारत ने पहला ICC वर्ल्ड कप जीता। भारत ने साउथ अफ्रीका की टीम को हराकर कप पर कब्जा जमाया था।

**B** पैराएथलीट (शीतल देवी-सुमित अंतिल)



बिना हाथों के जन्मी पैरा एथलीट शीतल ने नियमित (एबल-बॉडी) वर्ग की टीम में जगह बनाई। पैरा जैवलिन थ्रोअर सुमित ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स में रेकॉर्ड गोल्ड मेडल जीता।

**D** कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह



ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दुनिया के सामने रखी और ऑपरेशन का चेहरा बन गईं। सोफिया आर्मी की सिग्नल कोर में हैं। व्योमिका एयरफोर्स में हेलिकॉप्टर पायलट हैं।

**C** दिव्या देशमुख (ग्रैंडमास्टर)



19 साल की दिव्या ने जॉर्जिया में FIDE विमिंस वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। ग्रैंडमास्टर खिताब भी हासिल किया।

**E** शुभांशु शुक्ला (ग्रुप कैप्टन, एयरफोर्स)



इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन (ISS) जाने वाले पहले और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बने। शुभांशु ने 60 से ज्यादा प्रयोग किए थे।

**कैसे करें वोट:** जो NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर लगता है, उसका ऑप्शन **9220747220** पर वट्सऐप करें। मसलन, अगर आपकी चॉइस हरमनप्रीत हैं तो मेसेज में A लिखकर भेज दें। देखें पेज 9

# ठंड लेकर आया नया साल, आज हैं बारिश के आसार

## 6 साल के बाद दिसंबर में दर्ज की गई इतनी कंपकंपी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

2025 ने जाते-जाते आखिरी दिन दिल्ली-NCR को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। 6 साल बाद दिसंबर का सबसे ठंडा दिन बुधवार को रहा। लोगों धूप नहीं मिली। ठंडी हवा ने बहुत सताया। अधिकतम तापमान सामान्य से 6.2 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा। इससे पहले दिसंबर में इतनी ठंड 2019 में थी। नए साल के पहले दिन हल्की बारिश हो सकती है। पूरे दिन बादल छाए रहेंगे। इसके अलावा, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में दिन में शीतलहर का प्रकोप रहेगा।

> दिल्ली-हरियाणा में शीतलहर का प्रकोप रह सकता है

गुरुवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 15 और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। शुक्रवार और शनिवार को घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को अधिकतम तापमान सिर्फ 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 6.2 डिग्री सेल्सियस कम है। 2019 में तीन दिन इससे ठंडे थे। पेज 2



कोहरे की वजह बुधवार को विजिबिलिटी महज 50 मीटर तक रही।

### बारिश का असर दो दिनों तक

मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर अगले दो दिनों तक रहेगा। दिल्ली समेत ओडिशा, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 5 जनवरी तक घना कोहरा रह सकता है। दिल्ली समेत पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 3 से 5 जनवरी के बीच रात में शीतलहर का प्रभाव रहेगा।

### 150 फ्लाइट्स रहीं कैंसल, 70 ट्रेनें लेट


घने कोहरे की वजह से बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 150 उड़ानें रद्द रहीं। लगातार दूसरे हफ्ते फ्लाइट्स कैंसल, लेट या डायवर्ट हो रही हैं। दो फ्लाइट्स के रूट बदले गए। दिल्ली क्षेत्र में 70 ट्रेनें देरी से पहुंचीं। उनमें औसतन 2 से 5 घंटे तक की देरी रही। पेज 3

### स्मॉग से परेशानी, प्रदूषण बेहद खराब

प्रदूषण का स्तर बुधवार को बेहद खराब रहा। कुछ दिनों से स्मॉग की परत भी दिख रही है। इन सब के बीच अगले कुछ दिनों तक प्रदूषण के इसी स्तर पर रहने की आशंका जताई गई है। दिल्ली का AQI 373 रहा। 3 जनवरी तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहेगा। धूप न निकलने, नमी होने से स्मॉग की परत भी दिखाई दी।

## फटाफट खबरें

### ओडिशा में प्रलय मिसाइल का टेस्ट



भारत ने ओडिशा तट से एक ही लॉन्चर से 2 स्वदेशी 'प्रलय' मिसाइल का सफल टेस्ट किया। प्रलय सतह से सतह पर मार करने वाली हाफ-बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी मारक क्षमता 150 से 500 किमी है। पेज 18

### सरफराज के 157 रन, मुंबई का रेकॉर्ड

जयपुर में गोवा और मुंबई के बीच खेले जा रहे विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले में मुंबई की तरफ से खेलते हुए सरफराज खान ने 75 गेंद में 157 रन की पारी खेली और 14 छक्के जड़े। लिस्ट ए क्रिकेट में मुंबई ने दूसरा सबसे बड़ा स्कोर 444 रन बनाए और गोवा को 87 रन से हराया।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी सालगिरह

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर बुधवार को अयोध्या में ध्वजारोहण और विशेष पूजा का आयोजन हुआ, जिसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के CM योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। पेज 14

# पाकिस्तान के नेता से मिले जयशंकर



- बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया को बुधवार को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर बुधवार को ढाका में थे।
- उन्होंने खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान से मिलकर संवेदनाएं जाहिर कीं। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और से शोक संदेश भी सौंपा।
- अंतिम संस्कार के मौके पर विदेश मंत्री पाकिस्तान असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक से मिले। मई में दोनों देशों के बीच संघर्ष के बाद नेताओं की पहली मुलाकात है। पेज 18

## हैपी मॉर्निंग

गुन्नू के पिता उसके लिए लड़की देखने गए।
लड़की के पिता ने पूछा लड़का क्या करता है। तो गुन्नू के पिता बोले, '500 लोग उसके अंडर हैं, बहुत पावर है, जब चाहे किसी को भी रख सकता है या निकाल सकता है।'
लड़की के पिता ने खुशी-खुशी हां कर दी। बाद में पता चला गुन्नू वट्सऐप ग्रुप का एडमिन है।

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,220.60 (+545.52) |
| निफ्टी | 26,129.60 (+190.75) |
| रु/यूएस डॉलर | 89.87 (+0.07) |
| रु/यूरो | 105.49 (-0.17) |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम दिल्ली | ₹1,33150 (-2,600) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो दिल्ली | ₹2,39900 (00) |

## मौसम

अधिकतम तापमान 14.2°
6.4° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय गुरुवार 5:36 | सूर्यास्त गुरुवार 7:14
पूरे दिन बादल छाए रहेंगे, हल्की बारिश के आसार, घना कोहरा रहेगा।

## नए लेबर कोड का ड्राफ्ट जारी, 30 दिन में दें सुझाव

■ पीटीआई, नई दिल्ली

सरकार ने नए लेबर कोड के तहत बनाए गए ड्राफ्ट नियमों को सार्वजनिक सुझाव के लिए बुधवार को जारी किया। इन पर आम लोग, कर्मचारी, नियोक्ता और अन्य हितधारक अपनी राय और सुझाव दे सकते हैं। ज्यादातर नियमों पर 45 दिन और औद्योगिक संबंध नियमों पर 30 दिन में सुझाव मांगे गए हैं। सरकार 1 अप्रैल से इसे लागू करना चाहती है।

नए कोड में वेतन, पीएफ, ग्रेच्युटी और ओवरटाइम की गणना का तरीका बदल जाएगा। सबसे बड़ा बदलाव वेतन की परिभाषा को लेकर है। इसमें बेसिक सैलरी, महंगाई भत्ता और रिटेनिंग अलाउंस शामिल होंगे। कुल सैलरी में अलाउंस की सीमा 50% रखी गई है।



AI Image

### वोडा-आइडिया को राहत

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कर्ज में डूबी टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन-आइडिया को राहत देने वाले पैकेज को मंजूरी दी। सरकार ने कंपनी के एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू से जुड़े ₹87,695 करोड़ के बकाया को फ्रीज कर दिया है। इस बकाये के भुगतान की समय-सीमा 2032 से बढ़ाकर 2041 किया गया है।

## वॉटर लाइन जहां लीक थी, उसके ऊपर बना था टॉइलट

# इंदौर में दूषित पानी से 7 की मौत

■ पीटीआई, इंदौर (मध्यप्रदेश)

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से बुधवार तक 7 लोगों की मौत की पुष्टि हुई। 150 लोगों को 27 अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बीमार लोगों से मिलने इंदौर पहुंचे। इस मामले में हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने प्रदेश सरकार से 2 जनवरी तक स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। नगर आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने बताया कि भागीरथपुरा में पानी की मेन लाइन में एक जगह लीकेज मिला है। जहां लीकेज था, उसी जगह ऊपर टॉइलट बनाया गया है, इसी वजह से सप्लाई में गंदा पानी पहुंचा।



Pravin Barnale

150 लोगों को इंदौर के 27 अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।


### एक अधिकारी बर्खास्त, 2 सस्पेंड

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर एक जोनल अधिकारी, एक सहायक इंजिनियर को सस्पेंड किया गया है, जबकि एक प्रभारी सब-इंजिनियर बर्खास्त कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच के लिए 3 सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया है। पेज 12

## जगतपुरी में घर में आग, बुजुर्ग दंपती की मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

जगतपुरी के हजारा पार्क-शिवपुरी में बुधवार दोपहर एक घर में आग लगी और दम घुटने से बुजुर्ग दंपती की मौत हो गई। पुलिस ने शुरुआती जांच में मंदिर में जल रहे दीपक से आग लगने की आशंका जताई है। घटना के समय घर में प्रेम सागर मल्होत्रा (80) अकेले थे। उनकी पत्नी आशा मल्होत्रा (75) किसी काम से बाहर गई थीं। आशा अपने पति को बचाने के लिए घर में गईं, लेकिन वह भी फंस गईं। डीसीपी शाहदरा प्रशांत गौतम ने बताया कि आग मकान की पहली मंजिल पर लगी थी। आग लगने की वजह LPG सिलिंडर का फटना भी हो सकती है। पेज 5



जगतपुरी के इसी घर में लगी थी आग

### शाहीन बाग में भी मौत

मथुरा रोड स्थित शाहीन बाग में बुधवार सुबह एक घर में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम ऊपर की मंजिल पर फंसे 4 लोगों को बाहर निकाला, लेकिन दम घुटने से सेकंड फ्लोर पर सो रही एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई।

**काम की खबरें** आज से लागू होंगे ये 4 बदलाव, दिल्ली में लॉन्च हो रही भारत टैक्सी, अमेरिका में रहना होगा महंगा

# दिल्ली-NCR में PNG के दाम कम हुए

### 1 IGL ने 70 पैसे घटाए PNG के रेट

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (IGL) ने दिल्ली और NCR में घरेलू PNG की कीमतों में प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (SCM) 70 पैसे की कमी की है। आज से यानी एक जनवरी से दिल्ली में घरेलू PNG का नया रेट 47.89 रुपये प्रति SCM हो गया है। वहीं गुड़गांव में 46.70 रुपये प्रति SCM, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में 47.76 रुपये प्रति SCM रेट तय किया गया है। इससे पहले थिंक गैस ने भी कई राज्यों में सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में कटौती की थी।

### 2 भारत टैक्सी: ड्राइवर कमिशन नहीं

केंद्र सरकार की सहकारी मॉडल पर आधारित कैब बुकिंग ऐप 'भारत टैक्सी' की दिल्ली से शुरुआत होगी। इसके बाद उत्तर प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में शुरू किया जाएगा। 1.20 लाख से ज्यादा ड्राइवर इस प्लैटफॉर्म से जुड़ चुके हैं। इस ऐप से कैब के साथ ही ऑटो और बाइक भी बुक की जा सकेगी। इसमें ड्राइवरों से कोई कमिशन नहीं लिया जाएगा। सेफ्टी के लिए सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड ने दिल्ली पुलिस के साथ समझौता किया है।

### 3 फ्रिज, टीवी पर स्टार रेटिंग जरूरी

बिजली बचत को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 1 जनवरी से कई घरेलू और औद्योगिक उपकरणों पर एनर्जी एफिशिएंसी स्टार लेबलिंग अनिवार्य कर दी है। अब फ्रिज, टेलिविजन, LPG गैस स्टोव, कूलिंग टावर, चिलर, डीप फ्रीजर, डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर और ग्रिड से जुड़े सोलर इन्वर्टर पर स्टार लेबल जरूरी होगा। पहले इनमें से कई उत्पादों पर यह व्यवस्था स्वैच्छिक थी।

### 4 यूएस इमिग्रेशन फीस बढ़ाई गई

अमेरिका (US) में इमिग्रेशन से जुड़े कई शुल्क बढ़ा दिए गए हैं। यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज ने कहा है कि 1 जनवरी से पोस्टमार्क किए गए सभी आवेदनों पर बढ़ी हुई फीस लागू होगी। शरण लेने से जुड़े आवेदन की सालाना फीस 100 डॉलर से बढ़कर 102 डॉलर कर दी गई है। वहीं Form I-765 के तहत पहली बार वर्क परमिट के लिए फीस 550 डॉलर से बढ़कर 560 डॉलर हो गई है। हालांकि कुछ फॉर्म्स की फीस में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**लिफ्ट के बहाने बैठाया था कैब में**

## फरीदाबाद गैंगरेप में दो टैक्सी ड्राइवर गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस ने गैंगरेप केस में बुधवार को दो कैब ड्राइवरों को अरेस्ट किया। आरोप है कि दोनों ने लिफ्ट देने के बहाने एक महिला को कार में बैठाया और गुड़गांव रोड पर लेकर चले गए। वहां महिला के साथ मारपीट के बाद गैंगरेप किया। आरोपी 3 घंटे तक महिला को गुड़गांव और फरीदाबाद रोड पर घुमाते रहे, फिर भोर में करीब साढ़े 3 बजे चलती कार से फेंककर फरार हो गए। डीसीपी NIT ने बताया कि CCTV में दोनों आरोपी दिखे थे, जिसके बाद उन्हें अरेस्ट किया गया। एक आरोपी यूपी के झांसी और दूसरा मथुरा का है।



पुलिस ने कार जब्त कर ली है।

### 3 घंटे रोड पर घुमाते रहे

पीड़ित महिला की बहन ने बताया कि NIT से लिफ्ट ली थी। दोनों आरोपी 3 घंटे तक गुड़गांव, फरीदाबाद रोड पर कार घुमाते रहे। इस दौरान पुलिस दिखी, लेकिन कहीं भी रोका नहीं गया।

## कार से 150 किलो अमोनियम नाइट्रेट मिला

■ पीटीआई, टोंक (राजस्थान): राजस्थान के टोंक जिले की पुलिस ने एक कार से 150 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट, 200 कारतूस और सेफ्टी फ्यूज तार के 6 बंडल जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी यह विस्फोटक अरावली क्षेत्र में अवैध खनन के लिए लेकर जा रहे थे। टोंक पुलिस ने बताया कि नैशनल हाइवे-52 पर जब पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा तो उन्होंने बताया कि बोरियों में खाद लेकर जा रहे हैं।

> राजस्थान में पुलिस ने पकड़ा तो कहा, खाद ले जा रहे हैं

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 12-31-2025 21:57 Color:



## आज पहली तारीख है

आज महीने का पहला दिन है। ऐसे में हम बता रहे हैं कि इस पूरे महीने दिल्ली में क्या खास होने वाला है। आप भी कैलेंडर देखिए किस इवेंट में आपको शामिल होना है और कौन सा इवेंट आपकी प्लानिंग पर असर डालेगा।

### 1 जनवरी

■ **सृजन से विनाश तक:** त्रिवेणी कला संगम में सुबह 11 से रात 8 बजे तक भरत कुमार जैन की पेंटिंग एग्जिबिशन 'द डाइंग डू : वेन प्रोसेस इंजेल्स द कॉन्टूर्स ऑफ लाइफ' आर्ट लवर्स के बीच होगी।


### 4-7 जनवरी



■ **सेहरा-ए-रेत:** बीकानेर हाउस की कलमकार गैलरी में मानसी रेहान की पेंटिंग प्रदर्शनी 'सेहरा-ए-रेत, द डासिंग ड्यून्स' का आनंद लिया जा सकता है। यह एग्जिबिशन 4 से 7 जनवरी तक रोज सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

### 4-10 जनवरी

■ **मूर्तियों का संसार:** ललित कला अकादमी में मूर्तिकार सुरेश कुमार की स्कल्पचर एग्जिबिशन कला प्रेमियों को खींचेगी। गैलरी फोइअर, रवींद्र भवन में सुबह 11 से शाम 7 बजे तक इस आर्टवर्क संग वैचारिक गहराई, शिल्प कौशल और समकालीन संवेदनशीलता को महसूस किया जा सकता है।



### 8 जनवरी

■ **सुर और लय : डबल बिल** इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में 'IIC डबल बिल : म्यूजिक एंड डांस रिसाइटल्स' की प्रस्तुति होगी। सीडी देशमुख ऑडिटोरियम में कथक नृत्यांगना नीलाक्षी खांडकर सेक्सेना और उदयपुर से ओडिसी नृत्यांगना कृष्णेंदु साहा मंच पर उतरेंगी।

### 11, 24-26 जनवरी

■ **मित्र रंग महोत्सव:** सिरी फोर्ट इंस्टिट्यूशनल एरिया में एनसीयूआई ऑडिटोरियम, दिल्ली में मित्र रंगमंच पेश करेगा 'मित्र रंग महोत्सव 2026'। यह चार दिन का उत्सव आठ नाटकों को मंच पर उतारेगा, जो नए साल में यादगार पल जोड़ेंगे।

### 17-24 जनवरी



**त्रिवेणी थिएटर फेस्टिवल:** मंडी हाउस के त्रिवेणी कला संगम में 'त्रिवेणी थिएटर फेस्टिवल' के साथ कई शानदार नाटक देखने का मौका रंगमंच प्रेमियों को मिलेगा। RUKAVIPA फाउंडेशन के सहयोग से यह फेस्ट 'रुदाली', 'ठेके पर मुशायरा', 'जात्रा', 'दास्तान-ए-गुरु नानक', 'जनक-नंदिनी', 'राबिया', 'द प्राइस', 'बेटियां मन्नू की' नाटक को मंच पर (शाम 4:30 बजे और 7 बजे) उतारेगा।

### 13 जनवरी

■ **लोहड़ी के रंग:** इंडिया हैबिटेट सेंटर में लोहड़ी उत्सव का जोश गूंजेगा। संगीत से सजी इस शाम में पारंपरिक पंजाबी गायकी पर आधारित लोक और सूफी संगीत प्रस्तुत करेंगी सुनैनी शर्मा, जो तीसरी पीढ़ी की संगीतकार और कवयित्री हैं।



### 23 जनवरी

■ 1770 प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी क्लास के लिए पहली एडमिशन लिस्ट और वेटिंग लिस्ट जारी होगी।



### 31 जनवरी

■ इंदिरा गांधी नैशनल ओपन यूनिवर्सिटी में जनवरी 2026 सेशन के लिए दाखिला प्रक्रिया चल रही है। 300 से ज्यादा कोर्सों में ओपन डिस्टेंस मोड और ऑनलाइन मोड में दाखिले लेने का मौका 31 जनवरी तक मिलेगा।

### 13 जनवरी

■ नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी के अंडरग्रैजुएट, पीजी, पीएचडी प्रोग्राम समेत सभी प्रोग्राम के लिए अप्लाई (www.nift.ac.in) करने का आखिरी मौका। अकादमिक सेशन 2026-27 के लिए NIFTEE (एंट्रेंस एग्जाम) कंप्यूटर आधारित टेस्ट (CBT) और पेन और पेपर आधारित टेस्ट (PBT) दोनों मोड में होगी। इन ऑनलाइन एंट्रेंस का रिजल्ट मई में आएगा।

# सबसे ठंडे दिन के साथ बीता 2025

## बीते 6 साल में दिसंबर का सबसे ठंडा दिन बना बुधवार

## आज ठंड के साथ बूंदाबांदी भी, 5 जनवरी तक कोहरे का अलर्ट

## इससे पहले 2019 में तीन दिन दिसंबर में रहे थे इससे ठंडे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**बीते छह** साल में 2025 का आखिरी दिन दिसंबर में सबसे ठंडा रहा। धूप के दर्शन नहीं हुए, ठंडी हवाएं लोगों को ठिठुराती रहीं। अधिकतम तापमान सामान्य से 6.2 डिग्री तक कम रहा। इससे पहले दिसंबर में इससे ठंडे दिन 2019 में पड़े थे।

राजधानी में अधिकतम तापमान महज 14.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 6.2 डिग्री कम है। 2019 में 31 दिसंबर को अधिकतम तापमान महज 9.4 डिग्री, 29 दिसंबर को 13.3 डिग्री और 27 दिसंबर को 13.4 डिग्री रहा था। बुधवार को पालम में अधिकतम तापमान महज 13.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 6.8 डिग्री कम है। लोदी रोड में 13.4 रहा। यह सामान्य से 7.6 डिग्री कम रहा। रिज में तापमान 13.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 5.9 डिग्री कम रहा। वहीं आया नगर में अधिकतम तापमान महज 13.1 डिग्री रहा। यह सामान्य से 6.2 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान भी बुधवार को महज 6.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.4 डिग्री कम था।

नए साल के पहले दिन हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। बादल पूरे दिन छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 15 और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रह सकता है। इसके बाद 2 व 3 जनवरी को घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। दोनों दिन अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री तक रह सकता है। 4 से 6 जनवरी के बीच अधिकतम तापमान 18 से 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री तक रह सकता है।

आईएमडी के अनुसार वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर अगले दो दिनों तक रहेगा। इसकी वजह से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बर्फबारी की संभावना है। इसके अलावा दिल्ली समेत ओडिशा, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 5 जनवरी तक घना कोहरा रह सकता है। वहीं पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में एक जनवरी को दिन के समय शीत लहर का प्रकोप रहेगा। एक जनवरी को बिहार के अलग अलग इलाकों में दिन में शीतलहर रह सकती है। दिल्ली समेत पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ में 3 से 5 जनवरी के बीच के बीच रात में शीतलहर का प्रभाव रहेगा। 2 से 4 जनवरी तक हिमाचल प्रदेश में, 5 से 6 जवरी के बीच राजस्थान में शीत लहर का प्रभाव रहेगा।

> बुधवार को न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.4 डिग्री कम था

**सुबह 4 बजे से 8 बजे तक घना कोहरा रहा :** बुधवार को सुबह 4 बजे से आठ बजे तक घना कोहरा रहा। इस दौरान विजिबिलिटी महज 50 मीटर तक रही। इसके बाद विजिबिलिटी में थोड़ा सुधार हुआ। हालांकि पूरे दिन विजिबिलिटी कम रही। धूप न निकलने, नमी होने की वजह से स्मॉग की एक परत राजधानी पर दिखाई दी।





**ठंड के साथ कोहरे का अटैक:** आईएमडी के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर अगले दो दिनों तक रहेगा। इससे ठंड भी बनी रहेगी।

## 'कोहरे में मिस्ट स्प्रे से बढ़ सकती है और समस्या'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली में** कोहरे के बीच मिस्ट स्प्रे और एंटी स्मॉग गन के इस्तेमाल पर एक्सपर्ट सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि इस समय हवाओं में काफी अधिक नमी है। हवाओं की कम रफ्तार और नमी की वजह से कोहरा समस्या बना हुआ है। ऐसे समय में मिस्ट स्प्रे और एंटी स्मॉग गन नमी को बढ़ा रहे हैं। इनका इस्तेमाल नमी कम होने पर ही होना चाहिए।

बीते तीन से चार दिनों में राजधानी में धूप कम समय के लिए निकल रही है। प्रदूषण को कम करने के लिए इस बार मिस्ट स्प्रे और एंटी स्मॉग गन का इस्तेमाल काफी अधिक किया जा रहा है। यह दोनों चीजें पानी की छोटी-छोटी बूंदों को फेंकती हैं। जिससे धूल मिट्टी हवा से नीचे आ जाती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व एयर लैब हेड डॉ. डी. साहा ने बताया कि इस समय राजधानी में कोहरा समस्या बना हुआ है। कोहरे की मुख्य दो वजह हैं। इसमें एक हवाओं की कमी है तो दूसरा अत्यधिक नमी है। ऐसे में एंटी स्मॉग गन और मिस्ट स्प्रे का इस्तेमाल नमी का स्तर और अधिक बढ़ा देता है। वहीं दूसरी तरह इनकी वजह से सुबह के समय गिरने वाली ओस की बूंदें भी बढ़ जाती हैं। यह बूंदें सुबह धरती को अत्यधिक ठंडाकर तापमान को और कम कर सकती हैं। इसलिए इनका इस्तेमाल साइंटिफिक आधार पर ही किया जाना चाहिए।



**बढ़ सकती है परेशानी:** एक्सपर्ट ने उठाए सवाल, कहा- अत्यधिक नमी की वजह से ही कोहरा बनता है, ऐसे में मिस्ट स्प्रे से समस्या और बढ़ सकती है

एनवायरोकैटालिस्ट के फाउंडर व सीईओ सुनील दहिया ने बताया कि राजधानी में मिस्ट स्प्रे और एंटी स्मॉग गन का इस्तेमाल वैज्ञानिक आधार पर नहीं हो रहा है। इनके इस्तेमाल के लिए कोई नियम भी नहीं बनाए गए हैं। राजधानी में मिस्ट स्प्रे सीधा गाड़ियों पर पानी फेंक रहे हैं जबकि नोजल ऊपर की तरफ होना चाहिए ताकि उनका अधिकतम लाभ मिल सके।

**CREA की सालाना रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा**

## दिल्ली की हवा में सबसे ज्यादा ज़हर, NCR का भी बुरा हाल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**राजधानी में** 2024 की तुलना में 2025 में पीएम 2.5 का स्तर कम हुआ है। इसके बावजूद अक्टूबर से दिसंबर तक प्रदूषण में इजाफा हुआ। यानी इस साल सर्दियां ज्यादा प्रदूषित रहीं। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (CREA) ने सालाना प्रदूषण रिपोर्ट में यह दावा किया है।

बुधवार को जारी इस रिपोर्ट के मुताबिक, 29 में से सिर्फ 14 एनसीआर शहरों में 2025 का 75 पर्सेंट डेटा उपलब्ध है। जिन 15 शहरों में मॉनिटरिंग कवरेज अपर्याप्त रही, वे सभी हरियाणा के हैं। इन 14 एनसीआर शहरों में, जहां पर्याप्त डेटा मिला, उनमें दिल्ली सबसे ज्यादा प्रदूषित रही। इसके बाद गाजियाबाद और नोएडा का नंबर रहा। राजस्थान के भरतपुर और अलवर को छोड़कर एनसीआर के किसी भी शहर में सालाना पीएम 2.5 का स्तर तय मानकों के भीतर नहीं रहा। एनसीआर में गाजियाबाद में सबसे ज्यादा ऐसे दिन रहे, जब प्रदूषण मानकों से अधिक रहा।

■ **मेगा सिटीज का हाल:** मेगा सिटीज में दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चैन्ने और बेंगलुरु शामिल हैं। इन सभी में दिल्ली सबसे ज्यादा प्रदूषित रही। कोलकाता और मुंबई में प्रदूषण स्तर लगभग 2024 जैसा ही रहा। बेंगलुरु में वायु प्रदूषण के स्तर में थोड़ी कमी दर्ज की गई, जबकि चैन्ने में 2025 के दौरान वायु प्रदूषण मामूली रूप से बढ़ा है।

■ **दिल्ली का हाल:** अप्रैल, अगस्त और दिसंबर में भी पीएम 2.5 का स्तर 2024 के मुकाबले ज्यादा रहा। सभी 40 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पीएम 2.5 का स्तर तय मानकों से अधिक दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा प्रदूषित इलाका जहांगीरपुरी रहा।

**मेगा सिटीज में PM2.5 का स्तर**

| | 2025 | 2024 | 2023 | 2022 | 2021 | 2020 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 96 | 105 | 101 | 99 | 104 | 94 |
| कोलकाता | 45 | 45 | 47 | 50 | 57 | 49 |
| मुंबई | 34 | 34 | 46 | 48 | 47 | 37 |
| बेंगलुरु | 29 | 32 | 32 | 34 | 30 | 28 |
| चैन्ने | 30 | 27 | 29 | 28 | 26 | 30 |

**सबसे प्रदूषित इलाके**
जहांगीरपुरी 130, वजीरपुर 124, बवाना 123, आनंद विहार 121, रोहिणी 115.

**सबसे साफ जगहें**
NSIT द्वारका 73, अरबिंदो मार्ग 74, लोदी रोड 74, DTU 75, दिलशाद गार्डन 75

**बुधवार को दिल्ली का AQI 373**

## दिसंबर के आखिरी दिन भी ज़हरीली रही हवा



**पल्यूशन कर रहा परेशान:** पूर्वानुमान के अनुसार, 1 से 3 जनवरी तक राजधानी दिल्ली में एयर पल्यूशन का स्तर बेहद खराब ही बना रहेगा।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली में** प्रदूषण का स्तर बुधवार को बेहद खराब रहा। एक्सपर्ट के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक प्रदूषण के इसी स्तर पर रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के एयर बुलेटिन के अनुसार, बुधवार को दिल्ली का एक्यूआई 373 रहा। फरीदाबाद का 221, गाजियाबाद का 312, ग्रेटर नोएडा का 366, गुरुग्राम 328 और नोएडा का 382 रहा। दिल्ली में 14 जगह प्रदूषण का स्तर गंभीर रहा। वजीरपुर का एक्यूआई 422, विवेक विहार का 409, शादीपुर का 421, रोहिणी का 430, आरके पुरम का 402, पंजाबी बाग का 415, पटपड़गंज का 412, नेहरू नगर का 414, मुंडका का 423, जहांगीरपुरी का 411, आईटीओ का 433, द्वारका सेक्टर-8 का 417, चांदनी चौक का 405, आनंद विहार का 426 रहा। महज एनएसआईटी द्वारका में एक्यूआई 298 रहा।

> दिल्ली में 14 जगह प्रदूषण का स्तर गंभीर रहा

पूर्वानुमान के अनुसार, 1 से 3 जनवरी तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहेगा। इसके बाद भी अगले छह दिनों तक यह बेहद खराब बना रह सकता है। बुधवार को हवाओं की गति 5 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे तक रही। गुरुवार को हवाओं की गति 5 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे, शुक्रवार को 5 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे और शनिवार को 5 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है।

## बाहर से आ रहा है दिल्ली में अधिकांश प्रदूषण : CSE

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सेंटर फॉर** साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) ने दावा किया है कि राजधानी में अधिकांश प्रदूषण बाहर से आ रहा है। इसके साथ ही गैसों से होने वाला प्रदूषण भी बढ़ रहा है।

संस्था की एग्जेक्यूटिव डायरेक्टर अनुमिता रायचौधरी ने कहा कि इस साल प्रदूषण के सोर्स स्थानीय और रिजनल दोनों रहे हैं। राजधानी में गाड़ियों, इंडस्ट्री, कूड़ा जलाने आदि से प्रदूषण हो रहा है। स्मॉग लोकल सोर्स के अलावा एनसीआर के अन्य शहरों से आ रहे प्रदूषण की वजह से भी बढ़ रहा है।

प्रदूषण का यह जमाव पूरे एनसीआर में देखा जा रहा है। सीएसई की डिप्टी प्रोग्राम मैनेजर शरननीत कौर के अनुसार, एनसीआर में कई जगह पीएम 2.5 इस साल काफी बढ़ा है। नोएडा में 38 प्रतिशत, बल्लभगढ़ में 32 प्रतिशत, बागपत में 31 प्रतिशत और दिल्ली में 29 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

■ **कितना रहा लोकल सोर्स का हिस्सा:** सीएसई की क्लीन एयर प्रोग्राम मैनेजर शांभवी शुक्ला ने बताया कि डिसिजन सपोर्ट सिस्टम के अनुसार, 1 से 15 दिसंबर तक राजधानी में लोकल सोर्स की पीएम 2.5 में हिस्सेदारी महज 35 प्रतिशत रही। बाकी 65 प्रतिशत प्रदूषण एनसीआर के शहरों से आया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक पीएम 2.5 का स्तर औसतन 163 एमजीसीएम रहा।

**आज चिड़ियाघर में 30,000 टिकटों की सीमा तय, टिकट की कालाबाज़ारी रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड बनाई**

## Zoo से कुतुब मीनार, भीड़ संभालने के लिए टीम तैयार

NBT 2 मिनट में पढ़ें

■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली

**नव वर्ष** के मौके पर गुरुवार को बहुत बड़ी संख्या में लोग उमंग और खुशी के साथ विभिन्न ऐतिहासिक स्मारक और चिड़ियाघर आदि घूमने आ सकते हैं। लोगों की सुविधा और सुरक्षा के इंतजाम करने में संबंधित विभाग और एजेंसियां जुट गई हैं। ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए चिड़ियाघर प्रशासन ने ट्रैफिक पुलिस से विशेष सहयोग मांगा है।

ज़ू घूमने आने वाले लोगों को मिलने वाले एंट्री टिकट की सीमा तय कर दी गई है। ज़ू डायरेक्टर डॉ. संजीत कुमार ने बताया कि 30,000 से अधिक टिकट नहीं बेचे जाएंगी। पिछले साल पहली जनवरी को 25,600 लोग आए थे। मेन गेट के पास लगेज रूम के साथ हेल्पडेस्क बनाया गया है। यहां से लोग ज़ू से जुड़ी जानकारी के अलावा खोया पाया की इन्फॉर्मेशन भी दे सकते हैं। ग्रुप में आए लोगों के आपस में बिछड़ने पर मिलने की जगह की जानकारी की अनाउंसमेंट भी कराई जा सकेगी।

> झपटमारी और छेड़छाड़ करने वालों पर होगा तुरंत ऐक्शन

टिकट की कालाबाजारी रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड बनाया गया है। ज़ू के पुराने टिकट काउंटर और मथुरा रोड के पास विजिटर्स को ब्लैक में टिकट देने वालों को पकड़कर पुलिस को सौंप जाएगा।

बड़े जानवरों के बाड़े के बाहर सिक्योरिटी गार्ड ज्यादा संख्या में तैनात रहेंगे, ताकि कोई व्यक्ति बाड़े में न कूद सके और किसी भी स्थिति से आसानी से निपटा जा सके। एनिमल कीपर और सिक्योरिटी में करीब 40 लोगों का अतिरिक्त स्टाफ तैनात रहेगा। सामान्य दिनों में करीब 60 लोगों के स्टाफ को बढ़ाकर 90 से अधिक किया जा रहा है।

विजिटर्स का सामान छीनने या महिलाओं से बदतमीजी करने वालों को तुरंत पकड़ने के लिए सिक्योरिटी टीम के दस्ते पूरे चिड़ियाघर में तैनात रहेंगे। CCTV से लगातार नजर रखी जाएगी।

नए साल पर बच्चों के लिए भी विशेष प्रोग्राम रखे गए हैं। उन्हें वन्य जीवों की जानकारी देने के साथ कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। टिकट चेक कराने के बाद चिड़ियाघर के अंदर जाने के लिए सभी 8 एंट्री गेट विजिटर्स की सुविधा के लिए खुले रहेंगे।



बड़े जानवरों के बाड़े के बाहर सिक्योरिटी गार्ड ज्यादा संख्या में रहेंगे तैनात

**कुतुब मीनार पर खास नज़र**

नए साल पर घूमने के लिए आने वालों की भीड़ को देखते हुए कुतुब मीनार पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ASI) के दिल्ली सर्कल के सुपरिंटेंडेंट आर्कियोलॉजिस्ट डॉ. आरके पटेल ने बताया कि सबसे अधिक लोग लाल किला और कुतुब मीनार में आ सकते हैं। लाल किला में काफी बड़ा खुला क्षेत्र है, इसलिए वहां ज्यादा दिक्कत नहीं होगी। कुतुब मीनार में जगह सीमित है, इस वजह से लोगों की सुविधा के लिए उन्हें ज्यादा देर तक रुकने नहीं दिया जाएगा। ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि आने वाले विजिटर्स आराम से फोटो क्लिक कर सकें, घूम फिर सकें और एंजॉय कर सकें।

## आज पूरे दिन खुला रहेगा इस्कॉन मंदिर, कई जगह रात तक प्रोग्राम

### ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित मंदिर में नए साल के स्वागत की तैयारियां पूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**नए साल** के स्वागत के लिए मंदिरों ने भी तैयारियां कर ली हैं। नए साल के पहले दिन कुछ मंदिर दर्शनों के लिए खुले रहेंगे तो कुछ मंदिरों में देर रात तक नए साल का जश्न मनाया जा रहा है।

ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित इस्कॉन मंदिर नए साल के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। सुबह 4.30 बजे मंदिर में प्रथम मंगल आरती होगी। सुबह 7 बजे दर्शन आरती होगी। इसके साथ ही पूरे दिन भक्त भगवान के दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए मंदिर के पट पूरे दिन खुले रहेंगे। रात 9 बजे मंदिर के पट बंद किए जाएंगे। भक्तों की सुविधा के लिए गेट नंबर दो से एंट्री की व्यवस्था रहेगी। दर्शन के बाद एक नंबर गेट से एग्जिट होगा। गेट नंबर 4 से भी एंट्री की सुविधा रहेगी और वहीं से बाहर जा सकेंगे। इस्कॉन के नैशनल मीडिया डायरेक्टर व्रजेन्द्र नंदन दास ने बताया कि दिल्ली पुलिस के 150 जवान और 90 मंदिर के सुरक्षाकर्मी सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहेंगे। 110 सीसीटीवी कैमरों लगाए गए हैं।



इस्कॉन मंदिर

वहीं इस्कॉन द्वारका में नए साल का स्वागत बड़ी बड़ी कीर्तन कॉन्सर्ट से किया गया। जेएनयू के प्रो. अमल कृष्ण दास ने अपने अलग अंदाज में परंपरा और आधुनिकता का फ्यूजन प्रस्तुत किया।

उनका कहना है कि नए साल का स्वागत कुछ अलग अंदाज में होना चाहिए। हजारों की संख्या में भक्तों के बीच 31 दिसंबर की रात 10 बजे से कीर्तन कॉन्सर्ट शुरू हुआ। नए साल के पहले पल की शुरुआत हरे कृष्ण महामंत्र के साथ की गई। न्यू ईयर केक कटिंग समारोह में भाग लिया और एकादशी प्रसाद का भी आनंद उठाया।

छतरपुर स्थित श्री आद्य कात्यायनी शक्तिपीठ मंदिर में भी भक्तों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिर के सीईओ डॉ किशोर चावला ने बताया कि यहां बड़ी संख्या में भक्त नए साल की शुरुआत करने के लिए मां के चरणों में आते हैं। उनकी सुविधा में मंदिर में अरेंजमेंट्स किए गए हैं।

देरी से पहुंचने की वजह से तय शेड्यूल पर ट्रेन चलाने की चुनौती

# कोहरे की मार: थमी ट्रेनों की रफ्तार, 70 ट्रेनें देरी से पहुंचीं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**घने कोहरे** की मार का असर ट्रेनों की रफ्तार पर पड़ी है। ट्रेनों की रफ्तार पर इस कदर असर हुआ है कि दिल्ली क्षेत्र में 70 ट्रेनें विलंब से पहुंचीं, जिसमें औसतन 2 से 5 घंटे तक की देरी दर्ज की गई है। इसका असर यह हो रहा है कि दिल्ली से खुलने वाली शेड्यूल को मैनेज करना भी रेलवे प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई है। हालांकि रेलवे का दावा है कि केवल 14 से 15 ट्रेनों के ही शेड्यूल पर असर हुआ है, बाकी सभी ट्रेनों को टाइम पर चलाने में रेलवे सफल रहा है।

बुधवार को रेलवे की तरफ से जारी सूचना के अनुसार दिल्ली डिवीजन में इंट्री से पहले ही बड़ी संख्या में ट्रेन विलंब हो जा रही है और दिल्ली पहुंचने में और देर हो रही है। सूचना के अनुसार ट्रेन संख्या 14217 ऊंचाहार एक्सप्रेस सबसे ज्यादा 556 मिनट यानी 9 घंटा 16 मिनट देरी से पहुंची है। यही नहीं, फॉग का असर राजधानी और दुरंतो जैसी ट्रेनों पर भी देखा गया। तेजस राजधानी भी कोहरे की मार से नहीं बच पाया। रेलवे का कहना है कि कोहरे की वजह से विजिबिलिटी काफी कम थी, ऐसे में ट्रेनों का परिचालन करना बड़ी चुनौती बनी हुई है।

> **रेलवे का दावा है कि केवल 14 से 15 ट्रेनों के ही शेड्यूल पर असर हुआ है**

पुणे से खुलकर दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन आने वाली दुरंतो तो 238 मिनट लेट पहुंची है। इसी प्रकार मुंबई सेंट्रल से चल कर निजामुद्दीन आने वाली राजधानी 97 मिनट विलंब से आई। जबकि अगरतल्ला से आनंद विहार आने वाली तेजस 149 मिनट देरी से पहुंची। फॉग का असर लंबी दूरी के ट्रेनों पर ज्यादा देखा जा रहा है। वहीं दुरंतो एक्सप्रेस को पहुंचने में 238 मिनट की देरी हुई। इसी तरह से श्रमजीवी एक्सप्रेस भी कई मिनट देरी से पहुंची।



औसतन 2 से 5 घंटे की देरी से चल रही है ट्रेनें, सबसे ज्यादा ऊंचाहार एक्सप्रेस 9 घंटा 16 मिनट देरी से पहुंची

**दिल्ली की खबरों के लिए एक्स पर फॉलो करें**
**@NBTDilli**

## एयरपोर्ट पर भी दिखा असर, 150 उड़ानें रद्द

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


2025 के आखिरी दिन दिल्ली एयरपोर्ट आने-जाने वाली 150 उड़ानें रद्द हुईं। लगातार दूसरे हफ्ते दिल्ली में फ्लाइटें कैंसल और लेट होने के साथ डायवर्ट हो रही हैं, जिससे यात्री काफी परेशान हो रहे हैं। कई लोगों के तय काम भी कैंसल हुए हैं। बुधवार को इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट आने वाली 79 फ्लाइट रद्द हुईं तो दिल्ली से जाने वाली 71 फ्लाइट कैंसल हुईं। इनके अलावा दो एयरक्राफ्ट का रूट भी बदला गया और 150 से ज्यादा फ्लाइट लेट हुईं।

> **इनके अलावा दो फ्लाइट का रूट भी बदला गया**

दिल्ली समेत पूरी नॉर्थ दिल्ली में छाए घने कोहरे का असर दो हफ्तों से उड़ानों पर पड़ रहा है। इस हफ्ते 29 दिसंबर को 128, 30 दिसंबर को 118 तो 31 दिसंबर को 150 उड़ानें रद्द हुईं। ज्यादातर उड़ानें तड़के और सुबह कैंसल हुईं, जब विजिबिलिटी सिर्फ 50 मीटर थी। सुबह 8 बजे तक विजिबिलिटी बहुत कम रही, तो CAT 3 कंडिशन में उड़ानों का संचालन हुआ। इसके बाद धीरे-धीरे विजिबिलिटी में कुछ सुधार हुआ, हालांकि एयरक्राफ्ट्स की लैंडिंग और टेकऑफ पर असर जारी रहा और उड़ानें कैंसल होती रहीं या लेट होती रहीं। दोपहर बाद स्थिति सामान्य की ओर जाने लगी। दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि कोहरे की वजह से सुबह कम CAT 3 कंडिशन (जब रनवे विजुअल रेंज 300 मीटर से भी नीचे या लगभग शून्य की विजिबिलिटी की स्थिति पर) पर उड़ानें संचालित की गई।



बुधवार को एयर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट की कई फ्लाइट कैंसल हुई, जिनमें दिल्ली से लेह, जामनगर, धागडोगरा, श्रीनगर, चेन्नै समेत कई शहरों की उड़ानें थीं। कुछ एयरलाइंस ने भी यात्रियों को अलर्ट कर कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और लंबे इंतजार से बचने के लिए उड़ानें रद्द की गई हैं, यात्री एयरपोर्ट निकलने से पहले अपनी फ्लाइट जरूर जांच लें। एयरलाइंस का कहना है कि उड़ानों के समय बदलने या रद्द होने पर मैसेज भेजे जा रहे हैं। वहीं, एयरपोर्ट प्रशासन ने कहा कि ग्राउंड टीम यात्रियों को खाने-पीने समेत जरूरी सुविधा दे रही है।






# नए संकल्प के साथ बढ़ रही दिल्ली सरकार

दिल्ली एक ऐसे बदलाव का साक्षी बन रही है, जहां स्वास्थ्य सुविधा अब विशेषाधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का अधिकार है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य को विकास की धुरी बनाते हुए राजधानी के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती से पुनर्गठित किया है।




## स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली, आयुष्मान दिल्ली

आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ दिल्ली में स्वास्थ्य सुरक्षा का दायरा ऐतिहासिक रूप से बढ़ाया गया है। अब प्रत्येक परिवार को 10 लाख तक का स्वास्थ्य कवर मिल रहा है, जिसमें दिल्ली सरकार की ओर से ₹5 लाख का अतिरिक्त टॉप-अप शामिल है। अब तक 6.8 लाख आयुष्मान कार्डधारकों को इसका लाभ मिला है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई आयुष्मान वय वंदना योजना ने गरिमापूर्ण और नि:शुल्क इलाज की नई गारंटी दी है, जिससे 2.62 लाख से अधिक बुजुर्ग लाभान्वित हुए हैं।



मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के स्पष्ट निर्देशों पर प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त किया गया। राजधानी में 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं और अगले दो महीनों में 200 नए केंद्र शुरू किए जाएंगे, जहां मुफ्त दवाइयां और 90 से अधिक जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

दिल्ली सरकार ने प्रदूषण से जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों को भी गंभीरता से लेते हुए अस्पतालों में विशेष इंतजाम, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता और विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की है। ₹503 करोड़ से अधिक की लागत से नए अस्पताल ब्लॉक, OPD और डायग्नोस्टिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

नया साल दिल्ली के लिए एक स्पष्ट संदेश लेकर आया है, जिसमें स्वस्थ नागरिक, सशक्त राजधानी की भावना निहित है।

### दिल्ली की स्वास्थ्य क्रांति

- 10 लाख तक आयुष्मान स्वास्थ्य कवर
- 6.8 लाख आयुष्मान लाभार्थी
- 2.62 लाख वरिष्ठ नागरिक वय वंदना योजना से जुड़े
- 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिर सक्रिय
- ₹503.49 करोड़ से अस्पताल व OPD विस्तार
- सरकारी अस्पतालों में 12 MRI और 24 CT स्कैन मशीनें स्वीकृत



**₹503 करोड़ से अधिक की लागत से नए अस्पताल ब्लॉक, OPD और डायग्नोस्टिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं**

**राजधानी में 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं और अगले दो महीनों में 200 नए केंद्र शुरू किए जाएंगे**



## दिल्ली के विकास, विश्वास और बदलाव की कहानी

नया साल सिर्फ तारीख का बदलना नहीं होता, यह नए संकल्पों और बेहतर भविष्य की शुरुआत होती है। वर्ष 2025 में दिल्ली सरकार ने इन्हीं संकल्पों को कर्म में बदला है, ताकि हर दिल्लीवासी का जीवन अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक बन सके।

दिल्ली में विकास को अब सिर्फ वादों से नहीं, ठोस कामों से पहचाना जा रहा है। ऐतिहासिक ₹1 लाख करोड़ के बजट के साथ राजधानी ने विकास की नई गति पकड़ी है। टूटी सड़कों की जगह बेहतर कनेक्टिविटी, गंदे पानी की जगह स्वच्छ जल, और अव्यवस्था की जगह सुनियोजित शासन—यही बदली हुई दिल्ली की पहचान है।

स्वास्थ्य और शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए नई सुविधाओं का विस्तार किया गया, वहीं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं ने जरूरतमंद परिवारों को मजबूती दी। यमुना की सफाई, जल-प्रबंधन, ड्रेनेज और बाढ़ नियंत्रण जैसे लंबे समय से लंबित मुद्दों पर निर्णायक कदम उठाए गए।

सार्वजनिक परिवहन में नई ऊर्जा आई—बेहतर बस सेवाएं और निर्बाध कनेक्टिविटी ने रोजमर्रा की जिंदगी आसान बनाई। साथ ही हरित विकास, स्वच्छ हवा और प्रदूषण नियंत्रण को भविष्य की नीति का केंद्र बनाया गया।

### दिल्ली के विकास की झलक

- ₹1 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट
- बुनियादी ढांचे पर रिकॉर्ड निवेश
- स्वास्थ्य व शिक्षा सेवाओं का विस्तार
- यमुना सफ़ाई और जल-प्रबंधन पर फोकस
- सार्वजनिक परिवहन में नई गति
- हरित विकास और स्वच्छ हवा की प्रतिबद्धता
- स्मार्ट, पारदर्शी और जवाबदेह शासन

नए साल की दहलीज पर खड़ी दिल्ली आज कह सकती है कि यह सिर्फ बदलाव नहीं, बेहतर जीवन की शुरुआत है।

## ₹5 में सिर्फ भोजन नहीं, सम्मान भी अटल कैंटीन से



भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती पर शुरू हुई अटल कैंटीन राजधानी में जनकल्याण की एक नई मिसाल बन रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी नागरिक भूखा न रहे। अटल कैंटीन के माध्यम से जरूरतमंदों को मात्र ₹5 में पौष्टिक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। लाजपत नगर में पहली अटल कैंटीन का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने स्वयं माननीय मंत्रियों के साथ भोजन कर गुणवत्ता और स्वच्छता का संदेश दिया। राजधानी में 100 अटल कैंटीन शुरू की जा रही हैं, जिनमें से 45+ का शुभारंभ हो चुका है और शेष शीघ्र प्रारंभ होंगी। डिजिटल टोकन, सीसीटीवी निगरानी, एफएसएसएआई जांच और मानकीकृत मेन्यू के साथ यह योजना पारदर्शिता और गुणवत्ता की गारंटी देती है।





## आस्था से आलोकित दिल्ली

दिल्ली अब सिर्फ प्रशासनिक राजधानी नहीं, बल्कि भारत की जीवंत सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बनती जा रही है। बीते वर्ष राजधानी में जिस भव्यता, गरिमा और सहभागिता के साथ तीज-त्योहार मनाए गए, उन्होंने दिल्ली की पहचान को एक नई दिशा दी है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि लोक आस्था, परंपरा और संस्कृति को केवल आयोजन तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक अनुभव बनाया जाए। छठ पूजा के पावन अवसर पर यमुना तट से लेकर विभिन्न घाटों तक सुव्यवस्थित, स्वच्छ और रोशनी से सजे मॉडल छठ घाटों का निर्माण इसका सशक्त उदाहरण रहा।

इसी क्रम में तीज, कांवड़ यात्रा, रामलीला मंचन, कर्तव्य पथ पर पहली बार दीपावली उत्सव, और श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व का भव्य आयोजन—इन सभी ने यह संदेश दिया कि दिल्ली अपनी सांस्कृतिक विरासत को आधुनिकता के साथ सहेज रही है। लोकगीत, नृत्य, भक्ति, स्वच्छता और तकनीक—इन सबका संगम दिल्ली में तीज-त्योहारों को केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का उत्सव बना रहा है। मुख्यमंत्री ने स्वयं श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर सहभागिता और सम्मान का भाव साझा किया।



**सांस्कृतिक राजधानी की पहचान**
- छठ, दीपावली, तीज, कांवड़ और रामलीला का भव्य आयोजन
- यमुना किनारे मॉडल छठ घाट
- कर्तव्य पथ पर ऐतिहासिक दीपोत्सव
- लोक संस्कृति, भक्ति और आधुनिक तकनीक का संगम

## काम को सम्मान, कारोबार को गति श्रमिक व उद्योग दोनों हो रहे है सशक्त



### बदलाव की बुनियाद

- महिलाओं को नाइट शिफ्ट की अनुमति
- दुकानें और प्रतिष्ठान 24x7 संचालन की अनुमति
- लाइसेंसिंग सरलीकरण और सिंगल विंडो सिस्टम
- ग्रीन कैटेगरी उद्योगों को 20 दिन में मंजूरी
- ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का गठन
- ₹ 1,000 करोड़+ औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश
- ₹ 915 करोड़ का GST रिफंड जारी

**जब नीतियां जमीन से जुड़ती हैं, तब शहर की रफ्तार बदलती है। बीते एक वर्ष में दिल्ली सरकार ने इसी सोच के साथ ऐसे फैसले लिए हैं, जिनसे कामगारों को सुरक्षा, कारोबार को सहूलियत और राजधानी की जीवनशैली को नई मजबूती मिली है।**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने श्रमिक कल्याण को केंद्र में रखते हुए श्रम सुधारों को नई दिशा दी। महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति देते हुए सुरक्षा, परिवहन और कार्यस्थल सुविधाओं को अनिवार्य किया गया ताकि रोजगार के नए अवसर सम्मान और सुरक्षा के साथ मिल सकें।

छोटे व्यापारियों और दुकानदारों के लिए प्रक्रियाओं को सरल किया गया। दुकानों और प्रतिष्ठानों को 24x7 संचालन की अनुमति देकर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को गति दी गई। पंजीकरण और नवीनीकरण की जटिलताओं को खत्म कर 'ईज ऑफ लिविंग' को 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के साथ जोड़ा गया।

उद्योगों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम, लाइसेंसिंग में सरलीकरण और समयबद्ध स्वीकृतियों ने भरोसे का माहौल बनाया। ग्रीन कैटेगरी उद्योगों की मंजूरी अवधि 120 दिन से घटाकर 20 दिन कर दी गई। ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के गठन से सरकार और व्यापारियों के बीच सीधा संवाद स्थापित किया गया।

श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा, व्यापारियों को राहत और उद्योगों में निवेश, ये सभी कदम एक विकसित, संतुलित और आत्मनिर्भर दिल्ली की नींव रख रहे हैं।

## इलेक्ट्रिक बसों से बदलती दिल्ली



मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण को अस्थायी उपायों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इलेक्ट्रिक बसों को शहर की परिवहन नीति का केंद्र बनाया। आज दिल्ली की सड़कों पर लगभग 4000 इलेक्ट्रिक बसें दौड़ रही हैं और दिल्लीवासियों को स्वच्छ हवा और आरामदायक सफर दे रही हैं।

इन बसों ने न केवल यात्रा को सुविधाजनक बनाया है, बल्कि लोगों को निजी वाहनों से सार्वजनिक परिवहन की ओर भी प्रेरित किया है। इसी दिशा में 1,000 से अधिक देवी बसों ने मोहल्लों, कॉलोनियों और मेट्रो स्टेशनों को जोड़ते हुए लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को सशक्त किया है।

दिल्ली सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है—2027 तक 10,000 इलेक्ट्रिक बसें राजधानी की सड़कों पर उतारना। इसके साथ ही बस डिपो को आधुनिक ट्रांजिट हब में बदला जा रहा है और इंटर-सिटी इलेक्ट्रिक बस सेवाओं की शुरुआत की गई है, ताकि दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में भी प्रदूषण कम हो।



## 50 वर्षों बाद दिल्ली को मिला नया ड्रेनेज मास्टर प्लान

लंबे समय तक जलभराव दिल्ली की पहचान बनती रही, लेकिन अब यह कहानी बदल रही है। 50 वर्षों बाद तैयार हुआ नया ड्रेनेज मास्टर प्लान, राजधानी को अगले 30 वर्षों तक बाढ़ और जलभराव से सुरक्षित रखने की एक निर्णायक पहल है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने उस बुनियादी चुनौती पर काम किया है, जो वर्षों से आम जनजीवन को प्रभावित करती रही। ₹57,000 करोड़ के अनुमानित निवेश के साथ यह योजना केवल तात्कालिक सुधार नहीं, बल्कि दिल्ली के ड्रेनेज तंत्र को दीर्घकालिक और भविष्य-सक्षम बनाने का रोडमैप है। पहली बार दिल्ली के पूरे 18,958 किलोमीटर ड्रेनेज नेटवर्क को वैज्ञानिक अध्ययन, व्यापक सर्वे और डेटा-आधारित विश्लेषण के माध्यम से पुनर्गठित किया गया है। नजफगढ़, बारापुल्ला और ट्रांस-यमुना—तीनों प्रमुख बेसिन के लिए अलग-अलग मास्टर प्लान तैयार किए गए हैं, ताकि बारिश के पानी का निर्बाध और सुरक्षित निकास सुनिश्चित हो सके।

इस वर्ष मिंटो ब्रिज और आईटीओ जैसे वर्षों से जलभराव से जूझ रहे क्षेत्रों में राहत मिलना इस बदलाव का ठोस प्रमाण है। गाद निकासी, संरचनात्मक सुधार और बेहतर समन्वय ने दिखा दिया है कि यह योजना अब केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत बन चुकी है।

जलभराव के डर से मुक्त, विकास के भरोसे के साथ दिल्ली आगे बढ़ रही है।

### जलभराव से स्थायी राहत

- 50 वर्षों बाद नया ड्रेनेज मास्टर प्लान
- ₹57,000 करोड़ का अनुमानित निवेश
- 30 वर्षों तक बाढ़-मुक्त दिल्ली का लक्ष्य
- 18,958 किमी ड्रेनेज नेटवर्क का समग्र पुनर्गठन

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 12-31-2025 22:13 Color:









# पति को बचाने पत्नी घर में घुसी, दोनों की हुई मौत

Photos: Surender Kumar





प्रेम सागर मल्होत्रा (80), पत्नी आशा मल्होत्रा (75) की दम घुटने से हुई मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**जगतपुरी स्थित** हजारा पार्क-शिवपुरी में बुधवार दोपहर एक घर में आग लगने के दौरान दम घुटने से बुजुर्ग दंपती की मौत हो गई। प्रेम सागर मल्होत्रा (80) और इनकी पत्नी आशा मल्होत्रा (75) को अचेत हालत में जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत करार दिया। शुरुआती जांच के बाद मंदिर में जल रही ज्योत से आग लगने की आशंका जताई गई है। आग लगते वक्त प्रेम सागर घर में अकेले थे। किसी काम से बाहर गई पत्नी आशा लौटी तो वह पति को आग से बचाने भीतर घुस गईं। इससे वह भी अंदर फंस गईं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (शाहदरा) प्रशांत गौतम के मुताबिक, प्रेम सागर मल्होत्रा और उनकी पत्नी आशा मल्होत्रा शिवपुरी के हजारा पार्क स्थित गली नंबर-5 में रहते थे। दोनों के बच्चे नहीं थे। प्रेम एसबीआई में मैनेजर रहे थे। वह ज्यादा उम्र होने की वजह से बीमार रहते थे। इसलिए घर से काफी कम बाहर निकलते थे। पत्नी आशा ही घर और बाहर का सारा काम करती थीं। परिजनों ने बताया कि बुधवार सुबह आशा ने फ्रिज के ऊपर रखे मंदिर में पूजा की और ज्योत जलाकर किसी काम से बाहर निकल गईं। वह करीब 12:45 बजे लौटीं तो घर से धुआं निकल रहा था।

**LPG सिलिंडर फटने की भी आशंका:** पुलिस अफसरों के मुताबिक, आग 50 गज के मकान की पहली मंजिल पर लगी थी। पुलिस ने क्राइम और फरेंसिक साइंस लैब (FSL) की टीमें मौके पर बुलवा कर साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। आग लगने की एक वजह एलपीजी गैस सिलिंडर फटना हो सकती है। बुजुर्ग दंपती की मौत आग के बाद फैले धुएं में दम घुटने की वजह से हुई है।

शाहीन बाग इलाके में लगी आग, 7 गाड़ियां जलकर हुईं खाक

# मकान की पार्किंग में लगी भीषण आग, बुजुर्ग की दम घुटने से मौत

■ NBT न्यूज, शाहीन बाग



ऊपरी मंजिल पर फंसे 4 लोगों का फायर की टीम ने रेस्क्यू किया

**साउथ ईस्ट** दिल्ली के मथुरा रोड स्थित शाहीन बाग इलाके में बुधवार सुबह एक मकान में आग लग गई। देखते ही देखते ग्राउंड फ्लोर पर बनी पूरी पार्किंग आग की चपेट में आ गई। जब लोगों को पता चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी, वहां से फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। मौके पर 7 आग बुझाने वाली गाड़ियां पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

ऊपरी मंजिल पर फंसे 4 लोगों को फायर ब्रिगेड की टीम ने रेस्क्यू करके निकाला। लेकिन दम घुटने से एक 72 साल की बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पता चला कि उन्हें दमे की बीमारी थी। जो 7 गाड़ियां जली हैं, उनमें 2 कार, 3 बाइक और 2 स्कूटी शामिल हैं। सरिता विहार फायर स्टेशन से सब ऑफिसर राकेश टीम के साथ आग बुझाने पहुंचे थे। टीम ने सूझबूझ से न केवल आग पर काबू पाया, बल्कि समय पर रेस्क्यू करके लोगों की जान भी बचाई।

जिन बुजुर्ग महिला की मौत हुई है, वह बिल्डिंग के सेकंड फ्लोर पर सो रही थीं। उनकी पहचान फजला के रूप में हुई है। जिस मकान में हादसा हुआ, वह मथुरा रोड के शाहीन बाग ई ब्लॉक स्थित ठोकर नंबर 6 में है। 100 गज के मकान में ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग बनी हुई है। फायर कंट्रोल रूम को सुबह 4:40 बजे इस मामले की सूचना दी गई थी। आगे की छानबीन शाहीन बाग पुलिस कर रही है।

## पड़ोसी की सूझबूझ से बची बाकियों की जान

■ इस बिल्डिंग के ठीक सामने रहने वाले पड़ोसी शाहरूख की सूझबूझ से और लोगों की जान बच गई। मौके पर उन्होंने बताया कि जब आग लगी तब अंधेरा था। नींद खुली तो देखा कि सामने वाली पार्किंग जल रही थी। पहले जोर जोर से चिल्लाकर जगाने की कोशिश की, लेकिन कोई उठा नहीं, सब गहरी नींद में सो रहे थे। फिर शाहरूख ने उस बिल्डिंग में रहने वाले अदनान को कॉल कर बताया कि नीचे पूरी पार्किंग जल रही है। सभी को लेकर छत पर चले जाओ। उसके बाद फायर कंट्रोल रूम को कॉल करके हादसे की सूचना दी।

# AI इम्पैक्ट समिट की तैयारी जी 20 से भी बेहतर करने का टारगेट

Sudama.Yadav@timesofindia.com

**■ नई दिल्ली:** फरवरी 2026 में दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर चीफ सेक्रेटरी ने पीडब्ल्यूडी, एनडीएमसी, एमसीडी और दिल्ली सरकार के तमाम विभागों के साथ मीटिंग की। सोमवार को यह मीटिंग बुलाई गई थी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि समिट की तैयारियां जी-20 समिट से भी बेहतर होनी चाहिए। सभी तैयारियां 31 जनवरी तक पूरी करने को कहा गया है। तैयारियों की डेली मॉनिटरिंग के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा आईटीओ स्थित एमएसओ बिल्डिंग में कंट्रोल रूम सेटअप किया जाएगा। कंट्रोल रूम का नोडल अफसर पीडब्ल्यूडी के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर पंकज रावल को बनाया गया है।

**खास तैयारी**

- एयरपोर्ट से भारत मंडपम तक दुरुस्त होंगी सड़कें
- समिट का आयोजन 15 से 20 फरवरी तक किया जाएगा

समिट का आयोजन 15 से 20 फरवरी तक किया जाएगा। 19 फरवरी को प्रीमेन इवेंट एक्टिविटी का आयोजन भारत मंडपम में होगा। अधिकतर गतिविधियां आईजीआई एयरपोर्ट, भारत मंडपम, हैदराबाद हाउस, विज्ञान भवन, अंबेडकर भवन, सुषमा स्वराज भवन, सभी फाइव स्टार होटल, राजघाट, कुतुब मीनार, लाल किला, हुमायूं टॉम्ब, सेंट्रल पार्क, दिल्ली हाट और महरौली आर्किलॉजिकल पार्क के आसपास होंगी। चीफ सेक्रेटरी ने PWD इंजीनियरों को निर्देश दिया है कि इन सभी जगहों को जोड़ने वाली सड़कों पर लगी स्ट्रीट लाइट सारी जल रही हों। इन सड़कों पर यदि कहीं गड्ढे हैं या कोई स्ट्रेच जर्जर हालत में है तो उसे बेहतरीन तकनीक से रिपेयर किया जाए, ताकि यह न लगे कि सड़क की मरम्मत की गई है। समिट से जुड़े जितने भी पब्लिक इवेंट होंगे, वे एनडीएमसी एरिया स्थित सेंट्रल पार्क में आयोजित किए जाएंगे।

चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि समिट की प्रमुख गतिविधियां एनडीएमसी एरिया में होंगी और ज्यादातर फाइव स्टार होटल भी इसी इलाके में हैं। अलग अलग 140 देशों से आने वाले डिग्निटरीज इन होटलों में ठहरेंगे, लेकिन एनडीएमसी एरिया की सड़कों की हालत फिलहाल उतनी बेहतर नहीं है। उन्होंने साफ कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट की तैयारियां जी-20 सम्मेलन से भी बेहतर होनी चाहिए।














**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in